राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -

बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689

उत्तर प्रदेश - +91 9625958256

अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

दैनिक

शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 169 • नई दिल्ली, मंगलवार 26 सितम्बर 2023 • पृष्ठ: 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737

3 मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन...

इसरो ने शुरु की रोवर प्रज्ञान और लैंडर विक्रम को जगाने की कोशिश

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को फिर से जगाने की कोशिश शुरु कर दी है। यह प्रक्रिया 6 अक्टूबर को चंद्रमा पर होने वाले अगले सूर्यास्त तक जारी रहेगी। इसरो के वैज्ञानिकों ने कहा कि चंद्रमा की सतह पर सूरज के उदय होने के एक दिन बाद चंद्रयान-3 मिशन के बोनस चरण को शुरू करने की महत्वाकांक्षी कोशिशों को तेज कर दिया गया। बहरहाल इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि इस बारे में कोई निश्चित वक्त नहीं बताया जा सकता है कि इन उपकरणों के साथ संपर्क कब बहाल होगा। सोमनाथ ने कहा कि 'हम नहीं जानते कि यह कब जागेगा। यह कल हो सकता है, या यह चंद्र दिवस के आखिरी दिन भी हो सकता है। लेकिन हम कोशिश कर रहे हैं। अगर लैंडर और रोवर जाग गए तो यह एक बड़ी उपलब्धि होगी।' एक रिपोर्ट के मुताबिक ऐसी आशंका है कि लैंडर और रोवर एक चंद्र रात पूरे अंधेरे और माइनस 200 से माइनस 250 डिग्री सेल्सियस तक कम तापमान में बिताने के बाद निष्क्रिय ही रहेंगे। इतना कम तापमान इन उपकरणों के लिए बिजली का भंडारण करने वाली बैटरियों के लिए विनाशकारी है। गौरतलब है कि चंद्रमा पर एक दिन और रात पृथ्वी के 14 दिन और रात के बराबर होता है। बहरहाल वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि जैसे-जैसे चंद्रमा पर दिन आगे बढ़ेगा और चंद्रमा की सतह पर तापमान बढ़ेगा, लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के जागने की संभावना भी बढ़ेगी। इससे पहले इसरो चीफ सोमनाथ ने कहा था कि जहां रोवर का परीक्षण कम तापमान में जीवित रहने के लिए किया गया है, वहीं लैंडर विक्रम के लिए ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि 'रोवर का पूरी तरह से परीक्षण किया गया है। लेकिन प्रज्ञान और विक्रम का बहुत सारा डिजाइन एक जैसा है। इसका मतलब यह है कि जो परीक्षण प्रज्ञान के लिए काम आए, वे विक्रम के लिए भी काम करने चाहिए।निर्धारित समय के मुताबिक इसरो ने चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर को जगाने की कोशिश फिर शुरू कर दी थी। उस वक्त सूर्य की रोशनी उन उपकरणों को फिर से ताकत देने के लिए काफी मानी गई, जिन्हें लगभग 14 दिन पहले चंद्रमा पर रात की तैयारी में निष्क्रिय कर दिया गया था। इनको निष्क्रिय करने से पहले बैटरियों को पूरी तरह से चार्ज कर दिया गया था। साथ ही सौर पैनलों को इस तरह से सेट किया गया था कि सूरज उगते ही उन्हें रोशनी मिले। उनके रिसीवर भी चालू रखे गए थे, ताकि अगर उपकरण कम तापमान का सामना करने में सफल हों तो उन्हें फिर जगाया जा सके।

इसरो चीफ ने दी जानकारी, बड़ी उपलब्धि के लिए 14 दिनों तक चलेगा इंतजार

संक्षिप्त समाचार

एक बार फिर उत्तरकाशी में 3.0 तीव्रता का आया भूंकप

देहरादून। भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले की धरती एक बार फिर कांप गई। सोमवार सुबह लगभग 8:35 बजे यहां भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.0 नापी गई है। भूकंप के चलते जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। झटके लगने पर किसी बड़ी आशंका से डरे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र हिमाचल प्रदेश से लगे मोरी ब्लॉक के कोठीगाड रेंज में जमीन से पांच किमी नीचे था। सिर्फ इसी साल उत्तरकाशी में कई मौकों पर कम तीव्रता का भूकंप आ चुका है। जिले में कई स्थानों पर दरार की वजह से दहशत है, ऐसे में भूकंप का आना लोगों के लिए और डर की वजह बन रहा है। इससे पहले सात अप्रैल 2023 में यहां भूकंप आया था जिसकी तीव्रता भी 3.0 थी। भूकंप का केंद्र जिला मुख्यालय के नजदीक माण्डो गांव के जंगलों में बताया गया था। उत्तराखंड में उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, चमोली और बागेश्वर जिले भूकंप के लिहाज से संवेदनशील हैं। उत्तराखंड जोन पांच में आता है।

डेंगू के अलावा रहस्यमयी बुखार से जूझ रहा है काशी, जागरुकता जरूरी है

वाराणसी। फैल रहे डेंगू के कारण लोगों को जागरूक करने के उद्देश्यसे से सामाजिक संस्था सुबह-ए-बनारस क्लब के बैनर तले भैरवनाथ स्थित श्री वल्लभ विद्यापीठ बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज के परिसर में छात्राओं के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, लक्ष्मी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ अशोक कुमार राय, कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉक्टर मुक्ता पांडे एवं उपाध्यक्ष अनिल केसरी के नेतृत्व में एक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। उपरोक्त अवसर पर बोलते हुए सभी वक्ताओं ने कहा कि हर वर्ष देश के कई हिस्सों में जुलाई से अक्टूबर के बीच डेंगू तेजी से फैलता है। इस साल भी डेंगू,वायरल फीवर और विगत एक माह से फैले एक रहस्यमयी बुखार के संकट से जूझ रहा है काशी। यह बुखार इतना वायरल है,कि शायद ही उत्तर प्रदेश का कोई ऐसा घर हो जिसमें एक रोगी पीड़ित ना निकले लोग जूझ रहे हैं, कुछ ठीक भी हो रहे हैं, कुछ रोग की अज्ञानता में कोलैप्स भी कर जा रहे हैं। गौरतलब है कि डेंगू के फीवर ने बहुत तेजी से अपना पांव पसारना शुरू कर दिया है।मरीजों की तादाद दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। डेंगू में लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। डॉक्टर के कथनानुसार मादा एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर गंदगी में नही बल्कि साफ जगह पर पनपते हैं। जो लोग साफ-सुथरी जगह पर रहते हैं उन्हें डेंगू का खतरा ज्यादा होता है। डेंगू के मच्छर का खतरा ज्यादातर दिन में रहता है। जिस भी व्यक्ति के खून में डेंगू वायरस होता है उसे काटने से मच्छर संक्रमित हो जाता है फिर यह मच्छर जिन लोगों को काटता है। उन्हें डेंगू होने का खतरा रहता है। सुरक्षा के दृष्टि से पुरी बांह और पैर ढकने वाले कपड़े पहने, मच्छरदानी का प्रयोग करें, अपने आसपास घरों में कहीं भी पानी एकत्रित न होने दे, खाली डिब्बा या पुराने गमले को हटा दे , इसमें पानी जमा हो सकता है। खास करके मानसून के मौसम में कूलर, खुले नालो, छोटे तालाबों एवं पानी इकट्ठा होने के अन्य स्थानों पर मिट्टी के तेल की कुछ बूंदे डाल दे, इस मौसमी गंभीर बीमारी को गंभीरता पूर्वक लेना जरूरी है। क्योंकि इस गंभीर जानलेवा बीमारी के जद में जो भी मरीज आ रहे हैं उनमे जान माल का खतरा प्लेटलेट्स कम होने की वजह से ज्यादा बनता हैं। लक्षण दिखने परअपने स्वास्थ्य केंन्द्रो पर संपर्क करें। कार्यक्रम में कॉलेज के मैनेजर संजय नागर जी, श्याम दास गुजराती, ललित गुजराती, बी.डी गुजराती सहित सैकड़ो छात्राएं शामिल थी।

एयरबेस पर दिखी ड्रोन की ताकत सी-295 वायुसेना में हुआ शामिल

एचएस-748 एवरो की जगह किया तैनात, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय एयरबेस पर अब सी-295 ड्रोन की ताकत दिखेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सी-295 मीडियम लिफ्ट स्ट्रैटेजिक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को भारतीय वायु सेना में शामिल किया। गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर भारतीय संस्कृति के तहत पहले उन्होंने विधिवत पूजा की इसके बाद पुरोहितों द्वारा मंत्र उच्चारण के बीच यह विमान भारतीय वायु सेवा में शामिल किया गया। बता दें कि सी-295 एयरक्राफ्ट भारतीय वायु सेना के सबसे आधुनिकतम ट्रांसपोर्ट विमानों में से एक है। सी-295 मीडियम लिफ्ट स्ट्रैटेजिक एयरक्राफ्ट को वायु सेना के सुपुर्द करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह मीडियम लिफ्ट सामरिक विमान बिना तैयार लैंडिंग ग्राउंड (अनप्रिपेयर लैंडिंग ग्राउंड) से उड़ान भरने और उतरने में सक्षम है। रक्षा मंत्री ने बताया कि सी-295 मीडियम लिफ्ट स्ट्रैटेजिक एयरक्राफ्ट अब वायु

सेना के एचएस-748 एवरो विमान की जगह लेगा। उन्होंने कहा कि सी-295 के शामिल होने से भारतीय वायुसेना की मध्यम लिफ्ट सामरिक क्षमता में वृद्धि होगी। भारत ने यह विमान यूरोपियन कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस से भारतीय वायु सेना के लिए खरीदा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विमान की डिलीवरी भारतीय वायु सेना को स्पेन में दी गई थी। सोमवार को इसे हिंडन एयरबेस पर वायु सेना में शामिल कर लिया गया। इससे पहले हिंडन वायुसेना एयरबेस पर एक खास ड्रोन शो हुआ। गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर यह भारत ड्रोन शक्ति कार्यक्रम 26 सितंबर तक चलेगा। ड्रोन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत, ड्रोन के 50 से अधिक लाइव हवाई प्रदर्शन किए गए। इसके उपरांत हिंडन एयरबेस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारतीय वायु सेना को पहला सी-295 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट सौंपा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक भारत ड्रोन शक्ति के दौरान बेहतरीन ड्रोन की उड़ानों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही साथ कई नए एवं आधुनिक उत्पाद लॉन्च हो रहे हैं। देशभर के 75 से ज्यादा ड्रोन स्टार्टअप और कॉरपोरेट्स इस भारत ड्रोन शक्ति कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी मौजूद रहे। भारतीय वायु सेना का पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बुधवार को ही भारत पहुंचा है। यह विमान गुजरात में वडोदरा के वायु सेना स्टेशन पर उतरा था। वायु सेना के मुताबिक यह एयरक्राफ्ट शॉर्ट टेक-ऑफ और लैंडिंग कर सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक यह विमान महज 320 मीटर की दूरी में ही टेक-ऑफ कर सकता है। लैंडिंग के लिए इसे मात्र 670 मीटर की लंबाई चाहिए। ऐसी स्थिति में यह विमान भारत चीन सीमा के नजदीक लद्दाख, कश्मीर, असम और सिक्किम जैसे पहाड़ी इलाकों में वायु सेना के ऑपरेशन में शामिल हो सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू की प्राथमिकी रद्द संबंधी याचिका को सूचीबद्ध करने से किया इनकार

एजेंसी। नई दिल्ली

कौशल विकास निगम घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया। याचिका में कथित कौशल विकास निगम घोटाले में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की मांग की गई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा से कहा कि कल उल्लेख सूची में आइये। हम देखेंगे कि क्या करना है। अधिवक्ता ने याचिका उल्लेख सूची में नहीं होने के बावजूद मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की थी। लूथरा ने शीर्ष अदालत को अवगत कराया कि नायडू 8 सितंबर से हिरासत में हैं और आंध्र प्रदेश में विपक्ष पर अंकुश लगाया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने आउट-ऑफ-टर्न उल्लेख को अस्वीकार करते हुए लूथरा को तत्काल सूचीबद्ध करने के निर्देश के लिए 26 सितंबर को मामले का फिर से उल्लेख करने को कहा। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्रीनिवास रेड्डी की एकल

पीठ द्वारा 22 सितंबर को उनकी याचिका खारिज किये जाने के बाद नायडू ने उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर की है। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता को 21 महीने पहले दर्ज की गई प्राथमिकी में अचानक नामित कर गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तार कर राजनीतिक से प्रेरित होकर स्वतंत्रता से वंचित कर दिया गया, जबकि उनके खिलाफ कोई तथ्य नहीं है। इसमें कहा गया है कि नायडू के खिलाफ जांच शुरू करना और प्राथमिकी दर्ज करना दोनों गैर-स्थायी (कानून में अस्तित्वहीन) हैं क्योंकि दोनों ही भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम, 1988 की धारा 17-ए के तहत अनिवार्य अनुमोदन के बिना शुरू किये गये हैं और जांच जारी है। नायडू को इस मामले में सीआईडी ने 9 सितंबर को नंद्याल में गिरफ्तार किया था।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पीएम मोदी, शाह और नड्डा ने किया नमन

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "मां भारती की सेवा में जीवनपर्यंत समर्पित रहे अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उनकी जन्म-जयंती पर उन्हें मेरा सादर नमन।" अमित शाह ने उनके एकात्म मानववाद दर्शन के सिद्धांत को याद कर उन्हें नमन करते हुए एक्स पर लिखा, "पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा व समर्पण का विराट प्रतीक है। जब भी मानवता के कल्याण की बात होगी, पंडित जी के एकात्म मानववाद दर्शन का सिद्धांत सम्पूर्ण मानवजाति को सदैव ध्रुव तारे की तरह मार्गदर्शित करेगा।

उनका मानना था कि भोजन से लेकर विचारों तक की आत्मनिर्भरता ही राष्ट्र को विश्व में उसका स्थान दिला सकती है। आज यही संकल्प आत्मनिर्भर भारत की मूल अवधारणा है। हम सबके प्रेरणास्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें नमन।" भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी .नड्डा ने भी उन्हें प्रेरणास्रोत बताते हुए एक्स पर पोस्ट किया, "एकात्म मानववाद के प्रणेता, भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा-पुंज श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करता हूँ। आपका तपस्वी जीवन व अंत्योदय का संकल्प सदैव भारतीय समाज के समावेशी उत्कर्ष हेतु हमारी प्रेरणा बना रहेगा।

भोपाल में कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल होने जा रही बस ट्रक से टकराई, 39 घायल

खरगोन । मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के कसरावद थाना क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं को कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल कराने भोपाल ले जा रही एक बस रास्ते में खड़े ट्रक से टकरा गयी, जिसके चलते 39 लोग घायल हो गए। कसरावद और मंडलेश्वर के एसडीओपी मनोहर गवली ने बताया कि कसरावद थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा के समीप निजी यात्री बस वहां खड़े एक ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना के चलते घायल हुए लोगों को सीधे खरगोन स्थित जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल खरगोन के सिविल सर्जन डॉक्टर अमर सिंह चौहान ने बताया कि घटना में 39 लोग घायल हुए है। उन सभी को अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्होंने कहा कि गंभीर रूप से घायल हुए यात्री पंढरी को इंदौर रेफर किया गया है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर घायलों को मामूली चोटें हैं और उन्हें आज डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

6 महीने तक पैकेज्ड फूड सर्व नहीं किया जाएगा

एजेंसी। नई दिल्ली

रेलवे की ओर से एक सर्कुलर में बताया गया है कि अगले 6 महीनों के लिए वंदे भारत ट्रेन में पैकेज्ड फूड सर्व नहीं किया जाएगा। रेलवे ने ये फैसला हेल्थ हाइजीन और कंज्यूमर रिस्पॉन्स के बाद लिया है। इस सुविधा को एयरलाइंस की तर्ज पर ट्रायल बेसिस पर शुरू किया गया है। रेल मंत्रालय की ओर से यात्रियों के सुझाव और शिकायतों के आधार पर ये कदम उठाया गया है। रेलवे ने अपने सर्कुलर में बताया कि ऐसा देखा गया है कि बेकरी प्रोडक्ट, वेफर्स, कन्फेक्शनरी आइटम, कोल्ड ड्रिंक्स जैसी चीजों की बिक्री पर पैसेंजर्स की काफी शिकायतें बढ़ रही हैं। रेलवे के मुताबिक ट्रेन के अंदर फेरीवालों के आने की वजह से होने वाली समस्या,

रस्ते में खाद्य पदार्थों का ज्यादा भंडारण और दरवाजों का बार-बार खुलने से यात्रियों को असुविधा होती है। इन बातों के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है कि वंदे भारत ट्रेनों में 6 महीने के लिए पायलट आधार पर पेड वस्तुओं की बिक्री की अनुमति बंद कर दी जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक रेल मंत्रालय ने आईआरसीटीसी को यह भी निर्देश दिया है कि वह राउंड ट्रिप के लिए रेल नीर बोतलबंद पानी की दोहरी आपूर्ति का स्टॉक न किया जाए। इससे ज्यादा जगह लगती है। बोतलों को अब एक ही यात्रा के लिए स्टॉक किया जाएगा और फिर से भरा जाएगा। रेलवे के मुताबिक अब खानपान सेवाओं के संबंध में पैसेंजर्स को प्री बुकिंग करनी होगी। वंदे भारत में ट्रैवल के 24 से 48 घंटे पहले पैसेंजर्स को पुनः पुष्टि के लिए एसएमएस भी भेजा जाएगा। जो लोग प्रीपेड भोजन का विकल्प नहीं चुनते हैं, उनसे ट्रेन में ऑर्डर करने और भोजन उपलब्ध होने पर 50 रुपए अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। ये एसएमएस पैसेंजर्स को भोजन और परोसे जाने वाले भोजन की मात्रा के बारे में भी सूचित करेगा।

फर्जीवाडा मास्टरमाइंड समेत सात अभियुक्त गिरफ्तार

सरकारी नौकरी के नाम पर फर्जीवाडा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल

चन्दौली से है जहां जनपद पुलिस अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए अभियान चला रही है. इसी तरह क्रम में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं को फर्जीवाड़ा करके अपने जाल में फंसाने वाले अन्तर्प्रान्तीय गिरोह का जनपद चन्दौली पुलिस ने भण्डाफोड़ कर दिया है. साइबर सेल टीम व थाना अलीनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है. अभियुक्तों के पास से बड़ी संख्या में फर्जी नियुक्ति पत्र बरामद हुए हैं. विदित हो कि अन्तर्प्रान्तीय गिरोह द्वारा अब तक उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार, झारखण्ड के युवाओं को बड़ी संख्या में अपना शिकार बनाकर लाखों रुपये की ठगी की जा चुकी है. इस तरह मिल रहे लगातार इनपुट को ध्यान में रखते हुए क्षेत्राधिकारी क्राइम आशुतोष के नेतृत्व में साइबर सेल व थाना अलीनगर की पुलिस टीम द्वारा यह गिरफ्तारी व बरामदगी की. खुलासा व गिरफ्तारी करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा पुरुस्कार देने की घोषणा की गई है. बता दें कि 15 सितम्बर को चन्दौली जिले के अमित यादव, सुनील यादव, पंकज कुमार यादव, प्रमोद कुमार यादव, शिवा यादव, दीपू यादव, विपीन यादव, चन्द्रजीत यादव, आदित्य नरायन समेत अन्य युवकों द्वारा नौकरी के नाम फर्जीवाड़े की लिखित सूचना दी थी. जिसमें बताया कि 2021 दिसम्बर से ही SSC, N.T.P.C,

एग्रीकल्चर विभाग झारखण्ड मे नौकरी दिलाने के नाम पर 22 लाख रुपये सैयदराजा निवासी अभिषेक पाण्डेय, मेढ़ी निवासी ऋषि यादव, कुरहना निवासी सौरभ पाण्डेय, नोएडा निवासी अमनदीप उर्फ रोहन द्वारा लिए गए. इसके बदले फर्जी N.T.P.C लिमिटेड का ज्वाइनिंग लेटर थमा दिया. इस बाबत अलीनगर समेत अन्य थानों में मुकदमा भी दर्ज था.

मामले का खुलासा करते हुए एसपी डा अनिल कुमार ने बताया कि सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने छापेमारी करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया. पूछताछ में पता चला कि नौकरी के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले एक गिरोह है. जिसका मुख्य सरगना प्रमोद कुमार मण्डल है, तथा अभिषेक पाण्डेय उसका सहायक हैं. ये लोग उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में जरूरत मन्द लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर पैसे ऐंठ लेते हैं. इसके बदले बेरोजगार युवाओं को विभिन्न विभागों के विभिन्न पदों के फर्जी नियुक्ति पत्र प्रदान करते हैं. इनलोगों के द्वारा इस कार्य के लिये अलग अलग जगहों पर अलग अलग पदाधिकारी नियुक्त किये जाते हैं, जो जनता का विश्वास प्राप्त करते हैं. तथा युवाओं को भ्रम में रखकर सरकारी नौकरी दिलाने के लिये पैसा लेते हैं. ठगी से जो पैसा प्राप्त होता है. उसको प्रमोद कुमार मण्डल व अभिषेक पाण्डेय को भेजते हैं. गिरोह का मुख्य सरगना प्रमोद कुमार मण्डल ही हैं। उनके नीचे सहायक के रूप में अभिषेक पाण्डेय हैं तथा अमनदीप उर्फ रोहन, अनिकेत राघव , सौरभ पाण्डेय, ऋषि यादव तथा दीपक राणा स्थानीय पदाधिकारी हैं. ये लोग घूम-घूम कर नेटवर्किंग के माध्यम से अपने स्थानीय कर्मचारी नियुक्त करते हैं. जिनके माध्यम से लोगों से धोखाधड़ी करते हैं. इन लोगों को जो भी पैसा मिलता है उसमें प्रमोद कुमार मण्डल द्वारा हिस्सेदारी तय की जाती है. गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली टीम को एसपी ने 25 हजार रूपए इनाम देने की घोषणा की है।

ख़ास ख़बर

कॉमर्स कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में इंटरमीडिएट ग्यारहवीं एवम बारहवीं की मासिक परीक्षा शुरूः डा. अरविंद कुमार

मधेपुरा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के निर्देश के आलोक में इंटर कला, वाणिज्य एवम विज्ञान संकाय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के माह सितंबर की मासिक परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा के प्रधानाचार्य डा.अरविंद कुमार ने बताया कि कॉमर्स कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में बोर्ड के निदेष के आलोक में इंटरमीडिएट ग्यारहवीं एवम बारहवीं की मासिक परीक्ष शुरू कर दी गई है। अपराह्न डेढ़ बजे से तीन बजे प्रथम पाली एवम साढ़े तीन बजे से पांच बजे द्वितीय पाली में सोमवार को परीक्षा ली गई। इधर परीक्षा नियंत्रक डा. प्रभाकर कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में फिजिक्स, फिलोसोफी एवम कॉमर्स एवम द्वितीय पाली में केमेस्ट्री,पॉलिटिकल साइंस एवम कॉमर्स के सभी छात्र छात्राएं परीक्षा में एपियर हुए। रूटीन के अनुसार चल रही यह परीक्षा चार अक्टूबर तक चलेगी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रकाश पुंज बनकर सदैव हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगेः विधायक

फारबिसगंज। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती समारोह कार्यक्रम विधायक जनसंपर्क कार्यालय में शक्ति केंद्र संख्या 07 पर समारोह पूर्वक मनाया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रजत कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित माननीय विधायक श्री विद्यासागर केसरी जी रहे । इस मौके पर विधायक विद्या सागर केशरी ने कहा कि वे प्रकाश पुंज बनकर सदैव हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगे।विधायक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का स्पष्ट कहना था कि भारतीय दृष्टिकोण, विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले साढ़े 09 वर्ष के दौरान जो भी कार्य हुए हैं, इसकी प्रेरणा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का 'अंत्योदय का संकल्प' है। मौक़े पर मौजूद विधायक विद्या सागर केशरी उर्फ़ मंचन केशरी,नगर अध्यक्ष रजत कुमार सिंह, मनोज झा,प्रदीप करण, प्रसंजीत कुमार, उमेश मेहता, मनोज गुप्ता, दिलीप मेहता सोहन लाल मेहता,इंद्रदेव सिंह, अर्जुन कुमार,श्याम लाल, मिथिलेश ऋषिदेव, भोला मेहता, सचिन ठाकुर, प्रमोद कुमार,अजय साह, मनीष कुमार, पिनका रंजन, अरुण ऋषिदेव,संकर सिंह अविनाश कनोजिया, किसान शर्मा, अलोक सिंह,प्रेम केशरी आदि लोग मौजूद थे।

107 वीं जयंती पर याद किए गए पंडित दिनदयाल

फारबिसगंज। पंडित दिनदयाल की दूरदर्शिता ने भारतीय राजनीति में ना सिर्फ एक नया अध्याय लिखा है बल्कि आजाद भारत के नवनिर्माण के लिये विदेशी मॉडल को अपनाने के बजाय भारत की राष्ट्रनीति, अर्थनीति, सामाजिक नीति भारत के जड़ो से जुड़ी हो ये मंत्र देकर एकात्म मानववाद व अंत्योदय के सिद्धांत के जरिये भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने की नींव रखी।उक्त बातें भाजयूमो प्रदेश उपाध्यक्ष व नेहरू युवा केन्द्र के चयन समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने स्थानीय सोचेन्द्र छात्रावास में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की फ़ारबिसगंज प्रखंड ईकाई नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा युवा स्वयंसेवक सत्यप्रकाश के अगुवाई में आयोजित पंडित दिनदयाल उपाध्याय के 107 वीं जयंती समारोह में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कही। कहा कि श्रद्धये उपाध्याय के विचार केवल भारत के लिए ही नही बल्कि संपूर्ण विश्व के लिये अनुकरणीय है।मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार एनवाईकेएस युवा स्वयंसेवक सत्यप्रकाश राजीव यादव, अमन झा आदि ने युवाओं से आह्वान करते कहा कि दिनदयाल के एकात्म मानववाद के दर्शन अनुरूप समरसता युक्त शोषण मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता का संकल्प लेकर युवा अपनी ऊर्जा को राष्ट्रनिर्माण में लगाएं। इस अवसर पर सुजीत झा, सुदर्शन कुमार, गौरव यादव, प्रिंस कुमार, सोनू यादव, सचिन कुमार,मो0 अशलम सहित एनवाईकेएस के अनेकों सदस्य मौजूद थे।

संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग में होगा पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन

मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर। निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के के पत्र के आलोक में सभी संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग, नया सचिवालय, पटना में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) दिया जाना है। इसके तैयारियों की समीक्षा के निमित्त कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव के निदेशानुसार सोमवार को डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएसडब्ल्यू ने बताया कि कुलपति ने सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निदेशित किया है कि इस मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए पीपीटी को जिम्मेदारीपूर्वक तैयार किया जाए। जहां भी आवश्यकता हो विशेषज्ञों की मदद भी ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि निदेशक उच्च शिक्षा से प्राप्त पत्र के आलोक में कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने गत 19 सितंबर को ही सभी संबंधित महाविद्यालयों को प्रेषित कर अनुरोध किया है कि तालिका मे निर्धारित कार्यक्रमानुसार निर्धारित तिथि को ससमय विभागीय प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के समक्ष शिक्षा विभाग के सभागार में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन सुनिश्चित किया जाए। कुलपति के निदेशानुसार सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को यह पत्र रविवार को दुबारा ई. मेल एवं वाट्सएप से भेजा गया है। इसके साथ ही सोमवार को निर्धारित ऑनलाइन बैठक की सूचना भी प्रेषित की गई और सोमवार को आनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कुलपति ने सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निदेशित किया है कि इस मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए पीपीटी को जिम्मेदारीपूर्वक तैयार किया जाए। जहां भी आवश्यकता हो विशेषज्ञों की मदद भी ली जा सकती है। बैठक में विषय प्रवेश कराते हुए यूभीके कॉलेज, कड़ामा-आलमनगर के संस्थापक प्रधानाचार्य डॉ. माधवेन्द्र झा ने पीपीटी के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पीपीटी में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी देनी है। इसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय का नाम, गेट का फोटोग्राफ, महाविद्यालय को संबद्धता प्रदान करने के पत्र, विषय का नाम प्राप्त संबंधन का प्रतिवेदन, संबंधन का पत्रांक एवं दिनांक तथा अभियुक्ति देना है। जियो टैगिंग पर महाविद्यालय का भवन, आधारभूत संरचना एवं भूमि का कुल 5 फोटोग्राफ, भूमि के अभिलेख का विवरण, निबंधन संख्या, कुल रकवा, खाता संख्या, खेसरा संख्या एवं थाना नंबर भी देना है। अद्यतन मालगुजारी रसीद का फोटो भी देना है। दो भू-खण्डों में भूमि होने की स्थिति में दोनों भू-खण्डों की बीच की दूरी के संबंध में अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत दूरी का प्रमाण-पत्र संलग्न करना है। लैंड पोजीशन सर्टिफिकेट का फोटो, महाविद्यालय का नजरी नक्शा का फोटो देना है। उन्होंने बताया कि पीपीटी में विषयवार प्रयोगशालाओं एवं कम्प्यूटर लैब के अंदर के सभी सामग्री के साथ कुल 05 फोटो एवं विडियो देना है। साथ ही पुस्तकालय में मानक के अनुरूप पुस्तकों की संख्या तथा मैगजीन, जर्नल एवं दैनिक समाचार पत्र सहित का कम से कम 10 फोटो एवं विडियो भी देना है। इसके अलावा विगत सत्र में नामांकित छात्र- छात्राओं की संख्या (पाठ्यक्रमवार) तथा सत्रवार उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की संख्या पाठ्यक्रमवार सभी वर्ग कक्ष में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का अलग- अलग फोटोग्राफ एवं विडियो देना है। उन्होंने बताया कि अंत में क्या महाविद्यालय द्वारा एनएएसी एवं एनआईआरएफ और यूजीसी के 2-एफ एवं 12-बी से मान्यता के लिए किए गए प्रयासों के फलाफल की विवरणी एवं योजनाएं और के लिए किए गए प्रयासों की स्थिति की भी जानकारी देनी है। यदि महाविद्यालय में वोकेशनल एवं प्रोफेशनल कोर्स चल रहे हैं, तो उसकी विवरणी मान्यता देने वाली संस्था के पत्र के साथ देना है।शिक्षको एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के विषयवार नाम, योग्यता, आधार नं. एवं फोटोग्राफ, मोबाईल नं. कई जानकारियां देनी है। इसके अलावा उपलब्ध कोष, महाविद्यालय के सभी के सभी खातों की जानकारी, उपलब्ध कुल राशि का भी विवरण देना है। महाविद्यालय के कुल उपलब्ध उपस्कर, कुर्सी, बेंच-डेस्क आदि की जानकारी देनी है। इसके अलावा महाविद्यालय के वेबसाइट का यूआरएल तथा वेबसाइट के अंतिम अपडेशन की तिथि एवं महाविद्यालय के वेबसाइट पर सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं अंकित हैं दर्शाया जना है। मधेपुरा महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि यह सभी संबद्ध महाविद्यालयों के लिए अपनी सुव्यवस्था के प्रदर्शन का एक सुनहरा अवसर है। इसमें घबड़ाने की बात नहीं है। जहां भी कोई दिक्कत हो, विश्वविद्यालय पदाधिकारियों और अन्य महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से भी सुझाव लिया जा सकता है। बैठक का संचालन करते हुए उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि बीएनएमयू के 14 संबद्ध महाविद्यालयों का पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) 26-30 सितंबर के बीच अ. 05 बजे से उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के सभागार में उच्च शिक्षा विभाग के नामित पदाधिकारियों के समक्ष सुनिश्चित है।

जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

अररिया। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के हेतु आज डीआरडीए सभा भवन, अररिया में जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार एवं उपस्थित पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन अररिया के चयनित सभी जिला स्तरीय कुल 36 मास्टर प्रशिक्षकों को नामित राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक श्री अविनाश कृष्ण, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, अररिया एवं श्री अमर कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, अररिया सदर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को निर्वाचक सूची, आई टी अप्लीकेशन, निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया यथा नामांकन, संविक्षा, अभ्यर्थीता वापसी, प्रतीक आवंटन, आदर्श आचार संहिता, मतदान के पूर्व एवं मतदान के दिन मतदान कर्मियों का कार्य एवं दायित्व, ईवीएम/वीवी पैट, पोस्टल बैलेट, स्वीप, मतगणना आदि विषयों के बारें में गहन जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के उपरांत राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक द्वारा सभी मास्टर प्रशिक्षक का मूल्यांकन निर्वाचन से संबंधित प्रश्नावली के माध्यम से किया गया। चयनित जिला/विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु सभी कोषांग के पदाधिकारियों/कर्मियों, सभी मतदान कर्मियों जैसे पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारियों एवं निर्वाचन से जुड़े अन्य संलग्न कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। उक्त प्रशिक्षण में स्थापना उप समाहर्त्ता, अररिया, निदेशक डीआरडीए अररिया, डीसीएलआर फारबिसगंज, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, मास्टर ट्रेनर राजीव रंजन, निरंजन कुमार, फिरोज आलम, अभिलाषा कुमारी, सुधा मिश्रा, रोमा कुमारी, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक, नाजिर, ऑपरेटर सहित कई पदाधिकारी, मास्टर प्रशिक्षक एवं कर्मी उपस्थित थे।

एसएसबी द्वारा संचालित 15 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण का हुआ समापन

कुर्साकांटा । महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, अररिया के निर्देशन व श्री सी० विवेक की अगुवाई में 15 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण का समापन दिनांक 25/09/2023 को पंचायत भवन लैलोखर में किया गया| इस दौरान कुल 24 महिलाओं द्वारा सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त किया गया| प्रशिक्षण के पश्चात् सभी प्रशिक्षणार्थियों को वाहिनी की तरफ से प्रमाण पत्र वितरित किए गए| इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला और उनके द्वारा अनुरोध किया गया कि सीमावर्ती गाँव में पुनः ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाए ताकि स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो सके| इस दौरान श्री सी० विवेक ने कहा कि सीमावर्ती लोगों के उत्थान के लिए सशस्त्र सीमा बल द्वारा समय समय पर एसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते है जिनसे सीमावर्ती लोग स्वरोजगार की ओर अग्रसर होकर अपने परिवार का पालन पोषण कर सके| इस मौके पर स०उ०नि० विष्णु पदा घोष, मु०आ० जगत नारायण, आ० लछुमन दरजी, रोहिते, अमित कुमार सहित अन्य बलकर्मी उपस्थित रहे| इसके अलावा गत दिनों की भांति दिनांक 25.09.2023 को 52वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया द्वारा सीमान्त के कुल 24 गाँव से "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा निकाली गई और प्रत्येक घर से मिट्टी/चावल कलश में एकत्रित की गई। इस कार्क्रम में देश के प्रति स्नेह जताते हुए स्थानीय लोगों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा सरकार द्वारा चलाये जा रहे "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

कार्यक्रम का संचालन टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिक्षक शिव कुमार एवं टीम लीडर शिक्षिका नम्रता मिश्रा ने किया

राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए अब वही शिक्षक आवेदन कर सकते हैं जिनकी सेवावधि न्यूनतम दस वर्ष होगी



पटना। प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर बिहार के शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति एवं राजकीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। राष्ट्रपति पुरस्कार के रूप में शिक्षकों को 50 हजार रूपये की राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। उन्हीं शिक्षकों को राज्य सरकार के द्वारा भी 30 हजार रुपए की राशि का चेक सम्मान स्वरूप दिया जाता है। जबकि राजकीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को 15 हजार रुपए की राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। बिहार के शिक्षकों को अधिक से अधिक इस पुरस्कार के लिए आवेदन करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार के द्वारा रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पेज पर एक्सक्लूसिव टॉक शो 'सवाल आपके, जवाब हमारे' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता अनिल कुमार सिंह (2023), कुमारी गुड्डी (2023), द्विजेंद्र कुमार (2023), सौरव सुमन (2022), हरिदास शर्मा (2021) एवं पप्पू हरिजन (2019) शामिल हुए। कार्यक्रम से जुड़े हुए शिक्षकों के सवालों का जवाब देते हुए अतिथियों ने कहा कि राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए बिहार के सभी शिक्षक चाहे वह नियमित हो या नियोजित सभी तरह के शिक्षक अर्थात प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक एवं प्रधानाध्यापक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2023 में ही विभाग द्वारा यह संशोधन किया गया है कि अगले वर्ष 2024 से केवल वही शिक्षक एवं शिक्षिका आवेदन कर सकते हैं जिनकी सेवावधि न्यूनतम 10 वर्ष पूर्ण होगी। राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए बिहार से अधिकतम 6 शिक्षक/शिक्षिकाओं का चयन किया जा सकता है परंतु अभी तक किसी भी वर्ष अधिकतम शिक्षक/शिक्षिकाओं को राष्ट्रपति पुरस्कार नहीं मिल पाया है। इसके लिए प्रत्येक वर्ष जून-जुलाई महीने में विभाग के द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। एक ही आवेदन से राष्ट्रपति एवं राजकीय दोनों पुरस्कार के लिए चयन किया जाता है। विदित हो कि स्क्रूटनी के क्रम में प्रत्येक जिले से अधिकतम 3 शिक्षकों के नाम की अनुशंसा जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा की जाती है। फिर भी प्रत्येक जिले से शिक्षकों के द्वारा आवेदन नहीं भरा जाता है। जिसके कारण किसी-किसी जिले से एक भी शिक्षकों का चयन राजकीय पुरस्कार के लिए भी नही हो पाता है। उन्होंने कहा कि आवेदन की प्रक्रिया थोड़ी जटिल जरूर है लेकिन उतना भी जटिल नहीं है कि कोई शिक्षक ठीक तरह से आवेदन भी नहीं भर पाएं। आवेदन करने के लिए शिक्षकों को अपने शैक्षिक उपलब्धियों से संबधित दस्तावेजीकरण करना अनिवार्य होता है। इसलिए अगले वर्ष 2024 के लिए आवेदन करने के इच्छुक शिक्षक/शिक्षिका अभी से ही अपने कार्यों की दस्तावेजीकरण करते रहें। कार्यक्रम को मॉडरेट करते हुए टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार ने कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े शिक्षक एवं शिक्षिका जो नियमित रूप से अपने विद्यालय में आयोजित नवाचारी गतिविधियों का दस्तावेजीकरण करते रहते हैं उनकी सुविधा के लिए बहुत जल्द ही बिहार के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का विवरण टीचर्स ऑफ बिहार के मंच पर साझा किया जाएगा। जिनसे संबधित शिक्षक व्यक्तिगत रूप से संपर्क स्थापित कर आवेदन के क्रम में आने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर पटना जिले के शिक्षक शिव कुमार एवं टीम लीडर भागलपुर जिले की शिक्षिका नम्रता मिश्रा ने किया। उक्त जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार कर प्रदेश प्रवक्ता अररिया जिले के शिक्षक रंजेश कुमार ने दी।

एहतियात प्रभावित इलाकों में प्राथमिकता के आधार पर करायी जा रही है फॉगिंग

जिले में डेंगू के अब तक 17 मरीज, फिलहाल 4 एक्टिव मरीज

अररिया । जिले में डेंगू का प्रसार जारी है। अब तक जिले में कुल 17 डेंगू के मरीज मिले हैं। इसमें 13 मरीज डेंगू से जुड़ी चुनौती को मात देकर पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। फिलहाल जिले में डेंगू के 04 एक्टिव मरीज हैं। इसमें एक की तबीयत अधिक खराब होने की स्थिति में उन्हें प्लेटलेट्स चढ़ाने के लिये पूर्णिया मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जहां अब मरीज की हालत सामान्य बनी हुई है। शेष डेंगू के तीन अन्य मरीजों का उनके घर पर ही समुचित इलाज जारी है। डेंगू मरीजों को सभी तरह की चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग लगातार जरूरी पहल कर रहा है।

डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के लिये विभाग अलर्टः जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिले में डेंगू को लेकर फिलहाल स्थिति सामान्य है। डेंगू के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विभाग पूरी तरह अलर्ट है। इसे लेकर डेंगू संक्रमण के शिकार सभी मरीजों के घर के आसपास 500 मीटर के दायरे में फॉगिंग करायी जा रही है। संक्रमित सभी व्यक्ति के घरों में फॉगिंग संपन्न हो चुकी है। डेंगू मरीजों की लाइन लिस्ट तैयार की गयी है। नियमित रूप से मरीजों का फॉलोअप किया जा रहा है। ताकि उन्हें समुचित चिकित्स्कीय सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। उन्होंने बताया कि शहरी इलाकों में संबंधित नगरपालिका व ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य विभाग के स्तर से छिड़काव किया जा रहा है। पूर्व में विभाग के पास उपलब्ध महज एक फॉगिंग मशीन से काम चलाना पड़ता था। इसकी कमी को देखते हुए विभागीय तौर पर चार फॉगिंग मशीन की खरीदारी की गयी है। इसके अलावा फारबिसगंज के लायंस क्लब के पास उपलब्ध फॉगिंग मशीन भी उपयोग में लायी जा रही है।

जांच व इलाज का पर्याप्त इंतजामः जिले में डेंगू की जांच व इलाज का समुचित इंतजाम उपलब्ध है। डीवीबीडीसीओ डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी पीएचसी व एपीएचसी स्तर पर डेंगू जांच से संबंधित सुविधा उपलब्ध है। डेंगू संबंधी मामलों के सत्यापन के लिये सदर अस्पताल में एलीजा टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। प्रारंभिक जांच में डेंगू का लक्षण उजागर होने पर सैंपल वैरिफिकेशन के लिये इसे सदर अस्पताल भेजा जाता है। जहां डेंगू का मामला सत्यापित होने पर मरीजों की समुचित जांच के बाद जरूरी चिकित्सकीय सुविधा उन्हें उपलब्ध करायी जा रही है।

घरेलू कामगार महिलाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक :वैशाली लाहिड़ी

मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन एलो एवं राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में असंगठित क्षेत्र के कामगारों के हितों की रक्षा तथा उन्हें उनके श्रम अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कामगार सूचना एवं सहायता केंद्र मधेपुरा द्वारा आज घरेलू कामगार सफाई कामगार एवं निर्माण श्रमिकों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मधेपुरा स्थित इंटर जिला कार्यालय में संपन्न हुआ इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन नई दिल्ली से आई नेशनल प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सुश्री वैशाली लाहिड़ी ने उपस्थित कामगारों एवं यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जापान सरकार की सहयोग से पर्स कार्यक्रम के तहत इस योजना का संचालन मधेपुरा समेत राज्य के 6 जिलों में आयोजन किया जा रहा है उन्होंने आगे कहा कि घरेलू कामगार महिलाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है सरकार की उदासीनता एवं समाज की अपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण कामगारों की स्थिति बदतर हो गई है तथा इन्हें अपने जीवन की कठिन परिस्थितियों से गुजरने के लिए विवश होना पड़ रहा है घरेलू कामगार महिलाओं की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इन कामगारों का आज तक पहचान एक श्रमिक रूप में स्थापित नहीं हुई है जो घोर निराशा का विषय है उनके कार्य में कुशलता एक जरूरी हिस्सा है परंतु इन्हें सरकार द्वारा अपेक्षित न्यूनतम मजदूरी से भी कम मजदूरी का भुगतान मिलता है इस मौके पर इस कार्यक्रम के स्टेट कोऑर्डिनेटर आलोक रंजन श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए अपील किया कि यह एक सामाजिक विपन्नता के रूप में आज भी समझ में कायम है जो एक सब समाज के लिए कलंक के समान है इसके समाधान हेतु सरकार महिला संगठन एवं सामाजिक प्रबुद्ध नागरिकों का आगे आने की जरूरत है आगत अतिथियों का स्वागत जिला इंटक अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने मिथिला की परंपरा पाग, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह बाबा सिंहेश्वर नाथ की तस्वीर से सम्मानित किया गया जिसे देखकर आगत अतिथि भाव विभोर एवं विह्वल हो गए। इस मौके पर कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन के जिला अध्यक्ष हीरा पासवान शिवेंद्र कुमार बबलू कुमार सहित शेखर महिलाएं एवं संगठन के कार्य करता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

ख़ास ख़बर

प्रखंड के डगमारा पंचायत में लालमन पट्टी में 200 मीटर सड़क नही बनने से लोगो को होती परेसानी

डॉ0 बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल। जिले के निर्मली प्रखंड में डगमारा पंचायत स्थित लालमन पट्टी के वार्ड नं0 19 में लगभग 200 मीटर सरक नही बनने से लोगो को भारी परेशानी हो रही है।वर्षो से इस सरक की नारकीय स्थिति बनी हुई है।हल्की सी बारिश इस मार्ग के लिए भारी परेशानी का सबब बनता जा रहा है।स्थानोय वार्ड वासी जिबछ मंडल,अजय कुमार,संजय यादव,गुजन साह,नीतीश यादव,मिथिलेश राम ने बताया कि इस वार्ड के गुजन साह के घर से रामदेव पंडित के घर तक अभी भी ईंट सोलिंग है,हल्की सी बारिश में मिट्टी खिसक जाती है और मार्ग टूटता जा रहा है।वार्ड वासियों ने बताया कि प्रसव कराने,बैंक जाने और बच्चों को स्कूल जाने में काफी परेशानी होती है,यह परेशानी वर्षो से होती रही है।न जाने क्यों लगभग 200 मीटर मार्ग को वर्षो से अधूरा छोड़ दिया गया है।खासकर वारिश के मौसम में और परेशानी हो जाती है। कीड़े ने भी अपने घर बना लिए है,ईंट नाली में विलीन होती जा रही है लेकिन इस ओर किसी का भी ध्यान इस ओर आकर्षित नही हो रहा है। हमलोगों की इस समस्या को कोई नही देख रहा है न सुन रहा है।संबंधित विभाग से अविलंब इस जर्जर व क्षतिग्रस्त ईंट सोलिंग मार्ग में पी सी ढलाई की मांग की है ताकि आवागमन सुचारू रूप से चालू हो सके।

180 बोतल नेपाली दिलवाले शराब बरामद, तस्कर फ़रार

सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल। जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत भीमपुर पुलिस ने रविवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर केवला रानीपट्टी नहर के समीप एनएच 57 पर 180 बोतल नेपाली दिलवाले शराब बरामद किया है। जबकि शराब तस्कर बाइक से शराब फेंक कर भागने में सफल रहा। जानकारी देते थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार ने बताया कि रविवार को रात्रि गस्ती के दौरान शराब तस्करी को लेकर गुप्त सूचना मिली थी। इस बीच केवला के समीप रानीपट्टी नहर होकर शराब तस्कर अपनी बाइक पर बोरी में शराब लेकर जा रहा था। उसी क्रम में पुलिस को शक होने पर उसे रोकने का प्रयास किया तो तस्कर बाइक से बोरी को फेंक कर तेज गति से भाग निकला। इसके बाद जब शराब की तलाशी ली गयी तो 300 एमएल का 180 बोतल में कुल 54 लीटर नेपाली दिलवाले शराब बरामद हुआ। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

88 बोतल सोफिया शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल। जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन थाना पुलिस ने 88 बोतल नेपाली शराब के साथ एक शराब तस्कर को घर से गिरफ्तार किया है। इस बारे में करजाईन थानाध्यक्ष लालजी प्रसाद ने बताया कि रविवार की संध्या में सूचना के आधार पर थानाक्षेत्र के बायसी पंचायत के वार्ड नंबर 14निवासी मन्नू कुमार राम के घर छापेमारी की गई। छापेमारी के दरम्यान तस्कर के आंगन से एक उजले कलर की प्लास्टिक की बोरी में छिपा कर रखे 88 बोतल नेपाली दिलवाले सोफिया शराब बरामद की गई। वहीं पुलिस बल को देख कर तस्कर भागने का प्रयास किया। मगर पुलिस बल द्वारा उन्हें खदेड़ कर पकड़ा लिया गया।

प्रखंड में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का हुआ कार्यक्रम

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल। जिले में किसनपुर प्रखंड अंतर्गत लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रखंड के तुलापट्टी पंचायत के विभिन्न विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालय तुलापट्टी एवं मध्य विद्यालय तुलापट्टी तथा परसा विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान कार्यक्रम के तहत स्वच्छता समन्वयक मोहम्मद इस्लाम एवम स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार यादव के द्वारा सभी बच्चों को स्वच्छता की जानकारी देते हुए सभी छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया । इस कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रखंड समन्वयक मोहम्मद इस्लाम तथा स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार यादव एवं प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा दक्षिण के शिक्षक ललन पासवान, पंचायत के मुखिया सावित्री देवी के अलावे पंचायत के सभी पंचायत स्वच्छता कर्मी एवं टोला स्वच्छता कर्मी इस जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद थे । वहीं सभी छात्र एवं छात्राओं को जागरुक करते हुए प्रखंड समन्वयक मोहम्मद इस्लाम एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार यादव के द्वारा कहा गया कि साफ सफाई ही आम जनों का स्वच्छ जीने का जीवन है। इसलिए साफ सफाई पर ध्यान देने के लिए हम सबों का कर्तव्य एवं साथ-साथ जीवन जीने का अच्छा उपाय भी है। गंदगी के कारण प्रतिदिन लोग बीमार हो रहे हैं। बीमारी का सबसे बड़ा कारण गंदगी है। गंदगी में जीना गंदगी में रहना गंदगी के कारण ब्लड फ्लो, स्वाइन फ्लू, डायरिया, के अलावे तरह-तरह की भयानक बीमारी से लोग ग्रसित हो जाते हैं। जिस कारण हजारों रुपया बीमारी को ठीक करने में लोगों का खर्च हो जाता है। साफ सफाई रहने से देखने में भी सुंदर लगता है। और किसी प्रकार का बीमारी उत्पन्न नहीं होता है । आप सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभाव को तथा जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि अपने-अपने घरों के आगे पीछे अगल-बगल साफ सफाई रखें। ताकि किसी प्रकार का कोई बीमारी का प्रचलन नहीं हो सके। और सरकार का उद्देश्य भी पूरा हो सके।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दुर्गा मंदिर में मनाया गया जयन्ती

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर,सुपौल। जिले में किसनपुर प्रखंड के करैहिया पंचायत अभुआर दुर्गा मंदिर परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जयंती दोनों मंडल अध्यक्ष रविन्द्र साह, विधानंद साह के अध्यक्षता में मनाया गया जयन्ती, जहाँ भाजपा कार्यकर्ता सहित कई गणमान्य लोगो ने भाग लिया वहीं मंडल प्रभारी सह शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरुण कुमार जयसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे, वे भारतीय जनसंघ अध्यक्ष भी रहे उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकुल रुप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी वो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे वो दुनिया में पूंजीवाद सामंतवाद को नहीं मानववाद को लाना चाहते थे वहीं पुर्व मंडल अध्यक्ष राधाकांत झा ने कहा आज उनके नाम पर कई योजनाएं चल रही है और कई जगह का नाम बदल कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर रखा गया। उनका जन्म 25 सितम्बर 1916 को मथुरा में हुई और 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय में संदेहास्पद स्थिति में हुई उनके पिता भगवती प्रसाद माँ रामप्यारी थे आज उन्हीं का दिया हुआ अंत्योदय अन्न योजना है मौके पर किसान मोर्चा के सुनील मंडल युवा अध्यक्ष शंकर कुमार साह उपाध्यक्ष सुनील मेहता महामंत्री अमोद झा विनोद चौधरी संबोध झा रंजीत कुमार अशोक झा गौरी झा शंकर मंडल पिंटु झा विनोद साह इत्यादि कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल। जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में एसएसबी 45वीं बटालियन की ढाढा कैंप के जवानों द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बायसी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय डुमरी से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में स्कूली बच्चों समेत जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान देशभक्ति गानों, बैनर, पोस्टर तथा राष्ट्रीय ध्वज के साथ कलश में मिट्टी एकत्रित की गई। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों व बच्चों ने जोश-खरोश से भाग लेकर मिट्टी दी। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार मेहता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से लोगों में देशप्रेम एवं देशभक्ति की भावना जागृत होती है। इस मौके पर एसएसबी के जवान, स्थानीय प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, शिक्षाविद व ग्रामीण मौजूद थे।

बीईओ ने किया आदर्श प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

नजीर आलम/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल। जिले में छातापुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रभा कुमारी ने सोमवार को आदर्श प्राथमिक विद्यालय केवला का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने सभी वर्ग कक्ष में चल रहे अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन का जायजा लिए और नामांकन के अनुरूप 97% उपस्थिति देख काफी खुश हुए।विद्यालय परिसर में बने पुस्तकालय कक्ष काफी सुसज्जित थे।शौचालय की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल का समुचित व्यवस्था थी।निरीक्षण के दौरान विद्यालय में चल रहे मध्याह्न भोजन का भी जांच किए और संतुष्ट नज़र आए। बीईओ ने विद्यालय के शिक्षक नरेश कुमार निराला को पिछले दिनों जिला पदाधिकारी के हाथों पुरस्कृत होने पर बधाईयां भी दिए।श्रीमती कुमारी ने कहा कि यदि शिक्षक ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं तो उन्हें जरूर सम्मान मिलता है।यह विद्यालय सुसज्जित और सुव्यवस्थित है।यहाँ के शिक्षक और छात्र छात्राएँ काफी अनुशासित दिखे। बीईओ ने स्कूली बच्चों से कहा कि यदि ईमानदारी पूर्वक लक्ष्य निर्धारित किया जाए एवं अभी से ही नियमित पढ़ाई की जाए तो निश्चित रूप से लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है।उधर बीईओ के निरीक्षण के बाद केआरपी पूनम पाठक और उमेश उजाला के द्वारा भी विद्यालय का अनुश्रवण किया गया।विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति से काफी प्रभावित हुए।मौके पर प्रधानाध्यापक अमित कुमार, शिक्षक नरेश कुमार निराला, निरंजन कुमार, फूल कुमारी, नीतू कुमारी,अमजद अहमद,अरबाज आलम आदि उपस्थित थे।

11 सूत्री मांग पत्र को लेकर विद्युत विभाग कार्यालय जयनगर में धरना प्रदर्शन

जयनगर / मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)। जयनगर में भाकपा माले जयनगर के द्वारा सैकड़ों समर्थकों के साथ विधुत विभाग जयनगर से जूड़े 11 सूत्री मांग पत्र को लेकर कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग जयनगर के समक्ष प्रदर्शन किया गया।जुलूस प्रखंड सचिव भूषण सिंह के नेतृत्व में जयनगर राजपूताना टोला से निकाला गया जो मेन रोड युनियन टोला होते हुए विधुत विभाग कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग के समक्ष प्रदर्शन में तब्दील किया गया। स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कहा कि सहायक अभियंता बरुण कुमार के जनविरोधी नीतियों और कर्तव्यहीन व्यवहार के कारण विधुत विभाग से जुड़े जन समस्याएँ में जबर्दस्त वृद्धि हुआ है। जिसका भाकपा–माले जयनगर तीव्र निंदा करती और शहरी एवं देवधा , रजौली ,बैरा , बरही, दुल्लीपट्टी , डोरवार, कोरहिया, सेलरा, पड़वा बेल्ही , बेल्ही पश्चिमि, बेल्ही पूर्वी, बेल्ही दक्षिणी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित विधुत आपूर्ति मुहैया करने,कृषि उपयोग तथा घरेलू उपयोग हेतु 200 युनिट विधुत मुफ्त मुहैया करने,शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक महिना मीटर रिडींग कराना सुनिश्चित करने, जनविरोधी व कर्तव्यहीन सहायक अभियंता बरुण कुमार को जयनगर से स्थानान्तरण करने,विधुत कार्यों में असुवुधएं को देखते हुए विधुत मिस्त्री की संख्या बढ़ाने, लगातार हो रहे दुर्घटनाएं को देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी जर्जर विधुत तार को बदलें, विधुत कनेक्शन लेने वाले लोगों को एक सप्ताह के अंदर कनेक्शन लगाना सुनिश्चित करने, विधुत बिल में अनियमितताएं की शिकायतें को देखते हुए अबिलम्ब सुधार करने,आम लोगों के द्वारा मोबाईल पर संपर्क करने पर विभाग के सभी पदाधिकारियों द्वारा मोबाईल रिसीव करना सुनिश्चित करने और शिकायत पत्र का निश्पादन एक सप्ताह के अंदर सुनिश्चित करने, विना स्मार्ट व्यवस्था के ही स्मार्ट विधुत मीटर जबरन लगाने पर रोक लगाने और विभाग के द्वारा उपभोगताओं के विच किसी भी प्रकार के अभियान चलाने पर उपभोगताओं के साथ दमनकारी व्यवहार पर रोक लगाने की गारंटी करने की मांग किया गया मांग पत्र कार्यपालक अभियंता रमण कुमार को समर्पित किया गया ।आयोजित सभा मोहम्मद मुस्तफा तस्लीम, फुलो देवी,युनुस, शिवो देवी रशीद अंसारी,नजाम भाकपा के पूर्व अंचल मंत्री नरेश ठाकुर ,बासोपट्टी कांग्रेस अध्यक्ष विवेकानंद झा एवं जयनगर के कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो,रामेश्वर पूर्वे,मनोज सिंह, हसलेन धनेश्वर पासवान, जगदीश मिश्र, सुरज सदाय ,विजय राय, अताकरिम देवी रामप्रसाद ठाकुर ,पहाड़ी सदाय, रानी देवी दाना देवी सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।

जयनगर नगर पंचायत कार्यालय में सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित, कई बिंदुओं पर चर्चा

जयनगर / मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)। जयनगर नगर पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को मुख्य पार्षद कैलाश पासवान की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित कर कई योजनाओं पर सहमति प्रदान की गई।इस बैठक में गत बैठक पर समपुष्टि प्रदान करते हुए एजेंडा में क्षेत्र के वार्ड तीन में इन्द्र कुमार सिंह के दिवाल से प्रदिप पासवान के जमीन तक नाला एवं पी.सी.सी. सड़क निर्माण कार्य, किशुन साह के जमीन से गन्नू साह के घर तक नाला निर्माण कार्य, प्रदीप साह के जमीन से रामविलास और गन्नू साह के घर तक नाला निर्माण कार्य, रामेश्वर साह के घर से सत्तों साह के घर तक नाला निर्माण कार्य, वार्ड नौ में उमेश पासवान के घर से पशुपति पासवान के घर तक पी.सी.सी. सडक एवं नाला निर्माण कार्य, एक भेलवा चौक से बिरयानी हाउस तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य, वार्ड एक के वकील पूर्वे के घर से दिनेश सिंह के घर तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य, वार्ड एक पवन गुप्ता के घर से संजीव सिंह के घर तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य , वार्ड चौदह जगरनाथ साह के घर से राजेश पासवान के घर तक आर.सी.सी. नाला निर्माण और परमेश्वर पासवान के घर से विनोद राय के घर तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य , मो. युनूस के घर से संजीत गुप्ता के घर तक आर.सी.सी. नाला विभिन्न निर्माण कार्य का भुगतान की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने। वार्ड चौदह अम्बे जगदम्बा मिल्क कॉरनाल से दिपक गुप्ता घर तक आर.सी.सी. नाला निर्माण करने पर विचार करने, अग्निशामक कैम्पस में मिट्टी भराई कार्य करने पर विचार करने, अनुमंडलीय अस्पताल के कैम्पस में मिट्टी भराई कार्य करने , रजिस्ट्री ऑफिस कार्यालय परिसर के बाहरी भूमी पर मिट्टी भराई एवं फेबर ब्लॉक से समतलीकरण करने , वार्ड दस गायत्री मंदिर से पूर्वी छोड़ तक सड़क निर्माण भुगतान की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने, वार्ड दस के मो. जाबिर घर के निकट क्रॉस ड्रेन निर्माण करने , वार्ड तेरह और चौदह में श्रवण राम के घर से लक्ष्मण राम के घर तक नाला निर्माण कार्य करने , वार्ड चार में मो. ताहिर के घर से सेबई फैक्ट्री तक पी.सी.सी. सड़क एवं नाला निर्माण कार्य करने समेत अन्य एजेंडों पर विचार कर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। मौके पर नगरपंचायत सशक्त स्थायी की बैठक में मुख्यपार्षद कैलाश पासवान , उप मुख्य पार्षद माला देवी देवी, कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. इन्द्र कुमार मण्डल, वार्ड पार्षद समिति सदस्य हनुमान मोर, शिवजी पासवान , रीना गुप्ता व प्रधान लिपिक मोहन कुमार उपस्थित थे।

परीक्षा भारी बारिश के बीच भी परीक्षार्थियों में गजब का उत्साह देखा गया

बुनियादी साक्षरता परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुआ सम्पन्न

राजकुमार झा/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर,सुपौल। जिले के छातापुर प्रखंड क्षेत्र में बनाए गए 9 परीक्षा केंद्रों पर बुनियादी साक्षरता परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। भारी बारिश के बीच भी परीक्षार्थियों में गजब का उत्साह देखा गया। परीक्षा सुबह 10 बजे प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक चली। दो पाली सभी नवसाक्षरो का परीक्षा लिया गया। परीक्षा के लिए मध्य विद्यालय बलुआ बाजार, मध्य विद्यालय जीवछपुर, मध्य विद्यालय महद्दीपुर, मध्य विद्यालय रामपुर, मध्य विद्यालय छातापुर, मध्य विद्यालय चरणे, मध्य विद्यालय चकला मकतब, मध्य विद्यालय कटहारा मकतब, मध्य विद्यालय चुन्नी को चिन्हित कर केंद्र बनाया गया था। केआरपी पूनम पाठक ने बताया कि अल्पसंख्यक 360 और महादलित 140 कुल 500 नवसाक्षर 15 से 45 आयुवर्ग की महिलाओं ने परीक्षा में शामिल होकर परीक्षा दिया। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार द्वारा संचालित महादलित, अल्पसंख्यक, अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत प्रखंड में 25 शिक्षा सेवक है। प्रत्येक केंद्र से 20-20 महिलाओं को पठन पाठन किया जा रहा है। परीक्षा केंद्र पर टोला सेवक द्वारा नवसाक्षर महिलाओं को लाया गया। सभी केंद्रों पर सम्बंधित हेडमास्टर, संकुल समन्वयक के देख रेख में परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न करवाया गया।

जयनगर के आईबी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बैठक

जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामसूरत राय को मिथिला के परम्परा के अनुसार पाग,दुपट्टा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया।भाजपा द्वारा प्रवास कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राम सूरत राय ने कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में पूरे दमखम के साथ साथ लेकर साथ देकर एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि आज पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती है और इसी उपलक्ष्य में प्रवास कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों झंझारपुर में आयोजित कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह प्रवास कार्यक्रम के तहत शंखनाद करतें हुए लोकसभा क्षेत्र के छः विधानसभा में किसी न किसी विधायक को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि मुझे खजौली विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी कार्यक्रम के तहत आज खजौली विधानसभा क्षेत्र के जयनगर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई है। प्रवास कार्यक्रम में पार्टी के सभी स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर उनके समस्याओं को सुना जाएगा। उनके द्वारा बनाए गए पदाधिकारी जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं या नहीं इस सभी बिन्दुओं पर जानकारी ली जाएगी। कैसे हमारा वोट बढ़ेगा इन सभी मुद्दों पर मिलजुल कर काम करना होगा। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा भारी बहुमत से विजय हो और एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है।इस बैठक में विधायक अरुण शंकर प्रसाद, जिलाध्यक्ष शंकर झा, प्रखंड अध्यक्ष उद्धव कुंवर, सूरज गुप्ता, अमरेश झा, हरिश्चंद्र शर्मा, अरविंद तिवारी, सुधीर खर्गा, राम दास हजरा, किशुन देव सहनी, बौआ झा, राम कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थें ।

सरकारी कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई समीक्षा बैठक

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)। जिला पदाधिकारी रोहतास श्री धर्मेंद्र कुमार के द्वारा सरकारी कर्मियों के विरुद्ध चलायी जा रही विभागीय कार्यवाहियों से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिसमें उप विकास आयुक्त शेखर आनंद, रोहतास, अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, डिहरी / बिक्रमगंज, प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व प्रशाखा, वरीय उप समाहर्ता स्थापना, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य प्रशाख एवं प्रभारी पदाधिकारी जिला नजारत के द्वारा भाग लिया गया। उक्त बैठक में लंबित विभागीय जाँच/विभागीय कार्यवाहियों से संबंधित मामलों की मामलेवार समीक्षा की गयी।

समीक्षोपरान्त निम्नांकित निदेश दिया गया जिसमें मुख्य रूप से शामिलः वरीय स्थापना उप समाहर्ता को निदेश दिया गया कि विभागीय कार्यवाही से संबंधित वैसे कर्मचारियों एवं स्थानान्तरित हुये कर्मचारियों के द्वारा अभी तक अपना पूर्ण प्रभार नहीं दिया गया है, से संबंधित संचिका तत्काल उनके विरुद्ध नियमानुसार समुचित कार्रवाई करने हेतु उपस्थापित करना सुनिश्चित करें।सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं विभागीय संचालन पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि सभी मामलों की समीक्षा करते हुये जितने भी मामलें सामान्य आरोपों से संबंधित है, उन सभी मामलों के त्वरित निष्पादन करने हेतु अपना जांच/मंतब्य सहित प्रतिवेदन अविलंब भेजना सुनिश्चित करें, ताकि उसका निष्पादन तुरंत किया जा सके। इसके साथ ही जितने भी विभागीय कार्यवाहियों में गम्भीर आरोप प्रतीत हो रहे हैं, उन सभी मामलों में विशेष अभिरुची लेकर एक सप्ताह के अन्दर निष्पादन करना सुनिश्चित करें, ताकि उन सभी लंबित मामलों का निष्पादन ससमय किया जा सके। सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं विभागीय संचालन पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि जितने भी विभागीय के निष्पादन में काफी समय व्यतीत हो चुके हैं, उन सभी मामलों का निष्पादन अगले एक माह के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। वरीय उप समाहर्ता स्थापना को निदेश दिया गया कि सभी विभागीय जांच/विभागीय कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुये अद्यतन प्रतिवेदन/ मंतब्य के साथ सभी संचालन पदाधिकारियों की अगली बैठक अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में रखना सुनिश्चित करें।

खास ख़बर

आज सीएचसी में एनएमसीएच के चिकित्सकों द्वारा कैम्प लगाकर इलाज किया जाएगा

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दावथ में आज नारायण मेडिकल कालेज सासाराम के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच कर इलाज किया जाएगा। बीएचम राजीव कुमार सिंह ने बताया कि एनएमसीएच सासाराम के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा एक दिवसीय जांच व इलाज के लिए कैंप लगाया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के सभी आए मरीजों का जांच कर मुफ्त दवा दी जाएगी। इसके लिए स्थानीय सीएचसी द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

इंद्रपुरी में डूबे किशोर का शव बरामद

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)। इंद्रपुरी में डूबे किशोर का शव 24 घंटे बाद मिला।नहर बंद कराने के लिए जाम हुआ था एन एच टू सी। आज गोताखोरों ने निकाला।मृतक इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के भलुआड़ी निवासी रामदयाल शाह के चार पुत्र एवं एक पुत्री में सबसे छोटा 15 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार है। शव पहुंचने के शव पहुंचने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

शराब के मामले में एक को गिरफ्तार कर जेल भेजा

शुभ भाष्कर, नोखा/रोहतास। थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव से पुलिस ने पूर्व के शराब के मामले में एक को गिरफ्तार का जेल भेज दिया। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव से पुलिस ने शिवपुर गांव निवासी हृदय चौधरी को पूर्व के शराब के मामले में फरार चल रहे थे ।जिसे पुलिस ने गाव से छापेमारी करके पकड़ा और गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

शराब के मामले में एक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

दैनिक शुभ भाष्कर संवाददाता, नोखा/रोहतास। स्थानीय थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव से पुलिस ने पूर्व के शराब के मामले में एक को गिरफ्तार का जेल भेज दिया। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव से पुलिस ने शिवपुर गांव निवासी हृदय चौधरी को पूर्व के शराब के मामले में फरार चल रहे थे ।जिसे पुलिस ने गाव से छापेमारी करके पकड़ा और गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

बाइक सवार पति पत्नी को आज्ञात वाहन सामने से टक्कर मार फरार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)। थाना क्षेत्र के बरडीहां सिकडडी रोड स्थित पहरमा मोड़ पर बाइक सवार पति पत्नी को आज्ञात वाहन सामने से टक्कर मार फरार हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों दम्पती सड़क के दूसरी ओर चाट में फेंका गये। सूचना मिलते ही खिरियावं मुखिया मंजू देवी घटना स्थल पर पहुंची और आनन फानन में गम्भीर रूप से घायल पति पत्नी को इलाज के लिए इटिम्हां स्थित निजी क्लिनिक में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एनएमसीएच जमुहार रेफर कर दिया। मुखिया ने बताया कि गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति काराकाट थाना क्षेत्र के खिरोडीह निवासी 40 वर्षीय राजेश सिंह हैं जबकि उनकी पत्नी खिरियावं निवासी कामेश्वर सिंह की पुत्री 35 वर्षीय कविता कुमारी बताई जाती हैं। दोनों पति पत्नी अपनी बाइक से खरीरियावं से खिरोडीह के लिए जा रहे थे कि पहरमा मोड़ के पास घुमावदार सड़क पर सामने से नासरीगंज डेहरी से आ रही कार ने टक्कर मार दिया और चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मुखिया ने बताया कि दोनों की स्थिति गम्भीर बताई जाती है।

हर्षोल्लास के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनायी गयी जयंती

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज(रोहतास)। स्थानीय नगर स्थित ठाकुरवाड़ी परिसर पर आरएसएस के संगठनकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह भाजपा नगर अध्यक्ष लालबाबु साह के अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके तैल चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष समेत मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम उपस्थित जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुशवाहा व मण्डल प्रभारी अमित कुशवाहा ने संयुक्त रूप से उनकी जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। संचालन महामंत्री रौशन कुमार ने किया। वहीं ग्रामीण मंडल के इटीम्हा शक्ति केंद्र पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कनकधीर उपाध्याय के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन मनाया गया।जिसमें मुख्य अतिथि रूप में मंडल प्रभारी अमित कुशवाहा उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्य माला पहना तथा दीप प्रज्वल्लित किया तथा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।मौके पर पंचायत अध्यक्ष चंदन कुमार, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, सीताराम सिंह,डेहरी पंचायत अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, जय सियाराम, रघुनाथ शरण गुप्ता,ललन सिंह,अविनाश कुमार, समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंतोदय दिवस के रूप में मनी दीनदयाल जयंती समारोह

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास। 25 सितंबर को काराकाट विधानसभा अंतर्गत बिक्रमगंज ग्रामीण मंडल शक्ति केंद्र घुसिया खुर्द में पंडित दीनदयाल की जयंती अंतोदय दिवस के रूप में बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का उदघाटनकर्ता लोकसभा के संयोजक एवं ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन चंद्र शाह, नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा, संस्कृति प्रकोस्त के राकेश शर्मा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का श्री गणेश वंदे मातरम गीत से हुआ तत्पश्चात आए हुए अतिथियों का पार्टी के द्वारा टोपी एवं पट्टा डालकर स्वागत किया गया। नवीन चंद्र साह ने अपने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अंत्योदय विचारधारा के जनक पंडित दीनदयाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। अंतोदय संकल्पना के सर्जक भारत के मूल भाव और सनातन व्यवस्था से आह्लादित राष्ट्रीय दृष्टिकोण को अपने विचार का आधार बनाने वाले को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई तथा अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मंडल के मंत्री शिव कुमारी देवी, लाल बिहारी सिंह , संतोष गुप्ता ,मुन्ना गुप्ता, मीडिया प्रभारी नवनीत शाह सहित बुथ कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनी

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)। भारतीय जनता पार्टी ने एकात्मक मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बक्सर जिले के सभी मंडलों में मनाई। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री पूनम रविदास द्वारा अनवास मंडल के बसंतपुर गांव के दलित बस्ती में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई तथा गरीब बच्चों में कलम और किताब का वितरण किया। पूनम रविदास ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक दार्शनिक, समाजशास्त्री एवं राजनीतिज्ञ थे ।इनके द्वारा प्रस्तुत दर्शन को एकात्म मानववाद कहा जाता है, जिसका उद्देश्य एक ऐसा स्वदेशी सामाजिक आर्थिक मॉडल प्रस्तुत करना था जिसमें विकास के केंद्र में मानव हो। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को योगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्मक मानववाद नमक विचारधारा दी। वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे, जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। उनके कुछ विचार महत्वपूर्ण हैं। जिसमें मुख्य रूप से अनेकता में एकता और विभिन्न रूपों में एकता की अभिव्यक्ति भारतीय संस्कृति की सोच रही है।

12 सूत्री मांगों को ले काराकाट में वार्ड सदस्यों ने दिया धरना

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास। रोहतास वार्ड सदस्य संघ काराकाट ईकाई द्वारा प्रखण्ड मुख्यालय काराकाट (गोडारी) में वार्ड सदस्यों ने अपनी 12 सूत्री मांगों को ले दिया 1 दिवसीय धरना। प्रखण्ड के सम्मानित वार्ड सदस्य सभी उप मुखिया एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रखण्ड के सम्मानित नागरीक उपस्थित हुए। धरना में वार्ड सदस्यों के साथ हो रहे दुव्यवहार, मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजन में वार्ड सदस्यों के अधिकार में कटौती, मुख्यमंत्री ग्रामीण गली नाली पक्कीकरण निश्चय योजना में सरकार के दोहरी नीती के तहत अधिकार से वंचित करने, बिना कार्यकारणी के बैठक के योजना शामिल करने, पंचायतो में करोड़ों रुपये के वित्तीय गबन करने, मनरेगा में धांधली, आँगनबाडी केन्द्रो में घोर भ्रष्टाचार, कबीर अंतोदय योजना के तहत अनु० जाति के सदस्यों की मृत्यु के उपरान्त लाभ से वंचित करने । प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली, गरीब परिवार को राशन से वंचित करने, प्रखण्ड कार्यालयों में घोर भ्रष्टाचार, दाखिल खारीज के नाम पर रुपयों की उगाही, काराकाट थाना पर गरीब लोगों का न्याय नही मिलना तथा अपराध से पिड़ित व्यक्ति को डरा- धमका कर थाना से भगा देना आदी विषय पर धरना की गई । अध्यक्षता दिलिप गुप्ता खण्ड अध्यक्ष वार्ड संघ तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने किया ।इसके बाद धरना प्रदर्शन के बाद आज ज्ञापन सर्मिपित किया गया। वार्ड सदस्य संघ के मांगो में मुख्य रूप से वार्ड सदस्यों के अधिकारों में कटौती बंद किया जाय तथा वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति से सम्पूर्ण कार्य (ग्रामीण वार्ड क्षेत्र में) कराई जाय । प्रत्येक वार्ड में वर्ष में 5 लाख रूपये आवंटित किया जाय । ग्राम पंचायतों में बिना कार्यकरणी के बैठक पास कर करोड़ो रूपये के लुट की जाँच करते हुए आवश्यक कार्यवाही किया जाय ।वार्ड सदस्यों के पुराना मानदेय, नल-जल योजना मे अनुरक्षण अनुदान की राशि यथा सीघ्र उपलब्ध कराई जाए। पुराना नली-गली योजना का बकाया राशि भुगतान हो। मनरेगा के तहत काराकाट प्रखण्ड में बिना कार्य करायें राशि की निकासी गलत मजदुर का नाम देकर गबन करने तथा एक ही योजना पर बार -बार दुसरा योजना दिखाकर अवैध राशि के गबन के विरुद्ध दोषियों पर कारवाई करते हुए आवश्यक कारवाई कि जाए।आँगनबाड़ी केन्द्रों में घोर भ्रष्टाचार।प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभुकों को चिहित कर गरीब परिवार को आवास उपलब्ध करायी जाए। गरीब परिवार को राशन कार्ड तथा इलाज हेतू आयुष्मान कार्ड चिन्हत कर दिया जाय । विद्यालय शिक्षा समिति में वार्ड सदस्य अध्यक्ष होते है प्रत्येक विद्यालय में अध्यक्ष को निगरानी का अधिकार से वंचित करने तथा दिगभ्रमित करने वालो शिक्षकों पर कारवाई करते हुए विद्यालय कि जाँच में सहयोग करने हेतु आदेश प्रत्येक विद्यालय को दिया जाय । ग्राम पंचायतो में किसी भी योजना के चयन में वार्ड सदस्यों कि भागदारी सुनिश्चत करायी जाय । अपराध से पिड़ित व्यक्ति को थाना में ससम्मान कानूनी प्रक्रिया का पालन कर न्याय दिलाया जाय ।

बस के धक्के से अधिवक्ता की मौत

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)। जिला व्यवहार न्यायालय के बाहर रोड पर करते समय,बस के धक्का से अधिवक्ता मदन कुमार सिंन्हा आलमगंज सासाराम को बस गाड़ी ने कुचल दिया ,जिससे उनके सासाराम कचहरी पर ही तुरंत मृत्यु हो गया इस घटना पर बिहार युवा अधिवक्ता कल्याण समिति के जिला व्यवहार न्यायालय सासाराम शाखा अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने सरकार से और जिला जज रोहतास,जिला पदाधिकारी रोहतास से यह मांग किये है कि जल्द से जल्द सासाराम जिला व्यवहार न्यायालय के सामने अंडरग्राउंड रोड का निर्माण हो या ओवर ब्रिज का निर्माण हो और जल्द से जल्द ब्रेकर बनाकर पुलिस सुरक्षा में सभी अधिवक्ता को रोड इस पार से रोड उसपार करने का व्यवस्था किया जाए और गाड़ी से हुए दुर्घटना में अधिवक्ता मदन कुमार सिंन्हा के परिवार को 50 लख रुपए सरकार मुवावजा देने की मांग की है।

24 श्रमिकों लाभुकों को अनुदान चेक मिला

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)। रोहतास जिले के चेनारी स्थित डाक बंगला परिसर में विभाग द्वारा आयोजित श्रम विभाग श्रमिकों के द्वार कार्यक्रम में सम्मिलित होकर 24 लाभुकों को अनुदान चेक और निबंधित श्रमिकों के बीच श्रमिक कार्ड का वितरण किया। कार्यक्रम स्थल पर श्रमिकों का ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन हुआ। उक्त अवसर पर रोहतास की श्रम अधीक्षक सुश्री नेहा आर्य के साथ विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कच्छवा पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत तीन मोबाइल सौंपा

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास। रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के द्वारा अपने पूरे जिले ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। जो धरातल पर कारगर होते नजर आ रहा है। इसी अभियान के तहत कछवां पुलिस ने तीन मोबाइल धारक को खोया हुआ मोबाइल बरामद कर सौंप दिया है । इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत तीन खोया हुआ मोबाइल स्थानीय थाना के अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार के द्वारा थाना क्षेत्र के कछवां निवासी शहनवाज अंसारी , अमौना निवासी शुदेश्वर सिंह और लेवा निवासी शोभा शर्मा पति कपिल शर्मा को खोया हुआ मोबाइल बरामद करने के बाद सौंपा गया । जिसको लेकर वास्तविक मोबाइल धारक अपने मोबाइल को पाकर रोहतास पुलिस के प्रति आभार प्रकट करते हुए काफी सराहना किया है ।

राष्ट्रीय एकात्म मानववाद के पुरोधा थें पंडित दीनदयाल : डॉ0 मनीष रंजन

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज (रोहतास)। भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य स्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सोमवार को रोहतास जिला स्थित सभी भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह काराकाट विधानसभा क्षेत्र के भावी भाजपा प्रत्याशी डॉ० मनीष रंजन ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जयंती पर उन्हें नमन कर याद किया। साथ ही साथ उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए डॉ० मनीष ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के पुरोधा थे। जिनके मार्गों पर चलते हुए हम सभी लोगों को उनके सपने को साकार करनी चाहिए। क्योंकि पंडित दीनदयाल सादा जीवन व उच्च विचार के धनी व्यक्ति थे। जिनके द्वारा एकात्मवाद व मानववाद नामक लिखी पुस्तक आज भी प्रासंगिक का प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्रहित में बताया था कि हमेशा हमें सही व्यक्ति को वोट देना चाहिए, न की उसके बटुए को,पार्टी को वोट दे किसी व्यक्ति को नहीं,किसी पार्टी को वोट न दे बल्कि उसके सिद्धांतों को वोट देनी चाहिए। जबकि उन्होंने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति दरिद्र नारायण की सेवा को भी उचित ठहराया है। जिसका सार्थक स्वरूप आज पूरे भारत वर्ष गरीबों की भूख उत्थान के लिए अन्त्योदय योजना चल रही है।

मोहिनी टोला में तालाब में डूबने से किशोरी की हुई मौत

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेंद्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास। सोमवार की संध्या करीब 5 बजे उस वक्त उस घर में मातम छा गया, जब पता चला कि करमा धरमा पर्व को लेकर किशोरी नेहा कुमारी गांव के ही एक तालाब में स्नान करने गई हुई थी जहां गहरे पानी मे डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में बताया जाता है कि मृतिका किशोरी मोहनी टोला निवासी उमेश चौधरी की 12 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी भाई का त्योहार कर्मा धर्मा पर्व को लेकर गांव के हीं एक तालाब में स्नान करने गई हुई थी। जहां स्नान करने के दौरान गहरे पानी में डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब परिजनों को तालाब में डूबने की खबर मिली तो परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल होने लगा। नेहा के तालाब में डूबने की खबर मिलते ही परिजन भागते हुए तालाब पर पहुंचे जहाँ नेहा कुमारी की मौत हो चुकी थी।

सभा — महिलाओं के सशक्तिकरण का जरिया बनेगी संघर्ष जीविका स्वावलंबी समिति - सीओ

संघर्ष संकुल समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेंद्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास। संझौली प्रखंड में गांव की गरीब महिलाओं को एक साथ जोड़ कर उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का मजबूत हथियार बन रही है संघर्ष जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति। उक्त बातें अंचलाधिकारी सिबू ने संघर्ष संकुल समिति लि0 संझौली की दूसरी वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुए कही। सोमवार को संझौली प्रखंड परिसर स्थित गौतम बुद्ध टॉउन हॉल में संघर्ष जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि0 वार्षिक आम-सभा आयोजित कर सदस्यों को दी गई जनकारी। संझौली प्रखण्ड क्षेत्र में 06 ग्राम पंचायतों के कुल 45 राजस्व ग्राम से हजारों की संख्या में उपस्थित प्रतिनिधि सदस्य महिलाओं की उपस्थिति में सभा का आयोजन किया गया। संघर्ष जीविका समिति की अध्यक्ष कुमारी लता देवी, अंचलाधिकारी शिबू, प्रखंड विकास पदाधिकारी मो0 सैयद सरफराजुद्दीन अहमद, प्रमुख समीर चंद्र चौधरी, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मनोज कुमार एवं बीपीएम रंजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया अंचलाधिकारी शिबू ने आधी आबादी को सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण करने में जीविका परियोजना के योगदान को रेखांकित करते हुए धन्यवाद दिया। बीडीओ मो0 सैयद सरफराजुद्दीन अहमद ने समिति को बेहतर प्रदर्शन करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। सभा में उपस्थित प्रबंधक आईबीसीबी उत्पल कान्त ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि बिहार स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम 1996 अंतर्गत निबंधित होने के 2 वर्ष के भीतर ही समिति ने कार्यक्षेत्र के सभी राजस्व ग्राम से सदस्यों को समूहों में जोड़कर उनको आगे बढ़ाने में सहयोग किया है। समिति के कार्यक्षेत्र में कुल 684 स्वयं सहायता समूहों से 8025 परिवार की महिलाएं जुड़ी हैं और लाभान्वित हो रही हैं। प्रबंधक श्रीकान्त द्वारा संघर्ष जीविका समिति की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा गया कि कुल 684 समूहों के साथ गठित समिति ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 2450410 रु0 की विशाल कार्यशील पूंजी का विविध मदों में प्राप्ति भुगतान करते हुए स्वयं सहायता समूह के माध्यम से प्रखंड के 8025 परिवारों को जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन करने में सहयोग दिया है। बीपीएम जीविका रंजीत कुमार ने समिति की महिलाओं को भविष्य में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण अधिकारी अखिलेश कुमार ने समिति से जुड़े सभी कैडरों, जिसमें 58 जीविका मित्र, 06 बुककीपर, 01 सीएफ एवं 01 एमबीके शामिल हैं, सभी को अपनी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करते हुए दीदियों को प्रगति पथ पर लगातार अग्रसर रखने में सहयोग की अपेक्षा किए। सचिव पुष्पा देवी ने 1 वर्ष की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि इस वित्तीय वर्ष में समिति में आईसीएफ के मूलधन वापसी 6432350 रु0, सामान्य ऋण मूलधन वापसी 1265450 रु0 हुई है।

मानदेय वृद्धि को ले रसोइयां फ्रंट का प्रदर्शन

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर। सरकारी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में बच्चों के लिए दोपहर का भोजन तैयार करने हेतु बहाल रसोइयों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुसार मानदेय का भुगतान करने सहित अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइयां फ्रंट के बैनर तले सैकडों की संख्या में रसोइयों ने प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया। फ्रंट के अध्यक्ष उपेन्द्र रवानी व सचिव महेन्द्र पासवान के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान रसोइयों ने कहा कि फिलवक्त उन्हें प्रतिमाह महज 1650 रूपये मानदेय का भुगतान किया जाता है जो सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। जबकि वे प्रतिदिन छह घंटे विद्यालय में अपनी सेवा देती हैं। इतने कम मानदेय से महंगाई के इस दौर में घर-परिवार चलाना संभव नहीं है। रसोइयों ने कहा कि उनकी मेहनत व कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखकर कम से कम 18000 रूपये मासिक मानदेय निर्धारित होना चाहिए। रसोइयों के अनुसार उन्हें जो अल्प मानदेय का भुगतान किया जाता है वह भी समय पर नहीं मिलता है।

9 से 12 वीं तक की मासिक जाच परीक्षा शुरू। सभी विद्यालयों में कदाचार मुक्त परीक्षा हुई

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, दावथ (रोहतास)। प्रखंड क्षेत्र के जे पी के इंटर कॉलेज बभनौल ,प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय दावथ, जगनारायण उच्च विद्यालय कोआथ,, जग दयाल उच्च विद्यालय डेढ़गांव, रामप्यार सिंह उच्च विद्यालय कवई , सहित सभी उच्चतर एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नवी से 12 वीं तक की मासिक जांच परीक्षा ली गई। वही प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं के बीच अफरा,तरफी का माहौल रहा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निर्गत किए गए प्रोग्राम के अनुसार परीक्षा नहीं लेने के कारण छात्राएं नाराज दिखाई। वही बाद में प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी के द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निर्गत प्रोग्राम के अनुसार प्रथम पाली और द्वितीय पाली की परीक्षा ली गई। शिक्षक कौशलेश कुमार ने बताया कि प्रधानाध्यापिका का सुनीता कुमारी के द्वारा एक पाली में ही परीक्षा का आयोजन किया गया। जबकि बोर्ड ने दोनों पाली में परीक्षा लेने का विज्ञप्ति निर्गत किया है। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रीता कुमारी ने बताया कि हमारे विद्यालय में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निर्गत किए गए प्रोग्राम के अनुसार ही परीक्षा हमारे विद्यालय में हुआ। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जो प्रोग्राम निर्गत किया गया है उसमें कोई भी हेर फेर नहीं किया गया। हमारा विद्यालय में करीब छह सौ छात्राएं नामांकित है जबकि मात्र पांच कैमरा ही है। काफी दिक्कत के साथ छात्राएं परीक्षा दी। जेपीके इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि हमारे विद्यालय में परीक्षा कदाचार मुक्त ली गई और बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की यह सुंदर पहल है । इससे छात्रों को आगे की परीक्षा में सहुलत होगी। मौके पर परीक्षा नियंत्रक चारों धाम मिश्रा, शिक्षक, उमेश पाठक, शिव शंकर दुबे, अनिल कुमार गिरी राजू रंजन दुबे, मिथिलेश चौधरी , सहित कई सहित सभी शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित थे।

जिला न्यायधीश के द्वारा न्यायालय परिसर में चला स्वच्छता अभियान

दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवादाता, भभुआं (कैमूर)। दिनांक 25 सितंबर 2023 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार,कैमूर के तत्वाधान में नेहरू युवा केंद्र,कैमूर के सहयोग से न्यायालय परिसर भभुआं में "स्वच्छता ही सेवा" अंतर्गत स्वच्छ भारत जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसका उद्घाटन श्री राधेश्याम शुक्ला जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कैमूर के द्वारा किया गया। तथा संदेश दिया गया कि स्वच्छता के प्रति सभी विभाग तथा आम जनमानस जागरूक हो, स्वच्छता को अपनाकर अपने स्वास्थ्य को ठीक रखकर रोगों से बचें | यह स्वच्छता ही सेवा अभियान भारत सरकार द्वारा 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक "जन भागीदारी से जन आंदोलन" के तहत देश भर में चलाया जा रहा है। जिस अभियान अंतर्गत देश भर में कई प्रकार के स्वच्छता संबंधी कार्यक्रमो का आयोजन कराया जाना है।जिसका

"स्वच्छता ही सेवा है का दिया गया संदेश"

समापन 2 अक्टूबर 2023 को भव्य रूप से किया जाएगा |कार्यक्रम में उद्घाटन के अवसर पर श्री भरत भूषण भसीन प्रधान न्यायाधीश, सुशील करोलिया जवाहर युवा केंद्र कैमूर पदाधिकारी,संतोष तिवारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम एडीजे-1, नम्रता तिवारी एडीजे-3, आशुतोष उपाध्याय एडीजे-6, रश्मि प्रसाद एडीजे 9, शहरयार मोहम्मद अफजल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कैमूर , मनोज कुमार अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी,मनीष मिश्रा न्यायिक दंडाधिकारी, सुभाष कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, सुशील कुमार श्रीवास्तव अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी प्रशासन व्यवहार न्यायालय भभुआं, पूर्व संयुक्त सचिव अधिवक्ता संघ मंटू पांडेय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोहम्मद मेराज अंसारी ,संजय कुमार, इमरान खान, सुशील कुमार नाजिर ,व्यवहार न्यायालय, विनीत कुमार, धीरज कुमार ,प्रदीप कुमार चौरसिया, रवि रंजन कुमार, रवि ओझा ,करण कुमार ,शंभू कुमार ,महेश कुमा ,जितेंद्र कुमार, प्रीतम कुशवाहा (फिजियोथैरेपिस्ट सदर अस्पताल,भभुआ),दुलारचंद राम, स्वयंसेवक श्री राम शर्मा ,स्वयंसेवक पिंटू मिश्रा, आलोक उपाध्याय, समेत कई न्यायिक पदाधिकारीगण तथा न्यायिक कर्मी मौजूद थे|

खास खबर

राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही बना पड़ा है ऑटो बस स्टैंड

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)। थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग दो मरहिया मोड़ पर बस व ऑटो खड़ाकर जाम की स्थिति पैदा कर दी जाती है। आपको बता दें कि मरहिया मोड़, डहला मोड़, दुर्गावती बाजार, स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर बस व ऑटो चालकों द्वारा वाहन खड़ा कर राष्ट्रीय राजमार्ग 2 को है स्टैंड बना दिया जाता है। सड़क पर वाहनों की भरमार लगा रहता है। जिससे आने जाने वाले लोगों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।हाईवे से जब बड़े वाहन गुजरते हैं, तब छोटे-छोटे ऑटो खड़े होने के कारण जगह कम मिल पाती है, जिसके कारण आने जाने वाले वाहनों से आए दिन घटना दुर्घटना होते रहती है। पर इसके बावजूद भी ऑटो चालक अपना ऑटो सड़क पर लगाकर मस्ती में सवारी का इंतजार करते रहते हैं। स्थानीय शासन प्रशासन व परिवहन विभाग के द्वारा ऐसी समस्याओं पर ध्यान नहीं देने के कारण कितने लोग काल के गाल में समा गए, और भविष्य में समा जाएंगे। आए दिन शासनिक प्रशासनिक पदाधिकारी इन जगहों से गुजरते हैं, पर उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगता है। आखिर यह जिम्मेवारी किसकी है।

एक शराब कांड का अभियुक्त समेत दो वारंटी भेजे गए जेल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)। थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मामलों में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक को शराब के मामले में थाना कांड संख्या 128/23 में स्थानीय क्षेत्र के केशव पुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार तो वही इसी थाना क्षेत्र के दूसरे मामले में कोर्ट में दायर परिवाद में फरार चल रहे वारंटी रामाश्रय पासवान कबीलाशपूर व ब्रह्मदेव मल्लाह चेहरियां निवासी को भी कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद जेल भेज दिया गया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाया गया

शुभ भास्कर, रामगढ़ कैमुर। भारतीय जनता पार्टी के तरफ से आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती रामगढ़ प्रखंड भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर एवं हर एक बुथ पर मनाया गया प्रखंड कार्यालय पर रामगढ़ के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ और सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया वीरेंद्र खरवार, विकास पांडे ,रवि खरवार ,फूल कुमारी देवी, मदन मोहन पांडे, पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह, चंदन चौबे, मुखिया अंबिका बिन्द ,युवा नेता दुर्गेश मणि सिंह, अखिलेश सिंह,बजरंग सिंह, शिवम सिंह,बिहारी,बिन्द, मंधाता श्रीवास्तव, संजय यादव, अनिल कुशवाहा थे।

ऋण स्वीकृत एवं वितरण कैंप का आयोजन किया गया

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर। भभुआं उद्योग विभाग से संबंधित योजनाओं पी एम ई जी पी, पी एम एफ एम ई, बुनकर मुद्रा योजना अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवम ऋण वितरण कैंप का आयोजन लिच्छवी भवन में किया गया। कैंप का उद्घाटन जिलाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कैंप में एसडीओ भभुआं, डीसीएलआर भभुआं, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, एलडीएम एवम अन्य पदाधिकारी एवम शाखा प्रबंधक उपस्थित हुए। जिला पदाधिकारी द्वारा लाभुको को ऋण स्वीकृति पत्र वितरण किया गया एवम बैंक से प्राप्त लोन का सही से उपयोग कर आगे विकास करने का संदेश दिया गया ।

नगर पंचायत में बंदरों का आतंक मौके पर पहुंचे वन विभाग ने पांच को पकड़ा

दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, मोहनियां (कैमूर)। अनुमंडल क्षेत्र के रामगढ़ नगर पंचायत में बंदरों की आतंक से नगर पंचायत वासी परेशान वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच पकड़ा पांच बंदरों को, आगे रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ है। आपको बताते चले कि रामगढ़ नगर पंचायत में पिछले कई महीनो से बंदरों का आतंक व्याप्त हैं। जिसे लेकर आए दिन नगर वासियों को समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। रामगढ़ वार्ड नंबर 1 के निवासी नीरज सिंह बताते हैं, की बंदरों के कारण रोज उनका कम से कम 500 रुपए का नुकसान होता है। पानी की टंकी के ढक्कन को तोड़ देना, बाहर सुख रहे कपड़े फाड़ देना इत्यादि आम बात हो गई है। कमोबेश यही हालत पूरे रामगढ़ नगर पंचायत क्षेत्र की है।जिससे यहां के स्थानीय नागरिक पूरी तरह से त्रस्त हो चुके हैं। वही कई बार शिकायत करने के बाद जंदहा स्थित वन विभाग की रेस्क्यू सेंटर की पांच सदस्यीय टीम ने आज वार्ड नंबर एक में बंदरों को पकड़ना शुरू किया। टीम ने बताया की सुबह दस बजे से ही हम लोग बंदरों को पकड़ने में लगे है, जिसमे मात्र 5 बंदरों को ही पकड़ा जा सका, वही बाकी सभी बंदर इधर उधर भाग निकले। वहीं टीम के सदस्यों ने बताया की मंगलवार को भी बंदरो को पकड़ने का कार्य किया जायेगा। रेस्क्यू टीम में बाबू लाल, विजयमल, जवाहर, विक्की तथा सन्नी शामिल रहे। पकड़े गए सभी पांचों बंदरो को अधौरा के जंगल में छोड़ा जाएगा।

नोटिस लौटाने व जमीन की मांग को लेकर महिलाएं पहुंची डीएम कार्यालय

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर। जिला के कुदरा प्रखंड के गजराढ़ी गांव से जमीन पर नोटिस हटाने एवं जमीन की मांग को लेकर दर्जनों महिलाएं आवेदन देने जिला मुख्यालय पहुंची। ग्रामीण महिलाओं के द्वारा बताया गया, कि जिला प्रशासन द्वारा उक्त भूमि पर पहले लाल कार्ड दिया गया है जो की अनाथालय की जमीन है। अब हम लोग घर बनाना चाहते हैं तो दोबारा से नोटिस देकर जमीन को ले लिया गया है। हम लोगों को दूसरे जगह जमीन भी नहीं दिया जा रहा है। इसको लेकर हम लोग डीएम कार्यालय नोटिस वापस करने और दूसरे जगह जमीन मुहैया कराने के लिए आवेदन देने आए हुए हैं। ऐसे देखा जाए तो पूर्व में कुछ दलालों के माध्यम से ऐसे ही लाल कार्ड या रसीद देकर लोगों से क्षमता अनुसार पैसा लिया गया है। जिससे लोग अपना भूमि मानकर कब्जा करते हैं या कब्जा करने की कोशिश करते हैं, जो की परेशानियों का कारण बनता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई जन्म जयंती

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर(कैमूर)। भाजपा मंडल अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में रामपुर प्रखंड के बहेरी गांव के काली मंदिर के पास स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर माल्यार्पण कर जन्मोत्सव समारोह मनाया गया। मंडल अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह जी के द्वारा बताया गया कि उनका जन्म 25 सितंबर 1916 को हुआ था ,पंडित दीनदयाल जी का जन्म उनके नाना पंडित चुन्नीलाल जी के यहां राजस्थान के धनकिया नामक ग्राम में हुआ था। पंडित दीनदयाल जी का यह संदेश था कि वह अवसरवाद से राजनीति के प्रति लोगों का विश्वास खत्म होता देख, अपने राष्ट्र की पहचान को बनाने, भारत के मूलभूत समस्याओं

का प्रमुख कारण बिना राष्ट्रीय पहचान की स्वतंत्रता का कल्पना करना व्यर्थ है। नैतिकता के सिद्धांत किसी व्यक्ति द्वारा बनाए नहीं जाते बल्कि खोजे जाते हैं, दीनदयाल उपाध्याय जन संघ के राष्ट्र जीवन दर्शन के निर्माता माने जाते थे। इसीलिए हमारे राष्ट्र में पंडित दीनदयाल जी का 25 सितंबर 1916 को जन्मोत्सव मनाया जाता है। अंत्योदय का सिख उन्हीं के द्वारा दिया गया था जिस पर भाजपा अपने कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल जी के जन्मोत्सव में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री राघवेंद्र सिंह ,मनोज गुप्ता ,पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण चौबे जी, युवा मोर्चा महामंत्री बिगु,माली, शक्ति केंद्र प्रमुख लड्डू सिंह, विंध्याचल साह ,मुकुल सिंह अमरेश सिंह, अजीत सिंह, रिंकू सिंह ,पप्पू चंद्रवंशी ,अंकित शर्मा, मुकेश सिंह आदी सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

थाना प्रशासन ने 20 लीटर देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

रामपुर (कैमूर)। रामपुर प्रखंड के करमचट थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के लोहंदी गांव से, 20 लीटर देसी महुआ वाली शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार। थाना अध्यक्ष सुमीत कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, थाना प्रशासन द्वारा शराब व शराबियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में थाना क्षेत्र के लोहंदी गांव से गुप्त सूचना मिला, की एक व्यक्ति द्वारा शराब का धंधा किया जा रहा है। सूचना की पूष्टी हेतु लोहंदी गांव में छापामारी किया गया जिसमें 20 लीटर देसी महुआ वाली शराब के साथ लोहंदी गांव निवासी अजय राम उर्फ मंटु राम पिता विश्वनाथ राम को गिरफ्तार किया गया। जिसकी सभी कानूनी प्रक्रिया कर जेल भेज दिया जाएगा।

धूमधाम से मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती(कैमूर)। मंडल के भाजपा कार्यालय पर दलित शोषित वंचितों की आवाज उठाने वाले अंत्योदय प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मजयंती भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया।जिसमें उपस्थित महामंत्री बिपिन कुमार केवट, जिला मंत्री देवमूरत पांडेय, सरोजा माधुरी, जिला अनुसुचित मोर्चा अध्यक्ष रामराज भारती, भाजपा नेता हरिद्वार राम,युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू बिंद,मंडल मंत्री शिवपर्षन कुशवाहा, कोषाध्यक्ष मुन्ना सेठ, मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह, रामाबिंद सहित अन्य काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

प्रेम से जीता जा सकता है किसी को भी राम श्याम दास

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर(कैमूर)। प्रखण्ड के हाटा राम जानकी मंदिर के प्रागंण में राधा अष्टमी के मौके पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में इस्कॉन राधा कृष्ण मंदिर भभुआं से पहुंचे कथा व्यास राम श्याम दास प्रभु के द्वारा प्रभु श्री कृष्ण राधा रानी के प्रेम को अद्भुत बताते हुए कहा कि आज पूरे संसार में ऐसा प्रेम नहीं है। राधा रानी की कृपा से आपका जीवन सुखमय हो जाता है। कथा व्यास राम श्याम प्रभु ने कहा कि रुक्मणी प्रभु कृष्ण की पत्नी होते हुए भी राधे कृष्ण का ही नाम पूरे संसार में लिया जाता हैं।पवित्र निस्वार्थ प्रेम से आप किसी के भी दिल को जीत सकते हैं।बरसाने वृंदावन वृषभानु कुमारी की कई अद्भुत कथाओं का वर्णन कथा व्यास ने किया।इस दौरान राधा रानी का दूध,दही, शहद सहित अन्य सामग्री से अभिषेक किया गया।

बस स्टैंड में बदमाशों ने ई रिक्शा चालक को मारपीट कर किया घायल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर। भभुआं अखलासपुर बस स्टैंड में दो अज्ञात बदमाशों ने ई रिक्शा चालक को मारपीट कर घायल, मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने इलाज के लिए पहुंचाया अस्पताल। ई-रिक्शा चालक भगवानपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी संपत बिन्द का पुत्र कुश कुमार है। घायल व्यक्ति ने बताया कि मैं भभुआं अखलासपुर बस स्टैंड में खड़ा था, तभी दो अज्ञात बाइक सवारों ने मारपीट कर घायल कर दिया और भाग गए। इसके बाद सूचना पर पहुंची 112 डायल की पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया है।

अभियान बच्चों एवं वहां पर उपस्थित शिक्षकों को अभियान के तहत शपथ दिलाई गई

पंचायत मे चलाया गया स्वच्छता ही सेवा है जागरूकता अभियान

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दुर्गावती (कैमूर)। प्रखंड अंतर्गत खजुरा पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी दुर्गावती ऋचा मिश्रा के निर्देश पर, ग्राम पंचायत के मुखिया संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में व प्रखंड समन्वयक प्रमिला कुमारी की उपस्थिति में पर्यवेक्षक अनिल कुमार के द्वारा, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा है जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत पर्यवेक्षक अनिल कुमार के द्वारा खजुरा पंचायत के उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय खजुरा में, बच्चों एवं वहां पर उपस्थित शिक्षकों को स्वच्छता ही सेवा जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। साथ ही स्वच्छता के अभाव में समाज में फैल रही बीमारियों के संबंध में भी पर्यवेक्षक के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि जब हम बाहर गंदगी करते हैं या कूड़ा कचरा फेंकते हैं, तो उससे जो दुर्गंध निकलती है तो वायुमंडल की हवाएं दूषित होती हैं। दूसरी तरफ उन पर मक्खी जैसे छोटे-छोटे कीट बैठ करके उसके अंदर से संक्रमित कीटाणुओं को लेकर अपने साथ हमारे खाने पीने के साथ ही शरीर के ऊपर बैठ जाते हैं। जिसकी वजह से नाना प्रकार की बीमारियां फैलती है।जो बीमारियां बड़े संक्रमित बीमारी का रूप ले लेती हैं, जिससे जनजीवन काफी प्रभावित होता है। इसलिए हमें बाहर न शौच करना है, न ही घर का अपशिष्ट पदार्थ फेंकना है। जिससे कि गंदगी फैले और उसकी वजह से लोगों मे बीमारी फैले । इस प्रकार से कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए, पर्यवेक्षक के द्वारा विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को जागरूक किया गया। वही उन्हें इस विषय में अपने घर परिवार एवं पास पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करने का अपील किया गया। बता दें कि लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा जागरूकता पखवाड़ा 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जिसके तहत दुर्गावती प्रखंड ही नहीं पूरे जिले सहित बिहार के प्रत्येक पंचायत में स्वच्छता ही सेवा जागरूकता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों को स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई जा रही है, तो रात्रि चौपाल लगाकर भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जगह-जगह सफाई अभियान चला करके लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में दुर्गावती प्रखंड के खजुरा पंचायत के प्रत्येक गांव गांव में जाकर के पर्यवेक्षक अनिल कुमार के द्वारा स्वच्छता ही सेवा जागरूकता अभियान के तहत, लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। और शपथ भी दिलाई जा रही है।

क्या 3 किलोमीटर से 4 किलोमीटर की दूरी तय कर बच्चे पहुंच सकते हैं आंगनबाड़ी केंद्र पर

आंगनबाड़ी केंद्र मंजूर किसी गांव के नाम पर, और चलता है किसी और गांव में

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती सदर, दुर्गावती (कैमूर)। पुराने जमाने की कहावतें है कि माल महाराज का, मिर्जा खेले होली। आज ये कहावतें चरितार्थ कर रहा है, दुर्गावती प्रखंड का कुछ आंगनबाड़ी केंद्र।आपको बताते चलें कि दुर्गावती प्रखंड के चेहरिया पंचायत के ग्राम बहेरा के नाम पर मंजूर है, लेकिन यह बाल विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र इस समय गांव से लगभग 3 किलोमीटर दूर गोपीनाथ पूर गांव में चलाया जा रहा है। तो दूसरा आंगनबाड़ी केंद्र कल्याणपुर पंचायत के कल्हनुवा गांव के नाम पर मंजूर है, जिसे ग्राम ईटही में चलाया जा रहा है, जिसकी भी दूरी लगभग तीन से चार किलोमीटर के अंतराल में है। आंगनबाड़ी केंद्र को अपने गांव बहेरा ले जाने के लिए गांव की महिला अपने बच्चों के साथ दुर्गावती सिडिपिओ से मिलने आई थी, लेकिन सिडीपिओ के नहीं रहने के कारण करीब 2:00 बजे

उप प्रमुख प्रेम कुमार को गोपीनाथपुर से विद्यालय को अपने गांव बहेरा में ले आने के लिए आवेदन दिया। इससे संबंध में आई हुई महिलाओं के आवेदन के विषय में प्रमुख से पूछा गया, तो उन्होंने बताया की बहेरा गांव के महिलाओं के द्वारा आवेदन मिला है, इस मुद्दे पर मैं संबंधित अधिकारियों से बात कर आंगनवाड़ी केंद्र को बहेरा गांव में स्थापित करने के लिए प्रयास करूंगा। ताकि वहां के बच्चे आसानी से शिक्षा ग्रहण कर सके। आवेदन देने पहुंची महिला किरण देवी मीना देवी सुमन देवी आकांक्षा देवी नीलम देवी ने बताया कि पोषण आहार महिलाओं को हम लोगों के गांव में नहीं मिलता है। जब हम लोग पोषण से संबंधित सुविधा की मांग करते है तो सहायिका सुनीता देवी के द्वारा डॉट कर भगा दिया जाता हैं। हम लोगों के ग्राम बहेरा के कुछ बच्चों का नाम सहायिका अपने पंजी में रजिस्टर्ड करली हैं, लेकिन उन बच्चों को समुचित सुविधा नहीं मिलती न बच्चे स्कूल जा पाते हैं। इस संबंध में सहायिका सुनीता देवी ने बताया कि बहेरा गांव में भवन नहीं था, और भाड़े का भवन खोजे जाने के बाद भी कोई भवन नहीं मिला, इस लिए केंद्र चलाने के लिए मैं गोपीनाथपुर में केंद्र को चला रही हूं। इस संबंध में मैं उसी समय सिडिपिओ आशा देवी को एक लिखित आवेदन दें मंजुरी मिलने के बाद, केंद्र को गोपीनाथपुर में चलाने का काम प्रारंभ किया। आंगनवाड़ी में मिलने वाली सरकार के द्वारा सुविधा पोषा आहार मैं देती हुं बहेरा गांव के लोगों को। जब सहायिका सुनीता देवी से पूछा गया कि आपके विद्यालय में बहेरा गांव के कितने बच्चे का नामांकन है, तो उन्होंने बताया कि 30 बच्चे का नामांकन हमारे गांव गोपीनाथ पूर में है। लेकिन गांव की दूरी के विषय में जब बात की गई की आपका आंगनबाड़ी केंद्र गांव से 3 किलोमीटर दूर है, तो छोटे नवनिहाल केंद्र पर कैसे जाते हैं तो चुपी साध ली।

ख़ास ख़बर

सूची के मुताबिक विनय तिवारी मीटर रीडर कमेटी के अध्यक्ष मनोनीत

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। विद्युत मजदूर पंचायत के मीटर रीडर कमेटी के पदाधिकारी का मनोनयन पूर्वांचल अध्यक्ष निर्भय नारायण सिंह ने आज किया। सूची के मुताबिक विनय तिवारी मीटर रीडर कमेटी के अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं जबकि अनिल सिंह मंत्री, शशिकांत भारती, कृष्णकांत सिंह, अनिल श्रीवास्तव, शिव शंकर कश्यप, जवाहर पटवा, सुनील राय और हरेंद्र खरवार वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं, वरुण राय को संगठन मंत्री बनाया गया है। निर्भय नारायण सिंह ने नव मनोनीत पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संगठन को मजबूत करने की अपील की है।

किसान कराए केवाईसी और बैंक आधार एनपीसीओ लिंक, हेमलता भारती सहायक कृषि विभाग

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। जखनियां ब्लाक के कृषि विभाग के सहायक प्रविधिक हेमलता भारती ने किसानों को जागरुक करते हुए कहा कि किसान भाई 14वीं किस्त के समय में चुके हुए जो किसान है भूमि अंकन, केवाईसी अथवा आधार एनपीसीआई को अनिवार्य रूप से सहज केंद्र और बैंक से जुडा ले। सरकार का सख्त निर्देश है कि जिन किसान भाइयों का ई केवाईसी और आधार एनपीसीआई नहीं लिंक होगा 15वीं किस्त से वंचित हो जाएंगे। कुछ किसानों की समस्या होगी तो तत्काल अपने नजदीकी डाकघर से खाता खुलवा कर भी ब्लॉक पर जमा कर दें।

फूड विभाग के बाजार में रेड से धड़ाधड़ बंद हुई दुकान

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर। जखनिया दुल्लहपुर के दुकानों पर आज दोपहर 1:00 बजे फूड विभाग के टीम के पहुंचने की सूचना पर किराना मिष्ठान सहित अन्य दुकान बंद हो गई। सूचना मिली कि जखनिया बाजार से आधे दर्जन दुकानदारों के सैंपलिंग लिए गए साथ ही दुल्लहपुर में भी कई दुकानें बंद हो गई। फूड विभाग के टीम अमारी में मिली तो जब उनसे बातचीत किया गया तो उन्होंने कहा कि शाम को फोन से सूचना देंगे। फिलहाल यहां पर कोई सैंपलिंग लेने की मामले नहीं है।उन्होंने पूरी जानकारी देने से इन्कार किया।सपा के विधानसभा अध्यक्ष अवधेश उर्फ राजू यादव ने कहा कि फूड विभाग को ऐसा नही करना चाहिए चेकिंग से पहले सूचना देनी चाहिए।कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष देव नारायण सिंह ने कहा कि महंगाई से दुकानदार त्रस्त है। तथा विभाग को दुकानदार और व्यापारी संगठन को अवगत कराना चाहिए।

डाई राशन लेने गए किसान की साइकिल चोरी

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। भुड़कुड़ा कोतवाली के जखनिया ब्लॉक के डाई राशन गोदाम के बाहर मकदुमपुर गांव निवासी सुभाष यादव का साइकिल खड़ा कर डाई राशन लेते वक्त सायकिल हुई चोरी।काफी खोजबीन के बाद भी साइकिल नही मिली तो थाने पर दी सूचना।

बिरनो ब्लॉक परिसर में चिंतन शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चयनित आकांक्षी विकास .खण्ड विरनों के विकास के लिए ब्लाक डेवलेपमेंट स्टेटजी निर्माण हेतु चिंतन शिविर का आयोजन जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं मा0 जनप्रतिनिधिगण की उपस्थित में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार की नीति आयोग द्वारा विकासखंड विरनो का चयन आकांक्षात्मक विकासखंड के अंतर्गत किया गया है इस हेतु नीति आयोग के निर्देश पर विकास खंड विरनो की विकास रणनीति बनाने हेतु विकासखंड स्तर पर आज चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। चिंतन शिविर में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, सामाजिक विकास ,आधारभूत ढांचा के विकास हेतु रणनीति पर चर्चा की गई एवं उपस्थित मा0 जनप्रतिनिधियों से सुझाव भी लिये गये जिससे यहां विभागीय योजनाओ के संचालन एवं क्रियान्वयन पर सही रणनीति बन सके। सम्बन्धित अधिकारियो6 अपने-अपने विभागीय पैरामीटर्स से लोगो विस्तारपूर्वक अवगत कराया जिन पर कार्य किया जा रहा है। चिंतन शिविर मे ब्लाक प्रमुख से लेकर ग्राम प्रधानो ने अपने-अपने सुभाव को रखा जिसमे प्रमुख तौर पर सी एच सी विरनो मे डेन्टल चिकित्सक, एक्स-रे एंव अल्ट्रासाण्ड मशीन की उपलब्धता, गरीब बच्चियों को कक्षा 08 के बाद निजी विद्यालयो में दाखिले हेतु 25 प्रतिशत पंजीकरण, ब्लाक स्तर पर बालिका इण्टर कालेंज की स्थापना एंव पात्र लोगो को पेशन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु अपने सुझाव दिये गये। चिंतन शिविर में आगनबाड़ी रमावति सिंह के द्वारा जिलाधिकारी के पूछे गये विभागीय प्रश्नो का उचित जवाब देने पर जिलाधिकारी ने प्रसंन्नता व्यक्त करते हुए उन्हे पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया एवं अन्य आंगनवाडी कार्यकत्री को भी इनसे सीख लेने की बात कही। वही इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह ने अपने सम्मानित ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों से ब्लॉक क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत के विकास के लिए सुझाव की भी मांग की उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य छोटी-छोटी सुझाव को भी इंगित कर सकते हैं उनके द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जाएगा और जिस प्रकार एमएलसी विशाल सिंह चंचल जी के प्रयास से अपने ब्लॉक को नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चयनित किया गया है इसके लिए हम बहुत ही श्रेणी है और हम विश्वास दिलाते हैं कि ब्लॉक के विकास के लिए हर कदम सफलतापूर्वक उठाया जाएगा। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख बिरनो राजन सिंह, एम एल सी प्रतिनिधि प्रदीप पाठक, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी देश दीपक पाल, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डी सी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी विरनो, खण्ड शिक्षा अधिकारी बिरनो, एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी, ग्राम प्रधानगण, आगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहु, एवं गणमान्य नागरिक एवं अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में असिस्टेंट प्रोफेसर की मृत्यु

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर। पी०जी० कॉलेज के कृषि संकाय में जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर उदय प्रताप पाण्डेय का सोमवार के दिन सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। डॉक्टर पाण्डेय डेढ़ दशकों से महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर शिक्षण कार्य कर रहे थे। वह 2005 में महाविद्यालय नके साथ असिस्टेंट प्रोफेसर कृषि वनस्पति विज्ञान विभाग के पद पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। वह ढोटारी गांव के मूल निवासी थे। रोजाना की तरह कक्षा लेने के बाद डॉक्टर पाण्डेय कहीं जा रहे थे। इसी बीच बबेडी के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। जिसमें उन्हें गंभीर चोटे आई। उन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। डॉक्टर पाण्डेय की मृत्यु की खबर मिलते ही पी०जी० कॉलेज परिसर में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। प्राचार्य प्रोफ० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं चीफ प्रॉक्टर प्रोफे० (डॉ०) एस०डी० सिंह 'परिहार' की मौजूदगी में महाविद्यालय परिसर में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन हुई। शोक सभा में समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ ही छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहीं।दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रोफ० डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि डॉक्टर यू०पी० पाण्डेय एक शिक्षक के तौर पर अपने जिम्मेदारियों के प्रति सदैव सजग रहते थे। उनका असमय जाना महाविद्यालय परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है। महाविद्यालय परिवार दुःख की इस घड़ी में उनके परिजनों के साथ है।

करण्डा ब्लॉक अध्यक्ष सर्वसमिति से मोती यादव प्रधान बक्शा चुने गए

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, करण्डा। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा गाजीपुर के द्वारा करण्डा ब्लॉक का महासम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें गरिमामयी उपस्थित पूर्व में डीआईजी बलिकरन यादव मुख्यातिथि मास्टर राजेन्द्र यादव विशिस्ट अतिथि पूर्व प्रधान रामबचन यादव यादव सभा के नेता प्रधान रामज्ञान यादव राधे श्याम यादव पूर्व चेयरमैन यादव सभा के मार्गदर्शक मंडल सदस्य राम नगीना यादव जी थे विशेष रूप से उपस्थित रहे पूर्व जिलापंचायत सदस्य हरेंद्र यादव व कार्यक्रम के अध्यछता मास्टर सोचन यादव ने किया मंच संचालन सुभाष यादव ने किया सर्वसमिति से बक्सा के प्रधान मोती यादव को अध्यक्ष ब्लाक का चूना गया सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने बोला हम सभी यादव का गौरवशाली इतिहास रहा है।चाहे आजादी लडाई रही हो या कोई जंग रहा हो यादव समाज मजबूती लडा. हम सभी यादव भाई को समाज में आपसी झगड़े को आपस में मिल बैठ कर सुलह करने

का कार्य करे।हम सभी को आसपास गरीब बच्चों बच्चियों को चिन्हित करके संगठन के लोगों को अवगत कराना चाहिए पढ़ने में अच्छा हो गरीब उसकी मदत होनी चाहिए जो लोग दवा ईलाज से बंचित है समाज लोगों की मदत होनी चाहिए हम सभी कभी किसी डॉक्टर के जाते हैं अच्छा डॉक्टर देखते हैं जाती नहीं देखते हम अपने बच्चों को पढ़ने जाते हैं तो अच्छा स्कूल देखते हैं अच्छा मास्टर देखते हैं जाती नहीं देखते जो अपना मकान बनाते हैं अच्छा समाज और अच्छी क्वालिटी का मिस्त्री रखते हैं और वहां हम जाती नहीं देखते लेकिन जब चुनाव आता है चुनाव में प्रत्याशी की क्वालिटी नहीं देखते हैं आपस में कुरीबाद में फंस जाते हैं इन सब चीजों को त्यागना होगा तभी समाज आगे बढ़ सकता है।

छात्र-छात्राओं में वितरित किया गया पाठ्य सामग्रीं

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। अगर व्यक्ति चाहे तो हर गरीब घर का बच्चा पाठ्य सामग्री के अभाव में शिक्षण कार्य से वंचित नहीं रह सकता। क्योंकि बच्चे देश के भविष्य हैं। इन्हें प्रोत्सान व सहयोग की जरूरत है। कुछ इसी तरह की सोच डंडापुर ग्राम निवासी गजेन्द्र सिंह की है। वह गरीब बच्चों तक पाठ्य सामग्री कैसे पहुंचे, इसके लिए उन्होंने अपनी पुत्री के जन्मदिन को माध्यम बना रखा है। वह अपनी पुत्री आस्था सिंह के जन्मदिन पर हर वर्ष पाठू सामग्री का वितरण करते हैं। इस क्रम में उन्होंने सोमवार को भी प्राथमिक विद्यालय तवक्कलपुर उर्फ डंडापुर के छात्र-छात्राओं में कॉपी, कलम, पेंसिल, मिष्ठान, फल आदि सामग्रियों का निःशुल्क वितरण कर प्रेरणा के पात्र बने हैं। उनका यह तीसरा वर्ष है छात्र-छात्राओं में पाठ्य सामग्रियों का वितरण करने का। इनके इस कार्य की शिक्षकों समेत अभिभावकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है। कहा कि ऐसे ही लोग शिक्षा का अलख जगाने के लिए आगे आते रहें, तो हर गरीब का भी बच्चा पठन-पाठन से कभी वंचित नहीं रह सकता। गजेन्द्र सिंह ने कहा कि मेरी इच्छा है कि गरीब से गरीब घर का बच्चा भी शिक्षा से जुड़ा रहे। यही सोचकर मैं हर वर्ष अपनी बच्ची के जन्मदिन पर पठन-पाठन के सामग्रियों का वितरण करता हूं। निःसंकोच आगे भी यह जारी रहेगा। इस दौरान लक्ष्मीकांत सिंह, मनोज कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

नरेंद्र मोदी ने पंडित दीनदयाल के सपनों को किया साकार - प्रमोद वर्मा

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। आज जखनिया विधानसभा में गरीबों और दलितों के मसीहा राष्ट्रवादी नेता ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी जन्म जयंती पर, जखनियां मण्डल प्रथम के बूथ संख्या 203 पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि माँ भारती की सेवा में जीवनपर्यंत समर्पित रहे अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी का व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। एक सशक्त राष्ट्र के रूप में भारत को बेहतर बनाने के लिए उनके योगदान निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। उनकी जन्म-जयंती पर उन्हें मेरा सादर नमन। दीनदयाल उपाध्याय को भारत में गरीब-दलितों की आवाज भी कहा जाता है। उनका सपना था कि देश की हर जन कल्याणकारी योजना का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिए योजनाएं बननी चाहिए। देश के लिए दिए गए उनके योगदान के उपलक्ष्य में उनकी जयंती 25सितम्बर को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया है और भाजपा सरकार की सारी योजनायें देश के अंतिम व्यक्ति से शुरू होकर उनके जीवन मे व्यापक बदलाव लायी है। इस मौके पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, धर्मेंद्र कुशवाहा, अभय सिंह, सेवक राम, मोहम्मद, काजल, गुड़िया, उमेश सिंह, पिंटू राम, दिनेश गुप्ता, सुनील सिंह, रविकांत गुप्ता, रामाश्रय शर्मा, रिंकू, नंदलाल सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहें।

समाजिक समावेशन जारूकता कार्यक्रम का आयोजन

सिकंदरपुर, बलिया। सर्व सेवा संस्थान, नवरतनपुर द्वारा ''अन्तर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह'' के अवसर पर समाजिक समावेशन जारूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर परमानन्द प्रजापति ने बताया कि ध्वनि 'प्रदूषण' के कारण आज लोगों को सुनने में कठिनाईयॉ हो रही।इस अवसर पर सुनिल प्रजापति ने बताया कि श्रवण दोष के बचाव कैसे करेंगे जैसे- कान के ऊपर चोट लगने से बचाना चाहिए। गर्भवती माँ को समय पर टीके लगवाते रहना चाहिए। गर्भवती माँ को संतुलित पौष्टिक आहार सही मात्रा में लेना चाहिए। नशीली दवाईयों एवं मादक पदार्थो का सेवन गर्भावस्था के दौरान नही करना चाहिए। जन्म के बाद बच्चों को टीका समय पर लगवाते रहना चाहिए। बच्चे को शोर गुल वातावरण से दूर रखना चाहिए। नाक, कान, गला सम्बन्धी संक्रमण होने पर जल्द से जल्द उपचार कराना चाहिए।

घर बंटवारे के बाद पट्टा की जमीन को लेकर जेठान भसूर ने महिला को पीटा

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। भुड़कुड़ा थाने के हुसनपुर गांव में दोपहर 12बजे अनिता देवी 30वर्ष पत्नी जितेंद्र राम अपने पट्टे की भूमि पर दीवार जोड़ने के बाद जेठान और भसुर ने कहासुनी के बाद लाठी से अनिता की पिटाई कर दी साथ ही जेठान ने बाए हाथ के अंगुली भी दात से काट दी।लहूलुहान स्थित में थाने पहुंच नामजद तहरीर दी।पुलिस ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।कोतवाल तारावती ने बताया की तहरीर मिली है कार्यवाही की जा रही है।

जयंती पं दीनदयाल के वैचारिक दर्शन पर विचार गोष्ठी आयोजित कर श्रद्धांजलि देते हुए मनाई गई

पं.दीनदयाल उपाध्याय की मनाई गई 108 वीं जयंती

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी के महामनिषी,जन संघ संस्थापक और एकात्म मानववाद के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय की आज 108 वीं जयंती भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद के प्रत्येक शक्ति केन्द्र स्तर पर पुरे श्रद्धा सम्मान से मनाई गई। जिला कार्यालय छावनी लाइन पर पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के बाद पं दीनदयाल के वैचारिक दर्शन पर विचार गोष्ठी आयोजित कर उनको श्रद्धांजलि देते हुए मनाई गई। विचार गोष्ठी में अपना विचार व्यक्त करते हुए मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सेवा समर्पित राजनीति पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में पं दीनदयाल जी का प्रादुर्भाव अगर नहीं हुआ होता तो शायद भारतीय राजनीति का आज का स्वर्णिम स्वरूप भी नही रहता, जिसमें सारी योजनाएं समाज के कमजोर और अंतिम कतार के व्यक्ति के लिए समर्पित है।आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार पं दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को समाज के अंतिम और कमजोर के लिए लगातार काम करके साकार कर रहे है।उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का सही क्रियान्वयन और गरीबों का कल्याण उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधानसभा प्रभारी रामनरेश कुशवाहा ने कहा कि अंत्योदय सिद्धांत हमारे समाज को आगे बढ़ाने का मूल मंत्र है।पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था की भारत को औद्योगीकरण के रास्ते पर चलते हुए अनाज के मामले में भी आत्मनिर्भर बनना चाहिए।हमें आर्थिक कमजोरियों को दूर करते हुए अपनी मजबूती (कृषि) पर ध्यान देना चाहिए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के जन कल्याणकारी तथा सर्वमान्य विचार धारा का आज परिणाम है कि गाजीपुर में एकात्म मानववाद का विचार मजबूती से साम्यवाद पर भारी है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी स्वदेशी के भी बहुत बड़े समर्थक थे तथा उनके विचार से भारत के लिए व्यक्ति केन्द्रित स्वदेशी आर्थिक मॉडल विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकसभा विस्तारक रवि प्रकाश ने कहा कि देश में जन कल्याण के प्रति समर्पित रूप से पं दीनदयाल उपाध्याय जी ने कार्य किया जिनका जीवन भारतीय राजनीति के लिए सदैव प्रासंगिक हैं। गोष्ठी मे उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद आभार ओर समापन महामंत्री ओमप्रकाश राय ने तथा संचालन प्रवीण सिंह ने किया। गोष्ठी मे दयाशंकर पांडेय, अखिलेश सिंह, अच्छेलाल गुप्ता, शैलेश राम,मनोज बिंद, गुलाम कादिर राईनी,साधना राय, रासबिहारी राय, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, अभिनव सिंह छोटू,, दीलिप गुप्ता, सुरेश गुप्ता, दीपक सिंह, शनि चौरसिया, गर्वजीत सिंह,नीतीश दूबे, अजीत सिंह, सुनील गुप्ता, मुरली कुशवाहा, अमित चौरसिया,अजय कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

रोशन लाल तीसरी बार बने जिलाध्यक्ष

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, ग़ाज़ीपुर। सोमवार को स्टार पैलेस में उ.प्र. पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ गाजीपुर का द्विवार्षिक चुनाव, चुनाव अधिकारी अनूप कुमार गुप्ता, मुबारक हुसैन व पर्यवेक्षक मनोज सिंह के देख रेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव में कुल 2566 सफाई कर्मचारी साथियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें जिलाध्यक्ष के पद पर रोशन लाल तीसरी बार 200 वोटों से जिलाध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुए। वहीं जिला महामंत्री के पद पर 47 वोटों से अजय कुमार सिंह कुशवाहा, कोषाध्यक्ष पद पर 126 वोट से विनोद चौधरी, जिला संगठन मंत्री पद पर 165 वोट से इम्तियाज अहमद अंसारी और जिला संप्रेक्षक पद पर 242 वोटों से मुकेश कुमार रावत निर्वाचित घोषित किए गए। इस दौरान नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष रोशन लाल ने जनपद शाखा गाजीपुर के चुनाव को सकुशल, पारदर्शी और निष्पक्ष करानें के लिए चुनाव अधिकारी एवं जनपद गाजीपुर के समस्त महिला व पुरुष सफाई कर्मचारी साथियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के जीत पर उ.प्र.राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव ने सभी को जीत की बधाई दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष संतोषी राय, कासिमाबाद के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनिल कुमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू, रियाज खां, पूनम गोस्वामी, सीमा, जानकी, अंजू, ललन, राजनाथ राम, शंकर वर्मा, दीपक, रामप्यारे चौरसिया, रामसिंहासन राम, जवाहिर बिंद, कन्हैया लाल, कृष्ण मुरारी, अजीत मौर्या, राकेश कुमार राय, पंचमी, दिलीप श्रीवास्तव, बृजराज, अरूण कुमार, चंद्रिका राम, छविनाथ राम, राजकुमार भारती, रामप्रवेश, विशाल कुमार, कमला राम, कामेश्वर रावत, राकेश मोहन, नरसिंह प्रसाद, रमेश गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, शिवकुमार, नरसिंह प्रसाद, चंद्रशेखर आजाद, महेश भारती हंसराज कुशवाहा, राजेश यादव, नगीना यादव आदि उपस्थित रहे।

अयोध्या में रामपथ का निर्माण दिसंबर तक हो जाएगा पूरा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। सीएम योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाना है। इसके अनुरूप जल्द ही अयोध्या का स्वरूप बदला नजर आएगा। सनातन धर्म के केंद्र बिंदु अयोध्या में पर्यटन, संस्कृति व धार्मिक रूप से तेज गति से सुनियोजित विकास किया जा रहा है। हर कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा हैं। 500 वर्षों के इंतजार के बाद जनवरी माह में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इसके पहले अयोध्या में बन रहे भव्य रामपथ का भी तेजी से निर्माण किया जा रहा है, जिसे दिसंबर तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल ने बताया कि निर्माण का कार्य पूरा होते ही एक अद्भुत सा नजारा रामपथ रोड का देखने को मिलेगा। रामपथ कई

रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग करता दिखेगा। रोड के अगल-बगल पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे जो लोगों को अयोध्या के त्रेता युग का आभास आभास कराएंगे। उन्होंने बताया कि रामपथ के निर्माण में अंडर ग्राउंड की जितनी भी एक्टिविटीज थी वह लगभग पूरा हो चुकी है। जैसे कि सीवर की लाइन, वॉटर ट्रीटमेंट लाइन, वाटर डिस्ट्रीब्यूशन की लाइन, यह काम लगभग पूरा हो चुका है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि तीन किलोमीटर तक डामर रोड का काम कर लिया गया हैं। सहादतगंज में जीरो से लेकर 700 मीटर तक रोड का काम लगभग पूरा हो चुका हैं। रोड के दोनों तरफ कुल मिलाकर एक किलोमीटर। वहीं नया घाट की तरफ दोनों ओर मिलाकर 550-550 मीटर पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि तीसरा पॉइंट उदया पब्लिक से है, वहां उदया पब्लिक से लेकर के आगे तक लगभग 900 मीटर का काम पूरा कर लिया गया है। रोड के दोनों तरफ मिलाकर एक किलोमीटर। मतलब यह की कुल मिलाकर लगभग तीन किलोमीटर राम पथ बनकर तैयार हो चुका हैं। राम पथ का रोड का निर्माण कार्य पहले फेज वन में नया घाट से लेकर उदया पब्लिक तक व सहादतगंज से पोस्ट ऑफिस तक दीपोत्सव से पहले कंप्लीट हो जाएगा।

खास ख़बर

शहीद-ए-आजम भगतसिंह की प्रासंगिकता आज और बढ़ गई हैं:सत्यभान सिंह

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट एक बैठक वजीरगंज में सदस्य मालती तिवारी की अध्यक्षता में हुई।बैठक को सम्बोधित करते हुए ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगतसिंह की प्रासंगिकता आज और बढ़ गई है।हम सबको उनके संघर्ष और बलिदान से सीख लेते हुए उनके बताए हुए मैग पर चलने का काम करना चहिये।अनीता यादव ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा शहीदे आजम भगतसिंह का 116वाँ जन्मदिवस दो दिवसीय बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा।27 सितम्बर को सुबह 10 बजे से नन्द कान्वेंट स्कूल में शहीदे आजम भगतसिंह व आज का भारत विषय पर सेमिनार होगा और उसके बाद 11 बजे से निबन्ध प्रतियोगिता करवाया जाएगा और पुरुस्कार वितरण किया जाएगा।ट्रस्ट की सदस्य अध्यापिका मालती तिवारी ने कहा कि शहीदे आजम भगतसिंह के जन्मदिवस पर 28 सितंबर को सुबह 11 बजे से नगर निगम प्रांगण में शहीदे भगतसिंह पार्क में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धाजंलि अर्पित किया जाएगा।

दिनदहाड़े खेतों से खुल रहे हैं विद्युत मोटर, पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। बीकापुर कोतवाली अंतर्गत हल्का नंबर दो क्षेत्र में इस समय लगातार दिन में चोरों का आतंक बढ़ गया है। इस दौरान एक महीने के अंदर दर्जनों मोटर दिनदहाड़े खुल गए हैं। पीड़ितों के द्वारा चोरी की घटना की सूचना लगा तार कोतवाली पुलिस को दी जा रही है लेकिन अभी तक किसी भी एक चोरी का खुलासा पुलिस करने में नाकाम साबित हो रही हैं। ग्राम पंचायत जेरुआ निवासी सियाराम मौर्य का विद्युत मोटर दिनदहाड़े चोर चुरा ले गए। पीड़ित ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी लेकिन अभी तक पुलिस चोर को पकड़ने में नाकाम रही। वहीं दूसरी तरफ शनिवार को भावापुर निवासी विजय कुमारी पाण्डेय का मोटर दिनदहाड़े चोर खेत से खोल ले गए। गजडी निवासी जियालाल कोरी के खेत में लगा सीमेंट का पिलर चोर उठा ले गए। जेरुआ निवासी हनुमंत पाण्डेय व ललित कुमार पाण्डेय के नल कूप पर लगे झटका मशीन को चोर खोल कर ले जा रहे थे की किसी की आने की आहट पाकर उक्त मशीन को चोर दूसरे के खेतों में फेंक कर भाग निकले।

विश्व फार्मासिस्ट दिवस धूम -धाम से मनाया

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र कि पी०एम०टी ग्रुप आफ एजुकेशन खजुराहट में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श सिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय सैकड़ो लोगों ने अपनी-अपनी नेत्र की परेशानी जैसे मोतियाबिंद संभल भाई आदि लोगों के निदान के लिए दवा उचित सलाह डॉक्टर द्वारा दिया गया है। तथा फार्मेसी के बच्चों द्वारा मरीजों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर सभी मरीजो को आंख के प्रति सतर्कता रखने की सलाह दिया है। उक्त पूर्व आयोजित कार्यक्रम विश्व फार्मासिस्ट दिवस को प्रमुख रूप से कॉलेज के प्रबंधक संतोष तिवारी ,डायरेक्टर सुजीत तिवारी , वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर आरपी श्रीवास्तव एवं फार्मेसी विभाग के प्रधानाचार्य विवेक श्रीवास्तव तथा फार्मेसी विभागा अध्यक्ष ज्ञानेंद्र दुबे विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा अपने-अपने अनुभव शेयर किए गए उक्त दिवस को सभी मिलकर के हर्षो उल्लास से मनाया है।

नशीली गोलियों के साथ 1 अभियुक्त गिरफ्तार

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षो को दिये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 25.09.2023 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मिश्रौलिया क्रॉसिंग ओवर ब्रिज के पास से अभियुक्त अमित तिवारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 120 अल्प्राजोलम की नशीली गोलिया बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

स्मैक पाउडर के साथ 1 अभियुक्त गिरफ्तार

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे। उक्त आदेश के अनुक्रम में आज दिनांक 25.09.2023 को थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर फतेहगढ सड़क मोड़ के पास से अभियुक्त ओमप्रकाश तिवारी उर्फ भोलानाथ तिवारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 06 ग्राम 500 मिली ग्राम स्मैक पाउडर बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना खरगूपुर में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

चोरी की घटनाओं का खुलासा, 2 शातिर चोर गिरफ्तार

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शातिर चोरों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा चोरी करने के 02 आरोपी अभियुक्तों- 01.मुबारक, 02. मो0 आमिर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया। उक्त अभियुक्तगणों ने दिनांक 24/25.09.2023 की रात्रि वादी सहजादे पुत्र इसराइल नि0 महराजगंज नई बस्ती थाना को0 नगर जनपद गोण्डा के घर में, दिनांक 18.09.2023 की रात्रि वादी अनिल कुमार भारती पुत्र विरेन्द्र कुमार भारती नि0 वैष्णवी स्कूल रानीजोत बड़गांव थाना को0 नगर जनपद गोण्डा के घर में तथा दिनांक 27.08.2023 को वादी अरविन्द कुमार श्रीवास्तव नि0 न्यू कालोनी मेवातियान थाना को0 नगर जनपद गोण्डा के घर में चोरी की थी। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ सोहावल- अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इब्राहिमपुर दिवली के मजरे गुट्टू का पुरवा में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों फांसी के फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार की देर शाम गुट्टू का पुरवा गांव के बाहर एक बाग में आम के पेड़ से गमछे के सहारे एक करीब 21 वर्षीय युवक सूरज कुमार पुत्र अशोक कुमार पासी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से किसी ग्रामीण को लटकता दिखाई पड़ा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूंछे जाने पर हल्का दरोगा अशोक कुमार ने बताया कि युवक की आत्महत्या के पीछे घरेलू कलह बताई जा रही है।

संविधान की मजबूती से ही देश की तरक्की संभव है

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। बहुजन समाज पार्टी एक विचारधारा है जो बहुजन समाज में अवतरित महान संतों गुरुओं ऋषियों मुनियों की चाहत को पूरा करने के लिए पूरे देश में संघर्ष कर रही है संविधान की मजबूती से ही देश की तरक्की संभव है यदि भारत देश का संविधान कमजोर हुआ तो गरीबों के साथ आने वाले समय में बड़ा अन्याय और अत्याचार होगा भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से लागू होने के लिए बहुजन समाज पार्टी ही संघर्ष कर रही है लोकसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को हमें मजबूत बनाना होगा इसके लिए बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में भाईचारा पैदा करें।।। उक्त बातें ग्राम पंचायत अमसिन में बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल की अध्यक्षता में आयोजित एक दिवसीय कैडर बैठक को बताओर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पूर्व सांसद लोकसभा एवं राज्यसभा बहुजन समाज पार्टी अयोध्या आजमगढ़ एवं वाराणसी मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज घनश्याम चंद्र खरवार ने कही।। बैठक का संचालन विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज के अध्यक्ष रविंद्र भारती ने किया बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष दिलीप कुमार विमल ने कहा कि उपेक्षित कमजोर लोगों की एकमात्र हितैषी पार्टी बहुजन समाज पार्टी है शेष राजनीतिक दल सत्ता पाने के लिए वोट तो लेते हैं सत्ता मिलने के बाद गरीबों का हाल लेने के लिए समय नहीं रहता है कैडर बैठक को संबोधित करते हुए अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बहुजन समाज पार्टी अयोध्या मंडल के प्रभारी रवि प्रकाश मौर्य ने कहा कि पिछड़े समाज का सर्वाधिक हित सत्ता में आने के बाद बहुजन समाज पार्टी ही करती है इसलिए दलितो के साथ-साथ पिछड़े वर्ग को बढ़-चढ़कर के बहुजन समाज पार्टी में भागीदारी लेना चाहिए गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रामसागर वर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी समाजवादी पार्टी कांग्रेस को अगर कोई हरा सकता है तो बहुजन समाज पार्टी ही हराने में सफल साबित होगी।

होम्योपैथी को जन-जन तक पहुंचाना होगा :डॉ अनिल मिश्रा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। सरल सुलभ एवं कारगर होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाना होगा जिससे गरीब असहाय व दिव्यांग भी आसानी से चिकित्सा पद्धति का लाभ ले सके यही सच्ची मानवता है उक्त उद्गार देवकाली के एक सभागार में ऑल इंडिया होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के प्रांतीय समारोह में मुख्य अतिथि राम जन्मभूमि के ट्रस्टी व होम्योपैथी के पूर्व रजिस्टर डॉ अनिल मिश्रा ने व्यक्त किया विशिष्ट अतिथि संगठन के प्रदेश महासचिव डॉ डी एस सिंह ने होम्योपैथी के प्रचार प्रसार के लिए ग्रामीण अंचलों में निशुल्क चिकित्सा सिविर लगाने पर जोर दिया मुख्य अतिथि डॉ अनिल मिश्रा ने राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज लखनऊ के प्राचार्य डॉ दिलीप सोनकर व राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज अयोध्या के प्राचार्य डॉ विजय पुष्कर सहित दर्जन चिकित्सा शिक्षकों को शिक्षक रत्न सम्मान के साथ स्मृति चिन्ह रामचरितमानस शाल व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनय कुमार व संचालन डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों के चिकित्सक एवं स्थानीय चिकित्सक मौजूद थे डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने अतिथियों एवं चिकित्सकों का कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया

भारतीय किसान यूनियन की हुई मासिक पंचायत

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गांधी पार्क में जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई पंचायत में बिजली समस्या छाई रही, सर्वसम्मति तय किया गया कि आगामी 20 अक्टूबर को अधीक्षण अभियंता विद्युत के कार्यालय पर किसान महापंचायत करके घेराव किया जाएगा।भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में मुकदमा अपराध संख्या 297/23 धारा 363 भादवि थाना रुदौली के संबंध में अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने तथा बच्चे की बरामदगी न होने पर चिंता व्यक्त की गई और भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से मिलकर तुरंत अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बच्चे की बरामदगी की मांग की गई।किसान पंचायत में बिजली विभाग से काफी समस्याएं आई जिसमें ओवरलोड के नाम पर किसानों मजदूरों को परेशान करने, बहुत कम बिल बकाया होने के बावजूद भी विद्युत कनेक्शन काटने, विद्युत कनेक्शन में रिश्वतखोरी, घरेलू लाइन से ट्यूबवेल कनेक्शन न देने की समस्या प्रमुख रही जिसको लेकर आगामी 20 अक्टूबर 2023 को अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर वहां पंचायत करने की घोषणा की गई है।संगठन विस्तार की दिशा में 1 अक्टूबर को गालीपुर सोहावल,2 अक्टूबर को खिद्दिरपुर चौरे बाजार, 6 अक्टूबर को महात्मा टिकैत की जयंती गांधी पार्क में मनाई जाएगी।पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि अधिकारी बेलगाम हो गए हैं और जनता की समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं जिसके लिए 20 अक्टूबर को अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर किसान महा पंचायत की जाएगी।राजस्व संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिनिधिमंडल अपर जिला अधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह से मिलकर समस्या समाधान हेतु वार्ता किया।पंचायत को मध्यांचल सचिव सूर्यनाथ वर्मा, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, जिला उपाध्यक्ष शंकरपाल पांडे, देवी प्रसाद वर्मा, सती प्रसाद वर्मा, भोला सिंह टाइगर,राजेश मिश्रा संतोष वर्मा, महेंद्र वर्मा, जगदीश यादव, रामू चंद्र विश्वकर्मा, गब्बर गोस्वामी, तुलसीराम गोस्वामी, राम सुमेर भारती, नाथूराम यादव, प्रेम शंकर वर्मा, जितेंद्र कुमार रामबचन भारती उर्मिला निषाद आदि लोगों ने संबोधित किया

मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक 29 को

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में 29 सितम्बर 2023 को अपरान्ह 2:30 बजे आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक होगी। जिसमें सम्बंधित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को समय से भाग लेने हेतु अपेक्षा की गयी है। यह जानकारी संयुक्त आयुक्त उद्योग ने दी है।

जिलाधिकारी में निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का किया निरीक्षण

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट के पास निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का निरीक्षण किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि इसको निर्धारित समय के अन्तर्गत गुणवत्ता बनाए रखते हुये पूरा किया जाए, जिसमें 85 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है। इसके बनने से लगभग 282 कार की पार्किंग की व्यवस्था के अलावा पार्किंग के बाहर तथा अंदर मोटर साइकिलों के पार्किंग के व्यापक व्यवस्था होगी। जिलाधिकारी ने पार्किंग स्थल पर रेलिंग, टायल्ेट, सीढ़ियों के पास रेलिंग तथा पानी को बाहर निकलने के लिए आवश्यक निकास बनाने का निर्देश दिया। मल्टीलेबल पार्किंग पर बैठने के लिए कुर्सी तथा डिजाइन के अनुसार टाइल्स, साफ सफाई आदि की

बेहतर व्यवस्था करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पार्किंग स्थल बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान पर है इसमें सरकारी विभागों के साथ साथ अधिवक्तागणों, विशिष्ट व्यक्तियों के पार्किंग की व्यवस्था होगी जो आम लोगों के लिए भी सुविधादायक होगी। इसको बेहतर ढंग से बनाने हेतु सम्बंधित अभियन्ता एवं कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया। मौके पर कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि अभियंता गण उपस्थित रहे।

दबंग ने किया सड़क पर कब्जा, ग्रामीणों ने की शिकायत

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। दबंग की दबंगई से ग्रामवासी परेशान आने जाने के रास्ते पर दबंग ने किया कब्जा कोर्ट के आदेशों का भी पालन नहीं कर पा रही प्रशासन मामला थाना महाराजगंज के अंतर्गत ग्राम सभा बकुआपुर में ग्रामीणों के आने जाने के मार्ग को दबंग ने कब्जा कर लिया है जिसकी शिकायत ग्राम वासियों ने समाधान दिवस में भी किया है। आपको बताते चले की मामला ग्राम सभा बकुआपुर गाटा संख्या 529 पर स्थित चकरोट पर मुख्य मार्ग से केदार नाथ चौहान आदि के घर तक पूर्व के वर्षों में मिट्टी पटाकर खड़जा लगवाया गया था परन्तु बाद में रामकरन पुत्र भुल्लुर यादव के द्वारा खड़ंजा उखड़वाकर फेंक दिया गया जिस पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश 28 सितंबर 2012 में

क्षतिग्रस्त खडंजे को पुनः लगाने का आदेश पारित किया गया। 28 सितंबर 2012 के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी से सम्बन्धित नायब, तहसीलदार एवं लेखपाल कानूनगों के मौजूदगी के आदेश तथा खंड विकास अधिकारी के आदेश में खड़ंजा लगवाने के लिए आदेशित किया गया है तथा ग्राम पंचायत अधिकारी के कहने पर स्थल पर ईट गिरा दिया गया है। परंतु प्रशासन एवं राजस्व विभाग का आश्वासन मिलता रहा लेकिन अभी तक कार्य स्थल पर कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है।

ग्रामीणों में नाराजगी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। विकासखंड क्षेत्र के परोमा ग्राम पंचायत में खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था को लेकर राशन ठेकेदार की कार्यशैली को लेकर कई ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। परोमा ग्राम पंचायत कई लोगों ने बताया कि सरकारी राशन कोटे पर राशन के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है। तब कहीं जाकर इन्हें उनके हक का राशन मिल पाता है। कभी-कभी राशन के लिए दो-दो महीने तक इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा कोटेदार पर मनमानी करने और निर्धारित समय पर राशन ना देने का आरोप लगाया है। लोगों ने दावा किया कि पास मशीन पर अंगूठा लगवाते समय उसी समय उन्हें राशन वितरित नहीं होता। जबकि इसके लिए उन्हें कोटेदार के यहां चक्कर लगाना पड़ता है। शनिवार को एडीओ पंचायत अजय तिवारी सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाने के लिए जब परोमा गांव पहुंचे तो गांव की महिलाओं द्वारा उनका घेर कर समय पर राशन न मिलने की शिकायत भी की गई।

राष्ट्र को प्रगतिपथ पर गतिमान करने का सोच पंडित दीनदयान उपाध्याय की थीः लल्लू सिंह

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। एकात्म मानववाद का सिद्धान्त को समाज के समक्ष प्रस्तुत करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा ने महानगर व जिले के सभी बूथों पर मनाई। सिविल लाईन स्थित उनकी प्रतिमा पर सांसद लल्लू सिंह के नेतृत्व में माल्यापर्ण करके उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गयी।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि एकात्म मानववाद व अंत्योदय के विचारों से राष्ट्र को प्रगतिपथ पर गतिमान करने का सोच पंडित दीनदयान उपाध्याय की थी। उन्ही के पथचिन्हों पर चलते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति के उत्थान की परिकल्पना को सार्थक कर रही है। निःशुल्क आवास, शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन ने गरीबों की जीवनशैली में परिवर्तन किया है।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल

करने की लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही है।महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा दीनदयाल जी के डबल इंजन सरकार पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ पंडित उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को राष्ट्रोदय में बदलने का कार्य कर रही है। पहली बार बिना किसी भेदभाव के बिना हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि अंत्योदय की परिकल्पना करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय ज्योतिपुंज थे। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण को राजनीतिक चिंतन का एजेंडा बनाया था। उनके इस चिंतन का असर आज दिखता है। आज एकात्म मानववाद की ताकत दुनिया देख रही है।इस अवसर पर अवधेश पांडे बादल, आलोक द्विवेदी, रवि सोनकर, शैलेंद्र कोरी, राम कुमार सिंह राजू, अखंड प्रताप सिंह डिंपल, आकाश मणि त्रिपाठी, जेपी श्रीवास्तव, संग्राम सिंन्हा अंशुमान मित्रा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि मेधावी छात्रों को पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित

स्वर्गीय श्यामकाली यादव की मनाई गई पुण्यतिथि

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। राजनीति के जिस मुकाम पर हूं वह मेरे पिता स्वर्गीय मित्रसेन यादव व माता श्यामकली यादव की देन वक्त बातें पूर्व मंत्री और विधायक आनंद सेन यादव ने कही। श्यामकली बालिका इंटर कॉलेज आनंद नगर भिटारी में स्वर्गीय श्यामकाली यादव की पुण्यतिथि आयोजित की गई । माता स्वर्गीय श्यामकली यादव की 14 वीं पुण्यतिथि माताजी के संघर्षों को याद कर भावुक हो गए पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव । कहा पिताजी की राजनीति में माता जी का रहा अहम योगदान मेधावी छात्रों को पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित । राजनीति के जिस मुकाम पर हूं वह मेरी माता स्वर्गीय श्यामकली यादव और पिता स्वर्गीय मित्रसेन यादव की देन है । उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर पूरे जीवन गरीबों, मजदूरों , किसानों तथा शोषित पीड़ित समाज की सेवा करता रहूंगा। इसके लिए पसीना

नहीं यदि खून बहाने की जरूरत पड़ेगी तो पीछे नहीं हटूंगा। यह बातें समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने अपनी माता स्वर्गीय श्यामकली यादव की 14 वीं पुण्यतिथि पर श्यामकली बालिका इंटर कॉलेज आनंदनगर भिटारी में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में माता जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा । पूर्व मंत्री श्री यादव ने कहा कि बाबूजी की राजनीति में माताजी का भी अहम योगदान रहा है माताजी ने भी बाबूजी के साथ हर विषम परिस्थितियों में खड़े होकर के उनका साथ दिया । जिसका परिणाम रहा कि आज सेन परिवार राजनीतिक शिखर पर है । सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि इससे पहले स्वर्गीय श्यामकली यादव की समाधि स्थल पर सैकड़ो लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया । स्वर्गीय श्यामकली की 14वीं पुण्यतिथि पर किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर व श्याम कली बालिका इंटर कॉलेज के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र,छात्राओं को पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, व विद्यालय की प्रधानाचार्य इन्दुसेन यादव, तथा ब्लॉक प्रमुख अंकुरसेन यादव ने सम्मानित किया। आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता डीएन यादव व हरिशंकर श्रीवास्तव द्वारा विधिपूर्वक यज्ञ हवन पूजन संपन्न कराया गया । इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने माता जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं गायत्री परिवार के सूत्रों को भी आत्मसात करने हेतु संकल्पित किया। इस अवसर पर आयोजित गायत्री यज्ञ की पूर्णाहुति पर उपस्थित लोगों द्वारा बुराइयों को त्यागने का तथा गायत्री महामंत्र के जाप को भी संकल्पित कराया गया ।

जिला चिकित्सालय में केक काटकर मनाया गया फार्मासिस्ट दिवस

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। जिला चिकित्सालय में सोमवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में कार्यरत सभी फार्मासिस्ट का सम्मान किया गया। सभी फार्मासिस्ट का फूल माला पहनाकर स्वागत किया तथा फार्मासिस्ट के कार्य की सराहना की । जिला चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर व कर्मचारियों ने फार्मासिस्टों को केक खिलाकर शुभकामना दिया।इस अवसर पर फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस्तांबुल, तुर्की में एफआईपी काउंसिल ने 25 सितंबर को 2009 में विश्व फार्मासिस्ट दिवस घोषित किया था। तभी से 25 सितंबर विश्व फार्मासिस्ट दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस विश्व के हर कोने में स्वास्थ्य को सुधारने, फार्मेसिस्ट की भूमिका को बढ़ावा देने और उनके सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर डॉ आशुतोष प्रताप सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट एक महत्वपूर्ण किरदार निभाता है। स्वास्थ्य विभाग में सुधार करने में फार्मासिस्ट अपना अहम रोल अदा करते हैं। आज हम सभी स्वस्थ हैं तो इसके पीछे फार्मासिस्टों का भी अहम योगदान है। फार्मेसिस्ट संजय गुप्ता ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग की रीड की हड्डी है जिनके बगैर स्वास्थ्य सेवाएं चला पाना मुश्किल है।

ख़ास ख़बर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर। स्वच्छ भारत मिशन के तहत मधुपुर शहर में नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार इंडियन स्वच्छ लीग के तहत स्वच्छता पखवाड़ा 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाना है। इसको लेकर मधुपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी शिखा कुमारी के नेतृत्व में हर दिन नगर परिषद द्वारा जागरूकता अभियान स्वच्छ भारत के तहत चलाया जा रहा है ताकि लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूकता रखा जाए और शहर को साफ रखा जाए। इस अभियान में खास तौर पर युवाओं को जोड़ा जाए तभी साफ सफाई के प्रति हम अपनी कामयाबी हासिल कर सकते हैं। मौके पर नगर प्रबंधक विश्वनाथ भगत, मिथुन रवानी, भूपेंद्र भगत,मनीष कुमार, मुकेश राजा,मोहम्मद फुरकान, सुशील कुमार,किशोर बादल, मोहम्मद 'लियाकत इत्यादि अभियान में शामिल थे।

मथुरापुर नागरिक मंच ने मथुरापुर स्टेशन पर पाटलिपुत्र एक्सप्रेस को पुनः बहाल करने की मांग की

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर। जनार्दन पांडे के नेतृत्व में मथुरापुर नागरिक मंच के द्वारा मथुरापुर स्टेशन में पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव पुनः बहाल को लेकर स्टेशन प्रबंधक मथुरापुर को मंडल रेल प्रबंधक आसनसोल एवं रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सोंपा। इससे पहले नागरिक मंच के बैनर तले दर्जनों लोगों ने इन मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से मथुरापुर स्टेशन पर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद स्टेशन प्रबंधक के हाथों मंडल रेल प्रबंधक आसनसोल एवं रेल मंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा । कहा कि 12मई 2013 से राज्यसभा सांसद डॉक्टर वरुण मुखर्जी के अथक प्रयास से पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव मथुरापुर स्टेशन में किया गया था। जो कोरोना काल वर्ष 2019 से इस ट्रेन का ठहराव बिना किसी तार्किक आधार से बंद कर दिया गया।जिसके कारण देवीपुर प्रखंड के आम लोगों को काफी दिक्कत और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसीलिए हम सभी की मांग है कि पाटलिपुत्र ट्रेन मथुरापुर स्टेशन में पूर्ण रूप से पूनः बहाल की जाए। मौके पर जनार्दन पांडे, रघुपति पंडित, बद्री प्रसाद समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

नवपदस्थापित जामताड़ा थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा ने पदभार ग्रहण कर लिया पुलिस कर्मियों से औपचारिक परिचय

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। जामताड़ा टाउन थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद थाने के सभी पुलिस कर्मियों से औपचारिक परिचय लिया। उसके बाद उन्होंने थाने का जायजा लिया। नए थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिस बल के बारे में जानकारी ली। नव पदस्थापित थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध व अपराधियों को नियंत्रित करने के साथ-साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराधी घटनाओं व सामाजिक तत्वों पर पूरी तरह से नकेल कंसना पहली प्राथमिकता होगी। इसके लिए जनता का सहयोग लेकर मिलजुल कर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर सहित गांव के गण्यमान्य लोगों के साथ बैठक कर अपराध को खत्म करने पर चर्चा करने में उनका सहयोग लिया जाएगा। मुकदमों की पूरी निष्पक्षता से जांच कर लोगों को न्याय दिलाया जाएगा। अभियान चला कर लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया जाएगा। क्षेत्र के लोग पुलिस की आंख व कान बने। जहां कहीं भी कोई अपराधी दिखाई दे। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। ताकि समय रहते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। वही दुकानदार सीसीटीवी लगवाए और बाइक में व्हील लॉक लॉक व बड़े वाहन में गियर लॉक जरूर लगाए।

मां चंचला के नवनिर्मित तोरण द्वार उद्घाटन व धार्मिक अनुष्ठान में भक्तों का सैलाब

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। शहर की स्वच्छ सड़कों पर माथे पर कलश लेकर छोटे-छोटे पग भरतीं रंगे-बिरंगे परिधान से सजीं छोटी-छोटी कन्याएं, युवतियां व महिलाएं का आकर्षक दृश्य भक्ति में डूबे शहर को बयां कर रहा था। कलश यात्रा के आगे-आगे चल रहे भव्य रथ पर सवार मां चंचला पर नजरें पड़ने के साथ सिर स्वतः ही श्रद्धा में झुक रहे थे। हजारो की संख्या में कतारबद्ध भक्तों की ओर से जय माता दी, मां चंचला के गंगनभेदी जयकारों से शहर गूंजायमान हो रहा था। वहीं भक्ति गीतों व धुनों पर युवक-युवतियों की टोलियां बिना थके थिरक रहीं थीं। आस्था व अध्यात्म से सराबोर यह नजारा सोमवार को जामताड़ा-मिहिजाम रोड, स्टेशन रोड, कोर्ट रोड तक किसी को मंत्रमुग्ध करने जैसा था। मौका था एक दिवसीय मां चंचला के नवनिर्मित तोरण द्वार उद्घाटन व धार्मिक अनुष्ठान के आगाज का। सोमवार सुबह भव्य कलश यात्रा में तकरीबन 3100 कन्याएं, युवतियों व महिलाएं कलश यात्रा में एक ही रंग के परिधान में शामिल हुई थीं। पूजा-अनुष्ठान से लेकर शहर में निकली ऐतिहासिक कलश यात्रा से लग रहा था कि शहर की सड़कों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है।रेलवे स्टेशन समीप स्थित मां चंचला मंदिर परिसर में बुधवार को सुबह होते ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी।आयोजक तरुण गुप्ता व पत्नी आशा गुप्ता साथ अरुण चौधरी, मनोज बजाज, विजय भगत, रमेश रावत, पिंटू यादव, भूपेश गुप्ता, कामता सिंह, राजेश महतो, मनोज भारती, राकेश गुप्ता, छोटू गुप्ता,छोटू सिंह, कमलेश मंडल,संजय परशुरामका, रंजीत मंडल आदि धर्म प्रेमी व व्यवस्था प्रमुख ने व्यवस्थित ढंग से कलश यात्रा निकालने की तैयारी में लगे थे। कलश यात्रा में शामिल होने के लिए जामताड़ा शहर के विभिन्न मोहल्ला ही नहीं बल्कि आसपास क्षेत्र से भी महिलाओं व कन्याओं यहां पहुंची थी। जिले के गांव-गांव से भक्तों की मौजूदगी ने इस बार की कलश यात्रा को ऐतिहासिक स्वरूप दे दिया। देवघर बाबाधाम से पहुंचे आचार्य महेश पांडेय की अगुवाई में स्थानीय पुरोहित ध्रुवनारायण ठाकुर, उत्तम ठाकुर के मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान तरुण गुप्ता पत्नी आशा गुप्ता व अन्य भक्त राजा बांध पहुंचे। वहां विधि-विधान के साथ केला के पौधे रोपे गए। फिर वहीं मुख्य कलश पर जल भर कर मां चंचला मंदिर लाया गया। यहां तबतक तकरीबन 3100 कलश पर मंदिर परिसर का ही जल भरकर तैयार रखा गया था। सुबह आठ बजे के लगभग मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में कतारबद्ध श्रद्धालु दो किमी तक लंबी लाइन में कतारबद्ध रहे। छोटी-छोटी बच्चियां भी उत्साह के साथ कलश सिर पर उठायी हुई थी। आगे-आगे आयोजन समिति के लोग मुख्य कलश लेकर चल रहे थे तो पीछे कतारबद्ध कन्याएं व महिलाएं। मां चंचला का भव्य रथ व उसकी सजावट कलश यात्रा में देखने लायक थी। आसनसोल व कोलकाता से पहुंची भक्ति जागरण टीम के गायक-गायिका अपने भजन से कलश यात्रा में शामिल कन्या व महिलाओं को ऊर्जावान कर रहे थे। कलश यात्रा में शामिल कन्या व महिला माथे में कलश थामे पूरे रास्ता भजनों पर थिरकते हुए बढ़ रही थी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर, सिदो-कान्हू मार्केट, स्टेशन रोड, टॉवर चौक, सुभाष चौक, हनुमान मंदिर पहुंचा। यहां पूजा-अर्चना के बाद पुनः सुभाष चौक, बाजार से गुजरती हुई कलश यात्रा चंचला मंदिर पहुंची। भव्य कलश यात्रा में ऐतिहासिक भीड़ होगी इसे ध्यान में रखते हुए आयोजन ने पर्याप्त संख्या में संभावित जगहों पर महिला पुरुष स्वयंसेवक की तैनाती कर रखा था। कलश यात्रा व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर शहर की मुख्य सड़कों के अहम जगहों पर पहले से महिला स्वयं सेवक व्यवस्था की कमान संभाले हुई थी। एक दिवसीय अनुष्ठान को लेकर केवल मंदिर का रंग रोगन वह साज साज ही नहीं बल्कि शहर के विभिन्न मार्गो को भी तोरण द्वार से आकर्षक सजाया गया था। सभी प्रमुख मार्ग में तोरण द्वार, के साथ लाउडस्पीकर की व्यवस्था की गई है। केवल मंदिर परिसर में हजारों रुपये के फूलों की सजावट में तोरण द्वार को सजाने में खर्च किए गए थे। कलश यात्रा के दौरान टावर चौक के समीप मारवाड़ी युवा मंच के कार्यकर्ता एकत्र होकर श्रद्धालुओं पर फूलों की बरसा कर रहे थे। वहीं भाजयुमो सदस्यों ने एम्बुलेंस व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था मौजूद रखी था। इधर रात में चंचला मंदिर परिसर में बांग्ला कीर्तन का दरबार देर रात तक सजा रहा। तीन दिवसीय महोत्सव के लिए निकली कलश यात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कराने को लेकर जामताड़ा थाना की पुलिस पदाधिकारी संभावित मार्गों में नियमित भ्रमण कर रहे थे। अंत तक पुलिस जगह- जगह तैनात रही। इंस्पेक्टर सह टाउन थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा खुद सुरक्षा व निगरानी की कमान संभाले हुए थे। सुभाष चौक, टावर चौक, इंदिरा चौक, स्टेशन मोड़ समेत संवेदनशील क्षेत्रों में भारी संख्या में पुलिस के जवान मुस्तैद दिखे। कलश यात्रा भ्रमण वाले मार्ग में दो व चार पहिये वाहन का प्रवेश निषेध कर दिया गया था। पुराना कोर्ट, सुभाष चौक, दुमका रोड बस स्टैंड के पास, मिहिजाम रेलवे फाटक के पास पुलिस की कड़ी निगरानी थी। वाहनों को वैकल्पिक मार्ग की तरफ भेजा गया। टावर चौक के समीप एरिया छह के युवा समिति ने कलश यात्रियों पर फूल वर्षा की।

विश्व हिंदू परिषद धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक और गैर राजनीतिक संगठन हैः अशोक श्रीवास्तव

मोतिहारी, अशोक वर्मा। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंगदल सेवा का सबसे बड़ा विश्व स्तर का संगठन है। सनातन धर्म की रक्षा के साथ साथ विहिप एक धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक और गैर राजनीतिक संगठन है जो संतो के मार्ग दर्शन मे चलता है विहिप की स्थापना कृष्ण जन्माष्टमी के दिन 1964 मे मुम्बई के संदिपनी आश्रम मे हुआ था उस समय से लेकर आज तक विहिप बजरंगदल धार्मिक क्षेत्र मे बडे बडे आन्दोलन खड़ा किया। अयोध्या का श्री राम मंदिर, राम सेतु,अमर नाथ श्राईन बोर्ड जैसे बडे आन्दोलन मे विहिप सफल हुआ है। उक्त बाते विहिप के स्थापना दिवस के अवसर पर विहिप के बिहार झारखंड के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता ने मोतिहारी के रूपडीह और पहाडपुर के इनरवा धार मे सम्बोधित करते हुए कही। इन्होने कहा कि सनातन धर्म अजन्मा धर्म है इसका न जनम हुआ है और न इसका कभी अन्त होने वाला है। इन्होने कहा कि जिस धर्म के अनुष्ठान मे विश्व कल्याण की बात और प्राणियो मे सद्भावना हो, ऐसे उद्घोष किए जाते हो वह धर्म कभी साम्प्रदायिक हो नही सकता है लेकिन दूख की बात है कि हमारे अनुषठानो पर मुस्लिम धर्म द्वारा पत्थर फेंककर हमारा रास्ता रोककर हमे उकसाने का काम किया जाता है ।हरियाणा का मेवात नूह हो या पूर्वी चंपारण के बगहा पीपरा मेहसी हो हर जगह मुस्लिम समाज द्वारा महावीरी झंडा और रामनवमी के दिन पत्थर फेंककर साम्प्रदायिक दंगा फैलाने का प्रयास किया गया। इन्होने कहा कि विहिप सामाजिक समरसता का भी बहुत बड़ा संगठन है। इन्होने स्पस्ट रूप से कहा कि ब्राह्मण हो या पासवान हिन्दू हिन्दू एक समान। इन्होने सभी को 8 अक्टूबर को पटना चलने का आह्वान किया जंहा विहिप के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राम जन्म भूमी ट्रस्ट के महा मंत्री आदरणीय चंपत राय जी सम्बोधित करेगे। कार्यक्रम का उद्घाटन अरेराज महंथ महामण्डलेश्वर पूज्य रविशंकर गिरि जी दीप प्रज्वलित कर किया और कहा कि वे हिन्दू धर्म के लिए हमेशा कार्य करते रहेगे वो हमेशा विहिप द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे भाग लेगे और इसके कार्यो को आगे बढाएगे कयोकि सनातन रक्षा के लिए यह सबसे बडा संगठन है। मौके पर विहिप जिला सह मंत्री मुन्ना तिवारी और जिला प्रचार प्रसार प्रमुख आनन्द प्रकाश ने बताया कि दुनिया मे एक धर्म है वो है सनातन धर्म। बाकि सभी पंथ है। इस देश को कम्यूनिस्ट ईसाई और इस्लाम से खतरा है और विहिप बजरंगदल हमेशा ऐसे गद्दारो को सावधान करने के लिए तैयार रहता है इन लोगो ने कहा कि पूर्वी चंपारण के गांव-गांव मे हिन्दू संगठन खड़ा करके हिन्दू धर्म पर हो रहे हमले के खिलाफ जन आन्दोलन करेगे।

देर शाम दुमका सांसद सुनील सोरेन गांधी मैदान पहुंच किया गणेश प्रतिमा का दर्शन

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। मंगलवार को गांधी मैदान मैं मेगा रक्तदान सिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते गणेश पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष मुक्ताराम दत्त ने बताया कि श्री श्री गणेश पूजा आयोजन समिति के द्वारा पिछले वर्ष से गणेश महोत्सव के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें आयोजन समिति के सदस्यों के अलावे शहर के लोगों द्वारा रक्तदान किया जाता है। इस बार भी मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जो शाम को 7:00 बजे से प्रारंभ होगा और देर रात तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से जहां लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया जाएगा साथी रक्तदान करने वाले को आयोजन समिति के द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। वहीं सोमवार देर शाम को दुमका सांसद सुनील सोरेन गांधी मैदान पहुंच कर प्रतिमा का दर्शन। इस दौरान कमेटी के सदस्यों ने मोमेंटम भेटकर उनका स्वागत किया।

उपायुक्त के निर्देश पर अवैध बालू खनन करने वालों पर की गई कार्रवाई

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर के निर्देशानुसार एनजीटी की रोक के आलोक में अवैध रूप से बालू घाट से बालू उठाव व परिवहन पर रोकथाम को लेकर जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार द्वारा जसीडीह क्षेत्र अंतर्गत वृहत स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में चमारीडीह व टाभाघाट मोड़ से एक एक बालू लोड ट्रैक्टर को रोक कर बालू चालान की जांच की गई, जिसमे पाया गया कि किसी प्रकार का चालान या कागजात नही हैं। जिसके पश्चात बालू लदे दोनों ट्रेक्टर को जब्त कर चालक व मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। इसके अलावे मारगोमुण्डा अंतर्गत दो बालू लदे ट्रैक्टर, बूढ़ई थाना क्षेत्र अंतर्गत दो ट्रैक्टर जब्त किए गए। साथ ही 21 सितंबर को कुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया था, जिसके पश्चात किसी तरह का चालान और कागजात नही दिखाने के पश्चात दोनों ट्रैक्टरों के चालकों सहित मालिकों पर एनजीटी का उल्लंघन करने व चोरी से बिना कागजात के बालू परिवहन करने का आरोप के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। ज्ञात हो की उपायुक्त श्री सागर के निर्देशानुसार अवैध बालू खनन पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्रवाई की जा रही है, जिसके तहत ऑन द स्पॉट वाहन को जब्त करते हुए अवैध खनन करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है, ताकि बालू के अवैध खनन को लेकर सख्त कार्रवाई कर लोगों को सकारात्मक संदेश दिया जा सके।

आकाश पांडेय को मिला बेस्ट वालंटियर ऑफ द ईयर अवार्ड

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन. एस. एस.) के द्वारा सिद्धू कानून यूनिवर्सिटी की तरफ से उत्कृष्ट कार्य करने हेतु बेस्ट वालंटियर ऑफ द ईयर का अवार्ड यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर के हाथों जामताड़ा कॉलेज जामताड़ा के स्नातक सेमेस्टर 6 के छात्र आकाश पांडेय को दिया गया तथा जामताड़ा कॉलेज जामताड़ा का भी बेस्ट वालंटियर ऑफ द ईयर का अवार्ड आकाश पांडेय को ही दिया गया ।

प्रशिक्षण स्कूल में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम की अवधारणा एवं क्रियान्वयन की समझ विकसित करना

रसोईया सह संयोजिका को दी गई पुनश्चर्या का प्रशिक्षण

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा। विभागीय निर्देश के आलोक में रविवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत रसोईया सह संयोजिका को प्रशिक्षण दी गई। इस क्रम में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत स्कूल में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम की अवधारणा उद्देष्य एवं क्रियान्वयन की समझ विकसित करना। प्रारम्भिक शिक्षा का सार्वभौमीकरण में मध्याह्न भोजन की आवश्यकता की समझ बनाना। स्कूल में बच्चों को पौष्टिक आहार मिले, इस हेतु समुदाय की सहभागिता एवं दायित्व की समझ विकसित करना। कुपोषण से बचाव में मध्याह्न भोजन की आवश्यकता समझना। मध्याह्न भोजन हेतु अनाज के उठाव, उसकी रख रखाव एवं आय व्यय का लेखा जोखा से संबंधित कार्य करने की कुशलता प्रदान करना। सरस्वती वाहिनी संचालन समिति के गठन से लेकर कार्य एवं दायित्व की समझ विकसित करना। मध्याह्न भोजन में माता समिति की भूमिका। मध्याह्न भोजन पकाने में गुणवत्ता से लेकर वितरण तक की स्वच्छता की बातें समझना। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से संबंधित विभिन्न प्रकार के पंजीयों का संधारण एवं अद्यतन करना। सरस्वती वाहिनी माता समिति द्वारा बैंक खाता का संचालन एवं संधारण की समझ विकसित करना। सामग्री क्रय एवं रख रखाव की समझ बनाना। खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 एवं मध्याह्न भोजन अधिनियम 2015 का अनुपालन सुनिश्चित कराना। किचेन गार्डेन के स्थापना हेतु समझ विकसित करना। एल.पी.जी. आधारित रसोई उपलब्धता के प्रति समझ विकसित करना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहनपुर संकुल में प्राथमिक विद्यालय खाड़ुबाजार ,प्राथमिक विद्यालय राधाबल्लापुर ,उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहनपुर, मध्य विद्यालय मारालोई, नव प्राथमिक विद्यालय टार्रा, प्राथमिक विद्यालय बाघमारा ,प्राथमिक विद्यालय जुड़ीडंगाल, प्राथमिक विद्यालय फुटबेड़िया,प्राथमिक विद्यालय बहादुरमारा ,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खड़ी माटी ,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आसानबनी ,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खोलाखामार,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेजोपाड़ा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घाटसगोड़िया आदि विद्यालय,की रसोईया सह संयोजिका मौजूद थी। संबंध में उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहनपुर के प्रशिक्षक सह सीआरपी परिमल मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संकुल में कुल 17 विद्यालय के कुल 34 प्रतिभागी प्रशिक्षण में शामिल थे।

समय पर पहुंची पुलिस,मौका ए वारदात से हथियार सहित अपराधी गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। थाना प्रभारी, करमाटांड़ को डायल 112 के माध्यम से ग्राम देवलबाड़ी में राजु मंडल, पिता स्व० ईश्वर मंडल, सा० -देवलबाड़ी, थाना करमाटांड़, जिला- जामताड़ा के घर में अपने बेटा अनिल मंडल से लड़ाई झगड़ा हो रहा है एवं खुन खराबा होने की संभावना है कि सुचना मिली थी। साथ ही थाना प्रभारी, करमाटांड़ को गुप्त सूचना मिली की राजु मंडल अपने घर में अवैध हथियार छुपाकर रखा है। तत्पश्चात वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए थाना प्रभारी, करमाटांड़ के नेतृत्व में छापामारी किया गया। सूचना पाकर ग्राम - देवलबाड़ी जाकर सत्यापन के क्रम में पाया कि उक्त दोनों बाप-बेटा राजु मंडल एवं अनिल मंडल आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। राजु मंडल अपने हाथ में फरसा एवं - इनका लड़का अनिल मंडल हाथ में लाठी लिए हुए थे तथा आपस में एक दूसरे को जान मारने की बात कर रहे थे। राजु मंडल एवं अनिल मंडल के घर की तलाशी ली गई तो घर के स्टोर रूम में छिपाकर रखे गये एक देशी मास्केट (बंदुक) बरामद कर जब्त किया गया।

पुलिस पब्लिक के बेहतर समन्वय से दो शातिर ठग पुलिस के हत्थे चढ़े

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। विगत 13 सितंबर को दो अज्ञात व्यक्ति के द्वारा नारायणपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम धरमपुर में रूपया को मंत्र शक्ति एवं सीद्वी के द्वारा तिगुना करने के नाम पर 40,000/-रू0 ठगी कर भाग जाने की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसे बीते रविवार 24 सितंबर को ठगी के शिकार व्यक्तियों के द्वारा देख कर पकड़ लिया गया एवं पुलिस को सुपूर्द किया गया। इस संबंध में नारायणपुर थाना कांड सं0-76 / 2023, दिनांक 24.09.2023 धारा 406/420/34 भा0द0वि० के अन्तर्गत उक्त दोनों व्यक्ति हरियाणा निवासी (1) राहुल शर्मा, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता जय भगवान शर्मा, पता- सेक्टर 62, बल्लभगढ़, थाना सदर थाना, जिला न्यु फरीदाबाद (हरियाणा) एवं (2) पवन शर्मा, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता बिनोद शर्मा, पता - सुभाष कॉलोनी, थाना आदर्शनगर, जिला फरीदाबाद (हरियाणा) के विरूद्ध कांड दर्ज किया गया है। इनके पास से दो एन्ड्राईड मोबाईल,दो एटीएम कार्ड,दो डेबिट कार्ड सहित 3290 रू नगद जब्त किया गया। छापामारी दल पु०अ०नि० दिलीप कुमार (थाना प्रभारी, नारायणपुर),स०अ०नि० सुधीर कुमार, नारायणपुर थाना, हवलदार सपन रजक, नारायणपुर थाना, हवलदार सुरेन्द्र उराँव, नारायणपुर थाना,आरक्षी कामदेव यादव, नारायणपुर थाना, आरक्षी नितिश कुमार पासवान, नारायणपुर थाना,आरक्षी नवीन कुमार राय, नारायणपुर थाना शामिल थे।

ख़ास ख़बर

जनपद न्यायाधीश, डीएम तथा एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। सोमवार को जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से बात की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाए जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही जरूरत मंद कैदियों को निःशुल्क चश्मा का वितरित जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीजेएम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जेल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है

बलिया सिकंदरपुर। बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान को जारी रखते हुए बिजली विभाग में सिकंदरपुर के नगर पंचायत सहीत विभिन्न गांव में चेकिंग अभियान जारी रखा अवैध विद्युत कनेक्शन तथा बड़े बकाया दारू के खिलाफ विद्युत विभाग द्वारा जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सिकंदरपुर के विभिन्न मोहल्ले में जैसे राहिला पाली तथा मुड़ियापुर जितने भी बतायेदार थे उनका कनेक्शन काट दिया गया इस दौरान एक्शईयन गणेश कुमार एक्शीयन आरके सिंह एसडीओ अजय सरोज मी सुपरवाइजर रवि प्रकाश राजेश यादव अमरेंद्र सिंह उमेश यादव इकबाल बादल कुमार आदि मौजूद रहे।

बस स्टैंड चौराहा पर ट्रैफिक पुलिस सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

सिकंदरपुर बलिया। बस स्टैंड चौराहा स्थित पुलिस पिकेट के समीप सोमवार को ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर सिकंदरपुर द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया इस दौरान बिना हेलमेट लगाए लोगों को सुरक्षा के बारे में बताया गया वही बिना हेलमेट के वहां चलते बाइक सवार को सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियम पालन करने के लिए जागरूक किया गया जागरूकता अभियान के दौरान कहा कि हेलमेट आपकी सुरक्षा में कितनी जरूरत है सड़क दुर्घटना में इसका पता चलता है आज नजर अंदाज और लापरवाही के कारण लोग बिना लाइसेंस और हेलमेट के एक बाइक पर तीन तीन सवाल होकर चल रहे हैं और पकड़े जा रहे हैं इसी को लेकर हेलमेट सी बेल्ट और सड़क पर चलने के दौरान ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर ने लोगों को जान माल की सुरक्षा के लिए समझाया कि हेलमेट कितना जरूरत है अगर लोग जागरुक नहीं हुई तो ट्रैफिक नियमों की अवहेलनायक करने पर उनसे जुर्माना भी वसूला जाएगा अतः में रुद्र प्रताप माल ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर ने कहा कि पुलिस उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है ताकि लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जा सके।

डीएम की अध्यक्षता में जनपद का गजेटियर तैयार किये जाने के संबंध में जिला स्तरीय कमेटी की बैठक हुई आयोजित

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। गोण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जनपद गोण्डा का नया गजेटियर तैयार किये जाने के संबंध में शासन के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौली भी उपस्थित रही। बैठक में बताया गया कि शासन के निर्देश के क्रम में जनपद का नया गजेटियर निर्धारित मानक पर तैयार किया जाना है। जिसमें जनपद के एतिहासिक, भौगोलिक , संस्कृति भाषा, लोक एवं समाज, प्रशासन, जनसंख्या सहित ए टू जेड जानकारी विभिन्न विभागों, संस्थाओं प्रबुद्ध नागरिकों से प्राप्त करते हुए संकलित किया जाना है। जिलाधिकारी ने बैठक में जनपद का गजेटियर तैयार किये जाने हेतु निर्धारित मानकों/बिन्दुओं के सापेक्ष डाटा तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला गजेटियर तैयार करने में सभी अधिकारी पूरा सहयोग करें। अपने विभाग से संबंधित सही-सही जानकारी डीएसटीओ को उपलब्ध करायें जिससे सही आंकड़ों के साथ जिला गजेटियर तैयार किया जा सके।

सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए उठाएं कदम : जिलाधिकारी

बलिया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हर सुधारात्मक कदम उठाने पर विशेष बल दिया गया। इस दिशा में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि कम से कम साईन बोर्ड, रम्बल स्ट्रीप, संकेत चिन्ह आदि जैसे छोटे कार्यों को हर हाल में करा दें। विद्यालयों में चलने वाले वाहनों के फिटनेस पर भी विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोनिवि को जो निर्देश दिए गए थे, उसका अनुपालन अभी नहीं दिख रहा है। इस पर नाराजगी जताते हुए लोनिवि के अभियंता को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि कम से कम छोटे कार्य जैसे साईन बोर्ड, रम्बल स्ट्रीप, संकेत चिन्ह आदि को तत्काल कराकर अवगत कराएं। अन्यथा की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध शासन में पत्र भेजने की हिदायत दी। उन्होंने एआरटीओ अरूण राय को निर्देशित देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित कराया जाए कि विद्यालयों में फिट वाहन ही चलें। इसलिए समय-समय पर उन वाहनों का फिटनेस टेस्ट किया जाए। किसी भी हाल में अनफिट वाहन से बच्चे स्कूल नहीं जाएं। इसको लेकर सरकार भी चिंतित है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक भी कम से कम हर तिमाही कर लिया जाए। प्रवर्तन कार्य पर असंतोष जताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रवर्तन कार्य से जुड़े सभी विभाग जैसे परिवहन, पुलिस, विद्युत, व्यापार कर आदि इस कार्य में तेजी लाएं। सीएम डैशबोर्ड पर प्रवर्तन कार्य में जनपद की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इसमें जल्द सुधार नहीं हुआ तो सम्बन्धित की जवाबदेही तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अपील, यातायात नियमों का करें पालनः जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यह जरूरी कि लोगों को सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया जाए। जनपदवासियों से भी अपील किया है कि यातायात नियमों का पालन कर खुद को सुरक्षित रखें। सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने से खुद की सुरक्षा के साथ चालान आदि की कार्रवाई से भी बचा जा सकेगा। बैठक में एआरटीओ अरूण राय, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिजात सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाला 1 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलिया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय बलिया श्री एस. आनन्द के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर महोदय श्री भूषण वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्दरपुर पुलिस को मिली सफलता । उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 25.09.2023 को थाना सिकन्दरपुर थानाध्यक्ष श्री दिनेश पाठक मय टीम द्वारा चेकिंग सन्दिग्ध वाहन/ सन्दिग्ध व्यक्ति, तलाश वांछित वारण्टी करते हुए मु0अ0स0 319/23 धारा 295A भादवि व 67आई0टी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1.ओमप्रकाश भारती पुत्र सत्यराम भारती निवासी मुस्तफाबाद थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया को मुखबिर की सूचना पर बस स्टेशन चौराहा से करीब 200 मीटर बलिया की तरफ जाने वाले मेन रोड से समय 12.55 बजे गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय बलिया भेजा गया । उल्लेखनीय है कि उपरोक्त अभियुक्त द्वारा दिनांक 24.09.2023 को अपने फेसबुक प्रोफाइल से अन्य धर्म के विरुद्ध अशोभनीय धार्मिक टिप्पणी किया गया था जिस संबंध में थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को आज दिनांक 25.09.2023 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

दुर्गा महाअष्टमी पर होगा 11 हजार कन्याओं का होगा पूजन

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। आगामी अक्टूबर माह में 22 अक्टूबर को दुर्गा महाअष्टमी के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा 11 हजार कन्याओं का पूजन कर कन्याभोज कराया जायेगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सीडीओ, सीएमओ, एएसपी व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर पूरे कार्यक्रम की रणनीति बनाई। डीएम ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, इसमें 11 हजार कन्याओं को शहीदे आजम भगत सिंह इंटर कॉलेज के प्रांगण में कन्या भोज कराया जाएगा इस दौरान उन्हें हाइजीन किट भी दी जाएगी। उन्होने कहा कि मां दुर्गा के नौ रूपों के आधार पर 9 अलग-अलग क्षेत्र पुलिस, उद्यमी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, स्वयं सहायता समूह, पंचायती राज, कला, एनजीओ में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को नवदेवी सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की अधिकारी अपनी अपनी तैयारी को पूरा कर लें। इस पूरे कार्यक्रम का मकसद जनपद में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संबंध में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता फैलाना तथा योजना को धरातल पर उतारना है। उन्होने पुलिस विभाग को सुरक्षा की जिम्मेदारी, परिवहन विभाग को कन्याओं को लाने व ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होने इसी प्रकार अन्य विभागों को भी जिम्मेदारियों सौंपी हैं। इस दौरान समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, ड्रग्स इंस्पेक्टर रजिया बानो, जेपी यादव, चन्द्रमोहन वर्मा, दीपक दूबे, राजकुमार आर्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती व अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया गया

वाराणसी। डोमरी, रामनगर स्थित आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती तथा अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस का कार्यक्रम किया गया। महाविद्यालय की निदेशिका प्रो. कल्पलता पांडेय, पूर्व कुलपति, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उ0प्र0 ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी उनकी गहरी अभिरुचि थी। उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में कई लेख लिखें जो विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। इनका जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा उत्तर प्रदेश में हुआ था। 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय रेलवे परिसर में उनकी मृत्यु हुई। मुगलसराय का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रखा गया है। महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. अभिजीत एवं शिक्षिका सुरभि पांडेय तथा छात्राओं ने भी पंडित जी के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। 21 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर शुरू किए गए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आज 25 सितंबर 2023 को समापन किया गया। महाविद्यालय की निदेशिका ने महाविद्यालय परिसर में पीपल का वृक्ष लगाकर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र तथा संचालन महाविद्यालय की शिक्षिका डॉ. रजनी श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार दुबे, डॉ. रचिता सिंह, डॉ अमित रंजन, श्रीमती प्रतिभा गुप्ता, सोनू सेठ, सुश्री दिव्या सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं मौजूद रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसड़ा पर मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

बलिया। खबर बलिया जनपद के रसड़ा से है जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व फार्मेसिस्ट दिवस बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर समस्त अधिकारी कर्मचारी गण चीफ़ फार्मेसिस्ट/ फार्मेसिस्ट एवं प्रशिक्षु फार्मेसिस्टो की उपस्थिति में फार्मासिस्टो ने केक काटकर मनाया। सेवानिवृत्त चीफ़ फार्मेसिस्ट डाक्टर आर एस गौतम ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डाक्टर वी एस कुशवाहा डाक्टर गुफरान अजमल डाक्टर प्रियंका राय चीफ़ फार्मेसिस्ट डाक्टर शैलेश कुमार सिंह चीफ़ फार्मेसिस्ट डाक्टर अनिल कुमार राय डाक्टर सन्तोष कुमार गुप्ता फार्मेसिस्ट डाक्टर फिरोज अहमद फार्मेसिस्ट श्रीमती शुभावती स्टाफ नर्स श्री जंगबहादुर एल टी साहिल यादव देवेंद्र घनश्याम सन्तोष पूनम सुशीला शान्ति संजय सहित अन्य कर्मचारी एवं प्रशिक्षु फार्मेसिस्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं में फार्मेसिस्ट की भूमिका एवं महत्व को रेखांकित किया गया।

जे एन सी यू में नवागत कृषि छात्रों को हर्बल वाटिका में स्थित औषधीय पौधों की दी गयी जानकारी

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालयके कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्ता के निर्देश पर परिसर में अवस्थित हर्बल वाटिका में नवागत बीएससी कृषि प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा साफ सफाई का कार्य किया गया। हर्बल वाटिका में स्थित औषधीय पौधों की जानकारी एवं रखरखाव के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान की गई । उद्यान विज्ञान में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों के बारे में बताया गया। इस वाटिका में औषधीय पौधे जैसे काला धतूरा, सतावर, अश्वगंधा, श्याम तुलसी, काली मिर्च , गरम मसाला ,इलायची, रक्त चंदन, रुद्राक्ष ,अगस्त ,चीकू, अंजीर ,मौलश्री ,कत्था, छूईमुई इत्यादि अन्य औषधीय पौधों उपलब्ध हैं । जिनका उद्देश्य कृषि स्नातक छात्रों को भौतिक रुप से पौधों की पहचान एवम गुण दोष की जानकारी प्राप्त करना । मानव जीवन में इसका क्या उपयोग है ,औषधीय पौधों की महत्ता को जानना एवं आज के बदलते परिवेश में आयुर्वेद में औषधीय पौधों के महत्व को स्वयं जानना एवं आम जनमानस को जागृत करना है। बीएससी कृषि प्रथम वर्ष सत्र 2023 से 2027 के छात्रों द्वारा प्रायोगिक कार्य का प्रारंभ हुआ। इस मौके पर कृषि संकाय के सहायक प्रोफेसर डॉ विनीत शाही और डॉ लाल विजय सिंह द्वारा छात्रों को उचित मार्गदर्शन एव महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयीं।

जे एन सी यू में दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती पर संगोष्ठी का आयोजन

बलिया। दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती के अवसर पर गुरुवार 25 सितम्बर को जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के सभागार में पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के द्वारा 'अमृत काल में दीनदयाल जी के विचारों की प्रासंगिकता' विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता श्री मिथिलेश नारायण, क्षेत्रीय बौद्धिक शिक्षा प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, पूर्वी उत्तर प्रदेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीन दयाल जी ने विश्व के सभी संस्कृतियों की तुलना की और भारतीय संस्कृति के महत्त्व को बताया। समाज और देश का परिष्कार संस्कार युक्त जीवन से होता है। भारतीय संस्कृति इसी संस्कार की शिक्षा देती है। भारतीय शिक्षा व्यवस्था भारतीय मनीषा के आधार पर होनी चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि दीन दयाल जी के विचार आज के समय सर्वथा प्रासंगिक हैं। दीन दयाल जी का सर्वात्मवाद मनुष्य मात्र की चिंता करता है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अजय बिहारी पाठक, स्वागत एवं विषय प्रवर्तन प्रो. रामकृष्ण उपाध्याय, निदेशक, पं. दीनदयाल शोध पीठ एवं धन्यवाद् ज्ञापन कुलसचिव एस. एल. पाल ने किया। इस अवसर पर संस्कार केन्द्र, बसंतपुर के अध्यापक, पूजा, नंदिनी आदिविद्यार्थी, अभिभावकों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति व संगीत विभाग के प्राध्यापक प्रद्युम्न उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्राध्यापक डॉ. रामसरन, डॉ. अभिषेक मिश्र, डॉ. पुष्पा मिश्र, प्रो. बैकुंठ नाथ पाण्डेय, प्रो. अशोक कुमार सिंह, डॉ. रामशरण पाण्डेय आदि एवं परिसर के विद्यार्थी तथा कर्मचारी एवं जनपद के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

समीक्षा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग पर विकास कार्यों की गई समीक्षा

जनपद की रैंकिंग खराब करने वाले अधिकारियों की तय की जाएगी जवाबदेही : डीएम

बलिया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल से प्राप्त विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की रैंकिंग एवं ग्रेडिंग के अनुसार बिंदुवार समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड सरकार द्वारा जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए बनाया गया है। इसमें संबंधित विभागों के रैंकिंग और ग्रेडिंग के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आवश्यक दवा सूची में दवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता को बढ़ाने के निर्देश दिए। इसमें एंबुलेंस 108, मोबाइल मेडिकल यूनिट और 102 की स्थिति बेहतर पाई गई। बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव, सीटी स्कैन एवं टेली मेडिसिन सेवाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा के दौरान दिव्यांगजन पेंशन और दिव्यांगजन पेंशन आधार सीडींग के कार्य बेहतर स्थिति में पाए गए। पंचायती राज विभाग के अंदर वित्त आयोग ग्राम पंचायत, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय की निर्माण की जिओ टैगिंग कराने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा पंचायती राज अधिकारी को दिया गया। सूचना लघु एवं मध्यम विभाग की समीक्षा के दौरान ओडीओपी टूल किट योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना एवं राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना में भी प्रगति लाने के लिए जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अधूरे आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करा कर उसका डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जाए। जीएसटी के अंतर्गत महीने के कर राजस्व के लक्ष्य को पूरा करने और कर राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जिस विभाग के अधिकारी की वजह से जनपद के रैंकिंग खराब होगी, उसकी जवाबदेही तय की जाएगी। किसी भी स्थिति में जनपद का नाम खराब जनपद में नहीं आना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले जनपदों से संपर्क स्थापित कर अपने जनपद की रैंकिंग और ग्रेडिंग सही करें। आईजीआरएस के मामले में भी कोई अधिकारी डिफाल्टर ना होने पाए,इसका ध्यान रखा जाए। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

तिलहन उत्पादन तकनीक विषय पर प्रशिक्षण संपन्न

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। गोंण्डा आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में संचालित रबी में तिलहन फसल उत्पादन तकनीक विषय पर पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आज दिनांक 25 सितंबर 2023 को संपन्न हुआ । प्रशिक्षण के समापन अवसर पर केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉक्टर पीके मिश्रा ने तिलहनी फसलों के उत्पादन पर बल दिया । उन्होंने बताया कि तिलहनी फसल तोरिया की वैज्ञानिक खेती कर किसान भाई ज्यादा आय प्राप्त कर सकते हैं । प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने तोरिया, सरसों अलसी की उन्नतशील प्रजातियां, बीज एवं बीज शोधन, खरपतवार प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन, उर्वरक प्रबंधन आदि की जानकारी दी । डॉक्टर अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने कीट एवं रोग प्रबंधन के लिए एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन को अपनाने की सलाह दी । उन्होंने बताया कि एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई, बीज शोधन एवं बीज उपचार, समय पर फसल की बुवाई, संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, खरपतवार प्रबंधन आदि कार्य बहुत महत्वपूर्ण हैं । उन्होंने बताया कि भूमि की तैयारी करते समय जैव फफूंदीनाशक ट्राइकोडर्मा पाउडर की एक किलोग्राम मात्रा को प्रति एकड़ की दर से 25 से 30 किलोग्राम सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर प्रयोग करने से फफूंद जनित बीमारियों से फसल की सुरक्षा होती है । डॉक्टर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि फसल में कार्बनिक खादों जैसे सड़ी गोबर की खाद एवं कंपोस्ट खाद का प्रयोग करने से मिट्टी में जीवांश कार्बन की पर्याप्त मात्रा बढ़ जाती है । इससे फसलों की पैदावार अच्छी प्राप्त होती है । उन्होंने बताया कि प्रति एकड़ तीन से साढ़े तीन कुंतल सड़ी गोबर की खाद का प्रयोग खेत की तैयारी करते समय करें । डॉक्टर दिनेश कुमार पांडेय ने जिप्सम के प्रयोग पर बल दिया । उन्होंने बताया की जिप्सम में कैल्शियम सल्फेट पाया जाता है । यह मृदा के पीएच मान को उदासीन बनता है । जिप्सम की एक कुंटल मात्रा प्रति एकड़ की दर से खेत की तैयारी करते समय प्रयोग करें । उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण की संस्तुति के अनुसार खाद एवं रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग किया जाना उपयुक्त होगा। प्रशिक्षण में प्रगतिशील कृषकों युवराज यादव, राजमान मौर्य, समीर कुमार वर्मा, मुकुटधारी, जुगुल किशोर वर्मा, रामजन्म वर्मा आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की । प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को बैंगन पौध निशुल्क वितरित की गई ।

ख़ास ख़बर

लौरिया में मोरल रोजगार सम्मेलन का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज। लौरिया में मोरल ग्रुप ऑफ कम्पनीज द्वारा मोरल रोजगार सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मोरल कम्पनीज के क्राउन एसक्यूटि सुनील कुमार सिंह द्वारा सभी कार्यकताओं को मोरल के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराते हुए कंपनी की विशेषता के बारे में बताई गई। इस कार्यक्रम में पूर्वी एवं पश्चमी चम्पारण के लगभग सभी फेरनचाईजी होल्डर भी मौजूद रहे। वही अपने संबोधन में श्री सिंह ने बताया कि मोरल ग्रुप ऑफ कम्पनीज भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड संस्था है।यह आरडी, एफडी,के साथ रियल इस्टेट में भी कार्य करती है। उन्होंने सभी को मोरल के साथ जुड़कर इस कंपनी से मिलने वाली सुविधाओं को आमजन तक पहुचाने की बात कही। कार्यक्रम में अरविंद कुमार मिश्र, प्रदीप श्रीवास्तव, चन्द्र शेखर कुमार, पवन शर्मा,राहुल कुमार, सत्येन्द्र सोनी, धामु महतो, प्रभात रंजन, सफीक अहमद, अशोक बैठा, आदि उपस्थित रहे।

बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया

दैनिक शुभ भास्कर, फिरदौस अहमद, भागलपुर। (बिहार) जगदीशपुर प्रखण्ड अन्तर्गत 4 स्कूल और 17 विद्यालय में सभी शिक्षा सेवक,शिक्षा सेवक तालीमी मरकज द्वारा नव साक्षर महिलाओं की बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया।जगदीशपुर प्रखण्ड का लक्ष्य 600 था मगर 540 महिलाएं ही शामिल हो पाई। के आर पी शंकर पासवान ने मॉनिटरिंग कर देखा कि 420 अल्पसंख्यक की जगह 382और 137 महादलित की जगह120 एवं 43 दलित महिला की जगह 38 महिलाओं ने भाग लिया ।

14 सूत्री मांगों को लेकर वार्ड सदस्यों ने किया विरोध प्रदर्शन

शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण। सोमवार को अपनी 14 सूत्री मांगो को लेकर भितहा प्रखण्ड मुख्यालय के प्रांगण मे वार्ड संघ के सदस्यो द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए भितहा बीडीओ मनोज कुमार पंडित को एक ज्ञापन सौंपा गया। वही प्रदर्शन कर रहे वार्ड संघ के अध्यक्ष मुकेश गोंड व वार्ड संघ के उपाध्यक्ष मंजर इमाम के अध्यक्षता में कई वार्ड सदस्यों ने धरना प्रदर्शन कर सरकार से अपनी विभिन्न मांगो को हर हाल में पूरा करने की चेतावनी दिया। वही वार्ड संघ के अध्यक्ष मुकेश गोंड ने बताया कि अगर हम लोगो का मांग पूरा नहीं होगा तो अनुमंडल से लेकर जिला मुख्यालय तक धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार वार्ड सदस्यो के साथ घोर अन्याय एवं शौतेला ब्यवहार कर रही है। जिसको कभी बर्दाश्त नही किया जाएगा। सरकार को हम लोगो की मांगे हर हाल में पूरी करनी होगी। वही प्रदर्शन कर रहे वार्ड सदस्यो में शेषनाथ पटेल डिप्टी अली जुलकरनैन अंसारी जितेंद्र कुशवाहा संतोष साहनी परितोष कुमार राय आदि उपस्थित रहे।

ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

वाराणसी। मिर्जामुराद क्षेत्र के चित्रसेनपुर कछवारोड किसान मंडी के समीप हाईवे पर सड़क पार करते तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं परिजनों को घटना की जानकारी दी। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।शिवपुर थाना के कानूडीह हरिहरपुर निवासी प्रदीप राजभर (28) मिर्जामुराद आया हुआ था। चित्रसेनपुर गांव के समीप किसान सब्जी मंडी के सामने हाईवे पार कर रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे गंभीर से घायल हो गया। पहुंची पुलिस ने उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया।जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दे दी।वहीं दूसरी तरफ जंसा थाना क्षेत्र के हरमोस के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। ट्रक में फंसकर बाइक लगभग एक किलोमीटर तक घसीटती रही। घायलों को बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

वीर अब्दुल हमीद भवन का जल्द होगा निर्माण : पूर्णिमा नीरज सिंह

मोहम्मद शाहनवाज अता, हाजीपुर/ झरिया /धनबाद (झारखंड)। वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन जिला धनबाद झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में परमवीर चक्र से सम्मानित वीर सपूत शहीद अब्दुल हमीद का 58 वां शहादत दिवस समारोह झरिया बाजार स्थित आर एस गार्डन परिसर हॉल में आयोजित हुआ।कार्यक्रम का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सह टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद,झरिया की विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह,वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अली इमाम भारती,बिहार प्रदेश महासचिव राजू वारसी,बिहार प्रदेश मिडिया प्रभारी मोहम्मद शाहनवाज अता,वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन जिला धनबाद के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शमीम शाह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन जिला धनबाद के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शमीम शाह व संचालन शिव कुमार दुसाध ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अली इमाम भारती ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद की शहादत पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है।इनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता।इनकी वीरता के लिए ही इन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वीर अब्दुल हमीद के नाम से अंडमान निकोबार में एक द्वीप का नाम रख कर उन्हें सम्मानित करने का काम किया है।हम सभी को वीर अब्दुल हमीद पर गर्व है।इन्होंने झरिया के विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह से मांग की है कि झरिया में वीर अब्दुल हमीद भवन का विधायक फंड से निर्माण किया जाए।वहीं झारखंड सरकार से मांग करते हुए कहा कि जिस तरह बिहार सरकार वीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस राजकीय सम्मान के साथ मनाती है उसी तरह झारखंड सरकार भी हर साल 10 सितंबर को वीर अब्दुल हमीद की शहादत दिवस पर राजकीय सम्मान समारोह आयोजित करने की घोषणा करें।झारखंड के किताबों में भी वीर अब्दुल हमीद की जीवनी को शामिल किया जाए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झरिया की विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद किसी धर्म,जाति के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए शहीद हो गए।देश के सबसे बड़े सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किए गए।इनकी शहादत को हजारों वर्ष बाद भी भुलाया नहीं जा सकता।शिक्षा से ही समाज में बदलाव आ सकता है।अपने बच्चों को शिक्षित किजिए और उन्हें भी वीर अब्दुल हमीद की तरह बनने को प्रेरित किजिए।इन्होंने फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मांग पर कहा कि जगह मिलने पर जल्द वीर अब्दुल हमीद भवन का निर्माण कार्य कराया जाएगा।लोगों से शिकवा करने से ज्यादा काम करने पर जोर शोर दिया।वहीं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद की शहादत दिवस पर हम श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजली देते हैं।यह बहुत ही गर्व का दिन है।वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के लोगों की सराहना की।कार्यक्रम को सतपाल सिंह ब्रोका प्रवक्ता धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी ने संबोधित कर कहा कि परमवीर चक्र से सम्मानित वीर सपूत अब्दुल हमीद की वीरता की पराकाष्ठा को इतिहास के पन्नो से नहीं मिटाया जा सकता।

असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को हक दिलाने के लिए आईएलओ व इंटक की बैठक आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चन्द्र झा, सहरसा। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन आईएलओ व इंटक के संयुक्त प्रयास से पंडित राजेन्द्र मिश्र कांग्रेस भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित की गई।आईएलओ की नेशनल कॉर्डिनेटर कुमारी वैशाली ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा की ये कार्यक्रम आईएलओ और इंटक ने एक साथ ऑर्गेनाइज किया है।इस कार्यक्रम का उद्देश्य असंगठित मजदूर को संगठित कर उनका वाजिब हक दिलाना है।उन्होंने कहा हमलोगों को पता है हमारे देश में बहुत बड़ा वर्ग जो है वो असंगठित है।असंगठित रहने का बहुत सारा कारण है। जैसे मान लीजिए उनका पीएफआई या ईएसआई ऐसा जो कोई सोशल सिक्योरिटी है। जो नहीं मिलता है ठेकेदार के अंदर जो ये लोग काम करते है। कुछ ठेकेदार अच्छे भी होते है लेकिन एक बहुत बड़ा वर्ग है जो पैसा टाईम पर नहीं देते है। और जो उनका हक है सही टाइम पर नहीं देते है वो मारते है।तो ये बहुत सारे चुनौतीपूर्ण है। जो इंटक के साथ आई एल ओ मिलकर आगें कुछ महीने में काम करेगी।वहीं आलोक रंजन श्रीवास्तव ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया की अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और इंटक इसके साथ मिलकर आईएलओ का एक कार्यक्रम है। कामगार सूचना एवं सहायता केंद्र के नाम से यह हर जिले में हमारी संस्था चल रही है। असंगठित मजदूर को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ना और उनको जो वाजिब हक है। उसके लिए कार्य योजना तैयार कर सरकार को बाध्य करते हैं। इसके अंतर्गत निर्माण क्षेत्र के श्रमिक, घरेलू कामगार और सफाई कर्मचारी के बीच जागरूकता शुरू कर रहे है।

पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को बगहा भाजपा ने अंत्योदय दिवस के रूप में मनाई

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। भारत के राष्ट्रीय पार्टी जनसंघ के अध्यक्ष पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बगहा पुलिस जिला के भारतीय जनता पार्टी की सांगठनिक ईकाई ने सोमवार को अपने कार्यकर्ताओं के साथ अपने जिला कार्यालय नरायणापुर में अंत्योदय दिवस के रूप में मनाई है। जयंती समारोह में सबसे पहले पंडित उपाध्याय की तैल चित्र पर कार्यकर्त्ताओं ने पुष्प अर्पित कर नमन किया।तत्पश्चात सभी वक्ताओं ने पंडित जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि नरेंद्र मोदी के देश के प्रधानमंत्री 2014 में बनने के बाद भाजपा जनसंघ के अध्यक्ष रह चुके स्वर्गीय पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाती है। अंत्योदय शब्द का मतलब उत्थान है, जो समाज में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान को समर्पित है। इस दिन का उद्देश्य भारत के गरीब और पिछड़े लोगों के विकास की ओर ध्यान खींचना है। साथ ही इस दिन समाज और राजनीति में उपाध्याय के योगदान के लिए याद करने के लिए भी मनाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने किया।वहीं संचालन जिला महामंत्री सुजीत चौरसिया ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश वर्मा,जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी हृदया दुबे,जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि ऋतु जायसवाल,नंदकिशोर राम,भूपनारायण यादव,ओम निधि वत्स,नागेंद्र साहनी,मनोज साहू,विजय गुप्ता, रौशन तिवारी,धनंजय यादव,प्रभात माली,अमित पांडेय,विजय साहू,मुकेश द्विवेदी,शैलेश दुबे,प्रकाश गुप्ता,हरिओम दुबे,विद्यानंद गुप्ता,बद्रीनाथ प्रसाद के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहें।

स्वास्थ्य शिविर में जांची गई हजारों मरीजों की सेहत, निशुल्क दवा देकर डॉक्टरों ने दी उचित सलाह - युवा क्रांति रोटी बैंक

सारण। विदित हो कि तीन दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन छपरा के राजेन्द्र स्टेडियम में शुरुआत हुआ जिसका विधिवत उद्घाटन छपरा मेयर रागिनी गुप्ता, अध्यक्ष नीतू गुप्ता, उपाध्यक्ष बिंदिया जयसवाल, अमन सिंह,ई.विजय राज,सत्याप्रकाश यादव ,अर्जुन सिंह , धन जी, रश्मी राज, एकता गुप्ता, प्रकाश गुप्ता , अंजलि सोनी, हेमंत राज,और सभी डॉक्टर्स ने किया। संस्थापक ई.विजय राज ने कहा कि यह पहल शानदार है। विजय राज ने कहा की स्व.रूपेश सिंह का समाज कल्याण के लिए हमेशा से महत्वपूर्ण योगदान रहा है इनकी सोच को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा आगे रहेंगे।जदयू प्रदेश महासचिव सत्याप्रकाश यादव ने कहा प्रतिष्ठित चिकित्सक मरीजों को देख रहे हैं महंगी दवाइयां भी दी जा रही हैं। वास्तव में यही जनकल्याण है। मरीजों की जांच कर रहे चिकित्सक ने बताया कि इस समय बीमारियों से बचने के लिए सभी को सावधानी रखने की आवश्यकता है। यदि समझदारी न दिखाई तो तीसरी लहर का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा बरसात का मौसम चल रहा है, जिसमें बीमारियां हावी होने का प्रयास करती हैं। इस मौसम में सफाई का विशेष ध्यान रखें। ताजे भोजन के अलावा पानी उबाल कर सेवन करें। बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए उन्हें फास्ट फूड से दूर रखें। निशुल्क दवाओं का वितरण भी शिविर में किया गया है। जांच कराने पहुंचे मरीजों ने कहा कि युवा क्रांति का यह प्रयास सराहनीय है। योग्य चिकित्सकों के कारण मरीज को जहां सही बीमारी का पता लगता है। इस अवसर पर डॉ.पार्थीगौतम, डॉ.रजनी कांत तिवारी, डॉ.ज्योति कुमारी, डॉ.शुकुनतला, डॉ.कृष्णा आर्या, डॉ.संतोष कुमार, डॉ.आलोक रंजन और सदर हॉस्पिटल के डॉ. और नर्स आदि मौजूद रहे। शिविर में आए मरीजों का बिना किसी शुल्क के दवा, चश्मा भी दिए गए।

जलझूलनी एकादशी पर निकला देव विमानों का जुलूस

दैनिक शुभ भास्कर/ मोहन सिंह / राजस्थान / चितौड़गढ़। रावतभाटा तहसील का दूरस्थ क्षेत्र जावदा निमड़ी में जलझूलनी एकादशी पर डोल यात्रा महोत्सव मनाया गया।मुकेश धाकड़ कोरोमंडल ने बताया की सुबह से ही महोत्सव को लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। जावदा में कालिया नाथ जी,चारभुजा नाथ जी एवं जावदा रावला में स्थित ठाकुरजी के देव विमानों का जुलूस निकाला,तत्पश्चात नदी में जुलाया। भरत विजयवर्गीय ने बताया डोलयात्रा जुलूस का विभिन्न स्थानों पर ग्रामवासियों द्वारा पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा देव विमानों में विराजमान भगवान के दर्शन कर श्रीफल,फल आदी चढ़ाकर आरती उतारी गई। मुकेश धाकड़,राजेश विजयवर्गीय,विनोद धाकड़,पुरुषोतम विजयवर्गीय,मोहन कुमावत,मगनीराम कुमावत,शांतिलाल शर्मा,श्याम धाकड़ श्याम लोहार,गोवर्धन कुमावत,सुरेश कुमावत(भानु), सोनु भंडारी,शौकीन धाकड़,पंकज तेली,प्रहलाद कुमावत मुकेश धाकड़,कजोड़ उस्ताद,तेजराम कुमावत, भरत विजयवर्गीय विष्णु सोनी सहित समस्त जावदा निमाड़ी वासी उपस्थित रहे।

भाजपा नेता ने जनसंपर्क साधा

शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा विधानसभा क्षेत्र के चखनी गांव में भाजपा नेता श्वेतमणि सिंह उर्फ तुषार सिंह ने भ्रमण कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 बर्षो के कार्यकाल में किये गये कल्याणकारी योजनाओं और विकासकारी कार्यो को जनता के समक्ष रखा। भाजपा के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नव वर्ष के शासनकाल के द्वारा किए गए जन कल्याणकारी योजनाओं को अपने दर्जनों समर्थकों के साथ गांवों में लोगों के बीच पहुंचकर लोगों से रूबरू होकर 2025 में विधानसभा के चुनाव में बिहार में भाजपा की सरकार और 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वोट देकर विजयी बनाने की अपील किया। इस दौरान भाजपा नेता तुषार सिंह ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भाजपा के बढ़ते प्रभाव को देखकर वाल्मीकि नगर लोकसभा व विधानसभा के मतदाताओं का रुझान बढ़ी है, जिसमें सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास निहित है।

हरिहरपुर पँचायत भवन पर हुआ जन संवाद कार्यक्रम

दरियापुर। प्रखण्ड क्षेत्र के हरिहरपुर पँचायत भवन के प्रांगण में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जीविका के दीदीओ ने बताया कि सतत जीवकोपार्जन योजना के तहत एक लाख रुपये तक मिलती है इस योजना से कई लाचार और विवश महिला राशि को लेकर स्वालम्बी बनी है वही एमओ हरेन्द्र प्रसाद वर्मा ने बताया कि नयी राशन कार्ड के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकते है वही मनरेगा कनीय अभियंता ने बताया कि निजी पोखरा, पौधा लगाने तथा पशु शेड बनाने के लिए लाभ प्राप्त कर सकते है वही कृषि विभाग के पदाधिकारी किसानों के लिए बीज तथा नयी कृषि यंत्र लेने के लिए ऑन लाइन आवेदन करके लाभ प्राप्त कर सकते है वही स्वास्थ्य विभाग से डॉ सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में डेंगू बुखार से बचने के लिए मच्छर दानी लगाये साथ ही दो बच्चे पर फैमिली प्लानिंग कराकर बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने में सहयोग करें मुखिया उपेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि पँचायत भवन पर दो दिन राजस्व कर्मचारी तथा कर्मी आये ताकि पँचायत के लोगों का कार्य हो वही बीडीओ ने कहा कि वृद्धा पेंशन योजना में कोई गरबरी हुई है।

कार्यकर्ताओ ने भेजा स्वामी प्रसाद मौर्या को बुरखा

वाराणसी। ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एक बैठक कर स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों की भर्त्सना करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य की राजनीति को देश के लिए विभाजनकारी बताया। संयोजक राजा आनंद ज्योति सिंह ने बताया की भाजपा से स्वामी प्रसाद मौर्य का जुड़ना और अलग होना दोनों की घटनाएं स्वार्थवश हुई ना कि जनता के हित के लिए। स्वामी प्रसाद मौर्य जो कि भाजपा सरकार में मंत्री रहते हुए जय श्री राम के नारे लगाते थे।अब गोस्वामी तुलसीदास की रामचरितमानस भगवान राम और हिंदू समाज को गाली दे रहे हैं।हिन्दू समाज ने शुरुआती बयानों को राजनैतिक विषय मानकर नजरअंदाज किया परंतु स्वामी प्रसाद मौर्य की लगातार जहर उगलने की आदत के कारण हिंदू समाज अब अपनी आस्था और सम्मान के प्रतीकों का अपमान अनुभव कर रहा है। यह हिन्दू समाज ही है जिसके वोटों की भीख से स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे राजनीति के दीमक पलते हैं। संयोजक राजा आनंद ज्योति सिंह ने बताया कि स्वामी प्रसाद मौर्य के धूर्त और हिन्दू समाज विरोधी बयानों के कारण ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद् उनके लिए 'बुरखा' भेज रहा है जिसे पहनकर वो अपनी वास्तविक पहचान के साथ देश के हिन्दू समाज के सामने प्रस्तुत हो। अभिषेक निगम ने स्वामी प्रसाद मौर्य के परिवार की राजनीति पर निशाना साधते हुए कहा कि पिता पुत्री भाजपा ,संघ , हिन्दू समाज ,भगवान राम को गाली दे रहा है। और बेटी भाजपा की सदस्य बनी हुई है।

कार्यक्रम हरनाटांड में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे सभी विभागों के अधिकारी

जिलाधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों के साथ हरनाटांड में हुआ ग्रामीणों के बीच जनसंवाद

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड वार जनसंवाद कार्यक्रम करने का निर्देश प्राप्त होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा डीएम के नेतृत्व में जनसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत बगहा दो के हरनाटांड से की गई। हरनाटांड में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय व संचालन जिला आपूर्ति पदाधिकारी बेतिया कुमार रविंद्र ने किया। जनसंवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय और बगहा पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव समेत जिला के सभी अधिकारी बगहा दो प्रखंड के हरनाटांड के हाई स्कूल में जनसंवाद कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस दौरान लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं सुझाव के लिए पश्चिम चम्पारण के डीएम एवं एसपी ने जनसंवाद कार्यक्रम

आयोजित किया।जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार की ओर से संचालित सभी विभागों की ओर से अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों एवं मौजूद लोगों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने आम जनता के बीच पहुंचकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का आह्वान किया। वही एसपी किरण कुमार जाधव ने आम जनता से बेहतर पुलिसिंग के लिए सुझाव लिया।

इस दौरान ग्रामीणों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, श्रम संसाधन, पंचायतीराज, कृषि, सहकारिता, उर्जा, कल्याण, आईसीडीएस, ग्रामीण कार्य, उद्योग आपूर्ति, पशु एवं मत्स्य संसाधन, पीएचईडी, आपदा प्रबंधन विभाग के सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा योजनाओं के क्रियान्वयन सहित अन्य स्थानीय जरूरतों के संबंध में सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त की। यहां पर बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवा वर्ग उपस्थित थे। इस दौरान विभागवार योजनाओं के विषय में विशेष जानकारी जनसंवाद कार्यक्रम में विभाग बार योजनाओं के विषय में विस्तृत रूप से बताया गया। जिसमें मुख्य रूप से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल एवं इसका अनुरक्षण, ग्रामीण सोलर लाइट योजना, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत सम्बद्ध योजना, कृषि के लिए अलग फीडर, पंचायत सरकार भवन, स्वच्छ गांव समद्ध गांत सतत जीविकोपार्जन गामीण आवास, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना से संबंधित मूलभूत जानकारी ग्रामीणों के बीच दिया।हर प्रखंड में दो बार होगा यह कार्यक्रम जिलाधिकारी ने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम हर प्रखंड में दो बार लगाया जाएगा। जिसमें सभी अधिकारी सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि जिला में कुल 18 प्रखंड है सभी प्रखंडों में दो-दो बार इस कार्यक्रम का आयोजन होगा इस तरह से 36 बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

महिला के साथ हुई छेड़खानी तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वाराणसी। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र निवासिनी एक विवाहिता ने गांव के तीन लोगों पर छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए रविवार की देर शाम मिर्जामुराद थाने पहुंच छेड़खानी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला सास ने अपने बहू पर एक माह पुर्व कुछ लोगों द्वारा छेड़खानी समेत मारपीट व गाली गलौज का आरोप लगाते हुए रविवार को देर शाम मिर्जामुराद थाने पहुंच सास व बहू ने तहरीर दिया।पीड़िता की सास ने आरोप लगाते हुए कहा कि एक माह पूर्व जब मै और मेरे बेटे ड्यूटी करने के लिए घर के बाहर चले गए, उसी समय मेरे पति के साथ लड़वाई गांव के अमर बहादुर, अच्छेलाल व अशोक कुमार मेरे घर पर पहुंच मेरे पति को शराब का सेवन कराकर बेसुध कर दिया और जब मेरी बहू दोपहर में स्नान करने के लिए जा रही थी कि इस दौरान उपरोक्त तीनों ने मेरे बहू का साड़ी खींचते हुए छेड़खानी करने लगे। जब मेरी बहू ने इसका विरोध किया तो सभी ने गाली गलौज देते हुए मारपीट करने लगे।

जैन श्रद्धालुओं ने मनाया उत्तम तप धर्म

सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर / राजस्थान उदयपुर। जयपुर। सोमवार को जैन मंदिरों में दसलक्षण पर्व के सातवें दिन " उत्तम तप धर्म " मनाया गया। इस दौरान प्रताप नगर सेक्टर 8 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य एवं पं संदीप जैन सेजल के निर्देशन में प्रातः 6.15 बजे मूलनायक शांतिनाथ भगवान का स्वर्ण एवं रजत कलशों कलशाभिषेक किया गया, इसके पश्चात भव्य वृहद शांतिधारा कर भजन, भक्ति और गीत, संगीत के साथ मंत्रोच्चारण कर अष्ट द्रव्यों के साथ दसलक्षण पर्व पूजन और उत्तम तप धर्म का पूजन किया गया। इस बीच प्रातः 8.30 बजे आचार्य सौरभ सागर महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अपने आशीर्वचनों में कहा की कर्मों के क्षय करने के लिए साधना करना तपस्या है। मन की इच्छाओं, आकांक्षाओं को जला देना तपस्या है, विषय भोगों के प्रति उदासीन होने का नाम तपस्या है। पतन से उत्थान की ओर बढ़ने का नाम " उत्तम तप धर्म " है। जब आत्मा में संयम का जागरण होता है तभी व्यक्ति तपस्या को अंगीकार करता है। संसार की समस्त आत्मा-परमात्मा तपस्या के अभाव में शरीर और आत्मा पृथक नहीं होती, आत्मा की उपलब्धि नहीं होती।आचार्य श्री ने " तप " का महत्व बताते हुए कहा की " घर में किया जाने वाला तप लौकिक तप है और आत्मा को लक्ष्य रखकर किया जाने वाला तप आध्यात्मिक, अलौकिक तप है। संसार शरीर भोगों से विरक्त होकर आत्मा से सम्बन्ध बनाना ही सम्यक् तप है। जब पथिक मंजिल की प्राप्ति का संकल्प ले लेता है तब वह मार्ग के अवरोधों को नहीं देखता और आगे बढ़ जाता है। उसी प्रकार जो मोक्ष

मंजिल को अपना लक्ष्य बना लेते है, वे उपसर्ग आदि को नहीं देखते और आगे बढ़ने लग जाते है। तपस्या अंतरंग एवं बहिरंग दो प्रकार की होती है। वर्षायोग समिति अध्यक्ष कमलेश जैन और मंत्री महेंद्र जैन ने बताया की दसलक्षण पर्व के अवसर पर संध्याकालीन में भगवान शांतिनाथ स्वामी और आचार्य सौरभ सागर महाराज की भक्ति के साथ महमंगल आरती का आयोजन किया गया, इसके उपरांत पं संदीप जैन सेजल द्वारा शास्त्र प्रवचन किए गए। रात्रि 8 बजे से समिति द्वारा " खुल जा सिम सिम " पर आधारित भव्य प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ख़ास ख़बर

घर में पेड़ गिरने से मचा अफरा तफरी, गनीमत रही कोई हताहत नहीं हुआ!



शुभ भास्कर संवाददाताः अब्दूल वहाब, उधवा/साहिबगंज।राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर पंचायत के मोहनपुर गांव में फोरलेन से सटा हुआ बाईपास रोड पर स्थित सौ वर्षों से अधिक पुराना वृहद पीपल का पेड़ गिरने से एक घर उसकी जद में आ गए। रूक-रूककर हो रही बारिश के कारण विशाल पीपल का पेड़ बीते मध्य रात्रि करीब 12:30 बजे अचानक तरूण मंडल के घर पर गिर गया। जिसके बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। गनीमत यह रहा कि कोई हताहत नहीं हुआ। लेकिन विशाल वृक्ष के पेड़ गिरने से अलवेस्टर के घर पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।वहीं घर के अंदर पेड़ गिरने से एक गाय के सर पर चोट लगी है। साथ ही सरकारी चापाकल दबकर नीचे चला गया। बिजली के एलटी तार दो भागों में बांट गया जिससे घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रहा।इस संबंध में तरुण मंडल ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दिया गया है। साथ ही बताया कि अंचल अधिकारी विशाल कुमार पांडे को लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित ने कहा कि वह बहुत ही गरीब हैं। बरसात के मौसम में घर टूट जाने से परिजनों के अलावा मवेशियों को भी रहने में परेशानी उत्पन्न हो गई है। पीड़ितों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। सोमवार को सरकारी छुट्टी होने के वजह से प्रखंड प्रशासन के तरफ़ से कोई सुविधा मुहैया नहीं कराया गया और न ही विशाल पेड़ को काटकर हटाया गया।

जिला प्रशासन के द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन की तयियारियां शुरू

मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन -2024 के मद्देनजर जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय परिचर्चा भवन में डीएम मनेश कुमार मीणा, अपर समाहर्ता कृष्ण प्रसाद गुप्ता,उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर विपिन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर जिला जन संपर्क अधिकारी कमल सिंह भी उपस्थित थे। इस मौके पर डीएम ने कहा कि निर्वाचन को पूर्ण स्वच्छ ,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मतदान अधिकारियों एवं कर्मियों की अहम भूमिका है। इसी के मद्देनजर आज जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर अच्छे तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि मतदान अधिकारी एवं कर्मियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दे सके।इसके पूर्व उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर विपिन कुमार द्वारा पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान दल के कार्य एवं दायित्व, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, वोटर आइडेंटिटी स्लिप, मतदाता सहायता बूथ, दृष्टि बाधितत्तार्थ मतदाताओं के मताधिकार, ईवीएम के संबंध में बरते जाने वाले एहतियात, वेब कास्टिंग, कंट्रोल रूम ,हेल्पलाइन, कॉल सेंटर, कम्युनिकेशन प्लान के बारे में विशेष जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, बीप टोन, मॉक पोल ,रिजल्ट सेक्शन की सीलिंग, एक्चुअल पोल, वीवी पैट सहित कागज के पर्ची पर मुद्रित विशिष्टियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अपर समाहर्ता विभागीय जांच कृष्ण प्रसाद गुप्ता ने भी प्रशिक्षण से संबंधित विषय पर सभी महत्वपूर्ण तकनीकी पक्षों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

ईद मिलादुन्नबी को लेकर तैयारियां जोरो शोरो पर, अकीदत के साथ मानेगा त्योहार!

शुभ भास्कर संवाददाता, अब्दूल वहाब। उधवा / साहिबगंज। पैगंबर हजरत मोहम्मद की यौमे - पैदाइश ईद मिलादुन्नबी का त्योहार गुरूवार को अकीदत के साथ मनाया जाएगा। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में मजहबी कार्यक्रम होंगे। पूरी रात घरों में इबादत की जाएगी। महफिल मिलाद, जलसा और अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रमुख मस्जिदों एवं घरों में शानदार सजावट की गई है, त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में खास तैयारी की गई है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस दिन घरों और मस्जिदों में कुरान पढ़ी जाती है। ऐसी मान्यता है कि ईद मिलाद उन-नबी के दिन दान और जकात से अल्लाह खुश होते हैं। ईद मिलादुन्नबी को लेकर दुकानों व बाजारों की रौनक बढ़ने लगी है। दुकानों में रंग बिरंगे इस्लामिक झंडे की बिक्री काफी हो रही है। छोटे बड़े सभी लोगों की झंडे खरीदने के लिए दुकानों में भीड़ देखी जा रही है।लोग जमकर इस्लामिक झंडे की खरीदारी कर रहे है। जानकारी के अनुसार प्रखण्ड के उधवा, पहाड़गांव, इंग्लिश, पियारपुर, प्राणपुर, बेगमगंज, कटहलबाड़ी आदि जगहों में ईद मिलादुन्नबी का त्योहार सादगी व अकीदत के साथ मनाया जाएगा। इस दिन लोग हजारों की तादात में जुलूस में शामिल होते है। छोटे बड़े सभी लोग हाथों में इस्लामिक झंडे लिए कतार में चलते हुए नारे तकबीर, सरकार की आमद मरहबा' समेत कई नारे लगाते है। मौलवी आरिफ आलम ने बताया कि इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद का जन्म अरब के शहर मक्का में 571 ईस्वी में 12 तारीख को हुआ था। पैगंबर साहब के जन्म से पहले ही उनके पिता का निधन हो चुका था। वह छह वर्ष के थे तो उनकी मां की भी मृत्यु हो गई।

जाले के बंधौली पंचायत में जनसंवाद

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुमित झा, समाहरणालय, दरभंगा। सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखण्ड के बंधौली पंचायत में जिलाधिकारी श्री राजीव रौशन की अध्यक्षता में जन-संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बंधौली में आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सरकार के विभिन्न विभागों के अन्तर्गत चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि इन योजनाओं से समाज में काफी बदलाव आया है। खासकर महिलाओं में बदलाव को उन्होंने जीविका दीदी द्वारा अपने अनुभव को बेधड़क साझा करने का उदहारण देते हुए कहा कि आज जिस तरह से निडर होकर जीविका दीदी सब के सामने अपनी कहानी बता रही है, यह दर्शाता है कि किस तरह से महिलाओं व समाज मे इन योजनाओं के बदलौत बदलाव आया है। उन्होंने सात निश्चय पार्ट - 1 के अन्तर्गत चलाई जा गयी नल-जल, नाली-गली, आर्थिक हल युवाओं को बल, हर घर शौचालय निर्माण, घर-घर बिजली लगातार के अन्तर्गत किये गये कार्यों से अवगत कराते हुए कहा कि आज बच्चों की पढ़ाई के लिए स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड उनके हुनर में वृद्धि करने के लिए कुशल युवा कार्यक्रम एवं शिक्षित बेरोजगार युवकों को रोजगार की तलाश की अवधि में मुख्यमंत्री निश्चिय सहायता भत्ता योजना के अन्तर्गत मदद की जा रही है। सरकार स्वच्छ गाँव, समृद्ध गाँव एवं स्वस्थ्य गाँव की परिकल्पना के साथ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अन्तर्गत गाँव को स्वच्छ बनाने के लिए कचरा प्रबंधन का कार्य करवा रही है। साथ ही जल-जीवन-हरियाली अभियान के अन्तर्गत पुराने तलाब, कुँआ, पोखर का जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है। इसके साथ ही भू-जल को रिचार्ज करने हेतु सभी चापाकल, कुँआ के पास सोख्ता बनवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत बेटियों की जन्म से स्नातक तक की पढ़ाई पूरी करने तक आर्थिक एवं चिकित्सीय सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में सड़क और बिजली के क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है, अब कहीं भी जाने के लिए कम समय लगता है, यहाँ तक जिला प्रशासन ने दरभंगा हवाई अड्डा के विकास के लिए 78 एकड़ जमीन लगभग 300 करोड़ रूपये की लागत से रिकार्ड समय में खरीदकर एयरपोर्ट ऑथिरिटी को उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि श्रम संसाधन विभाग द्वारा लेबर कार्ड, प्रवासी मजदूर दुर्घटना योजना एवं शताब्दी योजना के बारे में बताया गया। कृषि पदाधिकारी द्वारा वैज्ञनिक तरीके से कृषि के फायदे बताए गए। युवा कृषक धीरेन्द्र कुमार ने भी कृषि पद्धति में बदलाव के अपने विचार रखें, जो बताता है कि आज की युवा पीढ़ी कितनी विकसित सोच रखती है। अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी राजेश झा ''राजा'' द्वारा भू-अभिलेखों के डिजेटाइजेशन एवं ऑनलाईन लगान रसीद कटवाने की जानकारी देते हुए बताया गया कि जमीन से संबंधित सभी रिकार्ड का डिजेटाइजेशन किया जा रहा है और ये ऑनलाईन भी उपलब्ध रहेगा। साथ ही भूमि विवाद सुलझाने के लिए भी सरकार द्वारा अच्छी पहल की गई है। भूमि विवाद के मामलों को भू-समाधान पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। अभियान बसेरा के तहत भूमिहीन परिवारों को घर बनाने हेतु भूमि उपलब्ध कराई जा रही है। श्रम अधीक्षक राकेश रंजन द्वारा बिहार सन्निमार्ण कामगार योजना, शताब्दी योजना एवं प्रवासी मजदूर दुर्घटना योजना के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बिहार के किसी मजदूर का अन्य राज्यों में दुर्घटना से मृत्यु होती है, तो अपने प्रखण्ड के श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी को जानकारी दे दें। मृतक मजदूर के शव को वहाँ से लाने एवं मुआवजा दिलवाने का कार्य श्रम संसाधन विभाग करती हैउन्होंने निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को लेबर कार्ड बनवा लेने का सुझाव दिया तथा बताया कि इससे16 प्रकार के लाभ मिलता है। कार्यक्रम में सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा कोषांग नेहा कुमारी ने विभिन्न पेंशन योजनाओं, दिव्यागों के लिए चलाई जा रही सम्बल योजना, जाति प्रथा को दुर करने के लिए बिहार सरकार द्वारा अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए इन योजनाओं के लाभ प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया। कार्यक्रम में डी.पी.एम. (स्वास्थ्य) ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से सभी को अवगत कराया। बंधौली में आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम में जीविका दीदी जुली देवी, रेणु देवी, मंजू देवी ने अपने-अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी के कर-कमलों से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया बेबी खातुन, प्रमुख फुलो बैठा, जिला पार्षद फरहत हैदर, पंचायत समिति सदस्य रिजवाना परवीन, उप मुखिया मो. अकील ने सहायोग प्रदान कियाकार्यक्रम के अंत में दिव्यांगजन संगठन के सदर अनुमण्डल अध्यक्ष भाग्य नारायण साह ने जिलाधिकारी को पौधा भेंट की। कार्यक्रम का संचालन उप निदेशक, जन सम्पर्क नागेन्द्र गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम संचालन के दौरान सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बंधौली में आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम में सरपंच मालती देवी, उप सरपंच समीकुर रहमान, शहनाज बेगम के साथ-साथ सभी वार्ड सदस्य एवं पंच उपस्थित थे।

अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्यों को ब्रह्माकुमारियों द्वारा ईश्वरीय संदेश दी गई

बेतिया, अशोक वर्मा। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन श्री पिंजरा पोल गौशाला से जुड़े कार्यकारिणी सदस्यों को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेन्द्र पर आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में सेवा केंद्र प्रभारी बीके अंजना दीदी द्वारा ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई । उन्होंने संस्था के 20 प्रभागों द्वारा किए जा रहे चरित्र निर्माण एवं मूल्यों को पुनर्स्थापना के कार्य की विस्तृत जानकारी दी । सेवा केंद्र प्रभारी बीके अंजना बहन ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया मे जब धर्म की गलानी प्रकाष्ठा पर पहुंच जाती है, धर्म को सभी मानते और जानते हुए धर्म मार्ग पर नहीं चल उसके विपरित चलते है, यही समय परमात्मा के अवतरण का होता है । भारत की भूमि पर एक बार पुनः परमपिता परमात्मा का अवतरण हो चुका है और वे कमजोर हुई आत्माओं के अंदर शक्ति भर रहे हैं। यह प्रक्रिया प्रत्येक 5000 वर्ष पर होती है। उन्होंने यह भी कहा कि परमात्मा का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है ,अभी सभी के लिए समान अवसर है, कोई भी उनसे संबंध जोड़कर आशीर्वाद और शक्ति का वर्षा ले सकता है। उन्होंने कहा कि नई दुनिया जो बहुत जल्द आरंभ होने जा रही है उसमें वह उच्च पद ले सकता है। अभी नई दुनिया के लिए आत्माओं का चयन हो रहा है । बाबा नई जिम्मेवारी देने जा रहे हैं। चयनित आत्माओं मे शक्ति भरी जा रही है। अतः अभी अवसर है और इस अवसर का लाभ कोई भी ले सकता है। एमजेके अस्पताल की सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर सुधा भारती ने कहा कि मेडिकल साइंस आज आम लोगों को स्वस्थ रखने के लिए प्रयासरत है लेकिन परमपिता परमात्मा जो स्वयं रूहानी सर्जन है,आत्माओं को निरोगी बना रहे हैं। आत्मा पर जो जंक लगी हुई है उसे सहज राजयोग और ईश्वरीय पढ़ाई से साफ कर सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर कोई भी एक घंटा समय देकर जीवन में सुख शांति और समृद्धि ला सकता है। उक्त अवसर पर, डॉक्टर अनिल मोटानी, डॉ राजेश के साथ अन्य कई लोग थे।

अररिया जिला में अतिक्रमणियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर, अररिया। जिला में अतिक्रमणियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर कई छोटे-छोटे दुकान है एवं ठेले वाले को फ्री वालों पर प्रशासन का चला बुलडोजर वही जिला के एसडीओ थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ चांदनी चौक से लेकर मिरगेट जीरो माइल तक किया साफ रोड के किनारे जितने भी दुकान ठेला इत्यादि लगे हुआ था सबको हटाए सबको प्रशासन के की ओर से कहा गया कि आप लोगों के लिए हरियाली मार्केट में जगह बनाया गया है ना के रोड के किनारे बाजार से लेकर जीरो माइल तक जो भी रोड हो हर रोड को सफाई करने का निर्देश पहले ही दे चुका था और ऐलान भी कराया गया था लेकिन नहीं हटाने के कारण प्रशासन का बुलडोजर आखिर में चल ही गया अब देखें इन फुटकर दुकानदारों का क्या ठिकाना लगाया जाता है सरकार के द्वारा क्योंकि इनपुट कर दुकानदारों भी करें तो कर क्या इन विचारों को कहीं कोई जगह नहीं मिल पाता है क्योंकि उन विचारों को भी अपना पेट और अपना परिवार पालना है किसी तरह से कहीं अपनी दो पैसा का रोजी करने के लिए विवश हैं लेकिन सरकार की तरफ से ऐसा कोई जगह नहीं मिल पा रहा है जहां वह अपना सही ठिकाना लेकर अपना दुकानदारी करें अपना परिवार का भरण पोषण सही तरह से करें किसी के आगे हाथ न पहनने का नौबत्ता है ना कोई चोरी से पार्टी करने का नौबत आए इन विचारों पर हर 2 महीना 4 महीना पर इसी तरह का बुलडोजर चलाया जाता है अब करें तो कर क्या नगर निगम सोए हुए हैं इन विचारों फुटकर दुकानदारों को कोई जगह नहीं दे पा रहा है परेशान है एक तरफ सरकार पिछले वालों फ्री वालों को जगह देने के लिए एलान पर ऐलान करते आ रहे हैं लोन देने का वादा करते आ रहे हैं लेकिन बेचारे सबको सिर्फ वादे है सुनने को मिलता है कितने दुकानदार ऐसे हैं उनका परिवार सिर्फ रोड पर दुकानदारी करके अपना परिवार चलते हैं उन विचारों को इतना पैसा नहीं होता है कि वह किसी बड़े दुकान या मार्केट में जाकर दुकान खरीद सके या दुकानदारी कर सके।

10 लाख से अधिक के हैरोइन के साथ एक महिला को आरपीएफ ने किया गिरफतार

दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा। कटिहार आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कमांडर राकेश कुमार के नेतृत्व में सोमवार को ट्रेन में गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान में 10 लाख रुपए से अधिक के हैरोइन के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश कुमार, जीआरपी तथा एनसीबी टीम के पटना के अधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त जांच के दौरान कटिहार रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 05771 मालदा-कटिहार से एक महिला को 10 लाख रुपए से अधिक के हैरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिला खगड़िया जिला निवासी निर्मला देवी बताया जाता है। जिसके पास से आरपीएफ ने 210 ग्राम हैरोइन को बरामद किया है। वही सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद गिरफ्तार महिला तस्कर को एनसीबी की टीम ने कटिहार कोर्ट भेज दिया। गौरतलब है की आरपीएफ पोस्ट कमांडर राकेश कुमार के शुरू से ही काफी सक्रिय भूमिका में रहे है और आरपीएफ द्वारा किसी भी तरह की अपराधीक घटना संज्ञान में आते ही तत्काल कार्रवाई की जाती है। इस संबंध में राकेश कुमार ने बताया कि आरपीएफ का प्रमुख कार्य यात्रियों की सुरक्षा के साथ रेल संपत्ति को सुरक्षा प्रदान करना है।

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मैं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जयंती धूमधाम से मनाया गया

मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जयंती धूम धाम से मनाया गया इस अवसर पर पंडित जी तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई वक्ताओं ने उनके द्वारा देश के प्रति समर्पण की विस्तार से चर्चा किया बताया गया की उनका ही सोच था की जब तक समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगो का विकाश नहीं होगा देश का विकाश नहीं हो सकता हमारे प्रधानमंत्री जी भी उनके आदर्शों को आत्मसात कर देश के लिए काम कर रहे है इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के अलावे पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक भगत संतोष सुराणा जिला महामंत्री प्रताप नारायण मंडल कृष्ण कुमार सेनानी राकेश विश्वास उपाध्यक्ष नवीन यादव उदय शंकर उदय मंत्री सुष्मिता ठाकुर नीरज झा पूर्व महामंत्री सुरेंद्र झा पूर्व उपाध्यक्ष पप्पू झा अशोक चौधरी नगर अध्यक्ष संजय अकेला अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष गंगा ऋषिदेव महिला मोर्चा अध्यक्ष सह जिला पार्षद किरण कुमारी महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी पूजा आनंदा रानीगंज नगर महामंत्री संजीत राज अररिया नगर उपाध्यक्ष सतीश जी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आबकारी विभाग का जांच अभियान हुआ तेज

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बौसी। बिहार झारखंड के सीमा क्षेत्र पर स्थापित बिहार सरकार का चेक पोस्ट इन दिनों काफी सक्रियता के साथ अभियान चला रहा है। आबकारी विभाग द्वारा भल जोर बॉर्डर पर चलाए जा रहे हैं अभियान में टीम को सफलता भी हाथ लग रही है। वहीं अवैध शराब कारोबारी पर शिकंजा भी कसाता जा रहा है जिससे ऐसे कारोबारी में हड़कंप सा मच गया है। गुप्त सूचना एवं जांच अभियान के आधार पर लगातार छापेमारी की जा रही है और वाहनों में पुलिस एवं आबकारी विभाग को लगातार सफलता मिल रही है सोमवार को भी दिन भर विभाग द्वारा सीमा क्षेत्र पर वाहनों की जांच एवं चेकिंग की गई। दूसरे शहरों और राज्यों से आने वाले वाहनों की भी जांच की जा रही है सुरक्षा एवं आबकारी विभाग का दावा है कि किसी भी सूरत में अवैध कारोबार को पर अपने नहीं दिया जाएगा तथा बिहार में पूर्ण शराबबंदी नियम का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

रमेश बुधुरी ने कुँवर दानिश अली पर गैर संसदीय भाषा का प्रयोग कर पूरे देश को कलंकित किया है

अबरार नोमानी सीतामढी। उलमा बोर्ड हिंद के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद सदरेआलम नोमानी ने हाल ही में संसद भवन के अंदर भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बुधुड़ी के द्वारा बीएसपी सांसद कुँवर दानिश अली के विरुद्ध कहे गए अशोभनीय और असंसदीय शब्दों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस हरकत से पूरे देश को कलंकित होना पड़ा है। कहा कि लोकतंत्र का मरकज समझी जाने वाली संसद के आधुनिक भवन में अल्पसंख्यक संप्रदाय के एक सांसद के साथ जो घटना घटी, उससे देश का हर नागरिक आहत है, ऐसे घटिया, अलोकतांत्रिक, असंसदीय, और धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों का इस्तेमाल करने वाले संसद के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए उन्हों ने कहा कि हमें लगता है कि उक्त सांसद ने न केवल दनिश अली लिए ये शब्द कहे हैं, बल्कि उन्होंने पूरे मुस्लिम समुदाय के प्रति अपनी घृणित सोच का परिचय दिया है।

कार्यक्रम किशनगंज एवम आसपास के कलवार समाज के लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया

कलवार समाज ने की भगवान बलभद्र एवं सहस्त्र अर्जुन की पूजा साथ ही समाज की एकजुटता पर दिया गया जोर

किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)। हर साल की तरह इस साल भी कलवार संवर्गीय सेवा ट्रस्ट की ओर से भगवान बलभद्र एवं सहस्त्र अर्जुन की पूजा रविवार को शहर के केल्टेक्स चौक पुरबपाली रोड स्थित तेरापंथ भवन में किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और भगवान बलभद्र एवं सहस्त्र अर्जुन के चरणों में मत्था टेका और सुख समृद्धि की कामना की। वहीं दीप प्रज्वलित कर स्वजातीय सम्मेलन कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विधानपार्षद डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, समाज के अध्यक्ष धनंजय जायसवाल, पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेश भगत, डॉ शिव कुमार, डॉ संजीव चौधरी, डॉ एस एस भारती, डॉ प्रभाकर कुमार, डॉ गजेन्द्र कुमार आदि ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर कलवार संवर्गीय सेवा ट्रस्ट के सभी ट्रस्टियों का विधानपार्षद डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विधानपार्षद डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने सभी को बलभद्र एवं सहस्त्र अर्जुन पूजा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कलवार समाज के एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि कलवार समाज आपस में मिलजुल कर व्यापक स्तर पर बढ़िया काम कर रहा है और समाज ने भवन के लिए जमीन खरीदा है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों के सहयोग से भवन भी जल्द बने इसकी कामना करता हूं। अगले साल बलभद्र पूजा अपने समाज के जमीन पर हो इसके लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। जहां तक हो बन्द पड़े भवन निर्माण में सहयोग देकर इस कार्य को पूरा किया जाए। विधानपार्षद डॉ जायसवाल ने कहा कि वे भी हर वक्त समाज के अच्छे कार्यों में हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। वहीं शहर के प्रसिद्ध फिजिशियन डॉ शिव कुमार ने अपने संबोधन में विधान पार्षद डॉ दिलीप कुमार जायसवाल के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की और कहा की आप समाज के गार्जियन है और आपके देखरेख में समाज आगे बढ़ रहा है और आगे जो भी समाज का लक्ष्य है वह आपके नेतृत्व में पूरा होगा। कार्यक्रम में मंच संचालन कर रहे अध्यक्ष धन्नजय जायसवाल ने समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की । साथ ही आने वाले दिनों में प्रस्तावित कार्यों को सभी के सामने रखा। इसके अलावा सभी वक्ताओं ने समाज के एकजुटता पर बल दिया। इस अवसर पर भजन संध्या कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। जिसमें समाज के लोगों ने जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम में किशनगंज के अलावा दालकोला, कानकी, इस्लामपुर आदि जगहों से समाज की महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए।

प्रकृति पर्व करमा का ग्रामीण क्षेत्रो में धूम धाम से मना रही है

दैनिक शुभ भास्कर, बिरनी/गिरिडीह। बिरनी प्रखंड में धूमधाम से भाई बहन के अटूट रिश्ते और प्रकृति प्रेम का लोक पर्व करमा की धूम ग्रामीण क्षेत्रो में सोमवार को खूब दिखी।ग्रामीण क्षेत्र में करमा के अवसर पर पूजन स्थल पर करमा के डाल को गाड़कर उसे करीने से सुसज्जित किया गया ।करम डाल के इर्द गिर्द समूह बनाकर नाचती युवतियां एवं ग्रामीण महिलाएं प्रकृति प्रेम के साथ लोक संस्कृति को भी दर्शाती है।उनकी गीतों में माटी की सोंधी खुशबू होती है।संध्या से ही पूजन शुरू हुआ जो रात भर चली।सुबह सुबह करम डाल को उखाड़कर पारम्परिक गीतों के साथ जलाशयों में प्रवाहित किया गया।करमा पर्व के मौके पर सुहागिनों एवं बहनों ने व्रत रखा।घरों में पूवे पकवान बने।जगह जगह लोक संस्कृति पर नृत्य के भी आयोजन किये गए।कही कही डीजे के भी कानफाड़ शोर सुनाई दिए तो कहीं मांदर की थाप।कहीं कहीं महिलाओं के द्वारा गायी जाने वाली पारम्परिक गीतों की सोंधी खुशबू एवं कर्णप्रिय बोल मन को बरबस आकर्षित करते थे।

28 सितम्बर को प्रातः मंदार क्षेत्र में भगवान वासुपूज्य स्वामी की रथयात्रा निकाली जायेगी

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बौंसी। जैन धर्म का सबसे बड़ा और पवित्र त्यौहार दशलक्षण महापर्व भक्ति-भाव पूर्वक मंदारगिरी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र में मनाया जा रहा है। इस क्रम में देशभर से जैन तीर्थयात्रियों का आगमन भी हो रहा है। वहीं 28 सितम्बर को प्रातः मंदार क्षेत्र में भगवान वासुपूज्य स्वामी की रथयात्रा निकाली जायेगी। जिसकी तैयारी मंदारगिरी जैन कमिटी के क्षेत्र प्रबंधक पवन कुमार जैन के नेतृत्व में जोर-शोर की जा रही है। सोमवार को श्री दिगम्बर जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व के सातवें दिन उत्तम तप धर्म की आराधना की गई। सुबह भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक, शांतिधारा किया गया। इसके पश्चात जैन श्रद्धालुओं ने विधिवत नित्य नियम पूजा-पाठ और दशलक्षण धर्म पूजा आदि धार्मिक अनुष्ठान किया गया। कार्यक्रम की शुरआत विभिन्न मंत्रोच्चारण से की जाती है। उत्तम तप धर्म के बारे में क्षेत्र प्रबंधक पवन कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म के अनुसार, आत्मा अमूर्त है अर्थात रूप, गंध, स्वाद और रंग से रहित है। हमारी आत्मा इस संसार में भ्रमण करती रहती है और कष्ट भोगती रहती है। उत्तम तप हमें सिखाता है कि कैसे हम अपने प्राचीन अनंत जन्मों में अर्जित कर्मों को उपभोग या नष्ट कर सकते हैं और नए कर्म भी नहीं बंधते हैं और हम मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं। जो लोग क्रोध, घृणा और अन्य भावनाओं के बिना शत्रुओं और मित्रों में समान भावना रखते हैं, उनके पास सर्वोच्च तपस्या है जो अंततः जन्म और मृत्यु के चक्र को समाप्त करने की कुंजी है। शुद्धात्म स्वरूप की प्राप्ति हेतु मन, वचन, काय से इच्छानिरोध करना, अन्तरंग और बाह्य तप का पालन करना ही उत्तम तप है मानसिक इच्छायें साँसारिक बाहरी पदार्थों में चक्कर लगाया करती हैं, अतः शरीर को प्रमादी न बनने देने के लिये बहिरंग तप किये जाते हैं और मन की वृत्ति आत्म-मुख करने के लिये अन्तरंग तप किये जाते है।

ख़ास ख़बर

नगर कोतवाल ने छात्राओं को किया जागरूक

शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर। नगर के लखमीपुर स्थित मिलान फाउंडेशन संस्था की लगभग 2 दर्जन से अधिक छात्राएं दिन रविवार को मुगलसराय कोतवाली पहुंची वह नगर कोतवाल से कुछ विशेष जानकारी पर चर्चा की जैसे कि दहेज लेने वह देने से संबंधित,छात्राएं अपनी सुरक्षा कैसे करें सहित अन्य बातों पर की चर्चा,इस बाबत नगर कोतवाल दीनदयाल पांडेय ने उक्त छात्राओं को काफी विस्तार से सारी बातें समझा कर जागरूक किया।नगर कोतवाल ने बताया कि अगर कोई आपको फोन कर कहता है कि आपकी लॉटरी लगी है और फोन पर आए हुए ओटीपी को बताइए तो कभी भी ओटीपी को न बताएं अगर बार-बार कोई आपकी परेशान करता है तो तत्काल कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दें। हमारी पुलिस सदैव आप लोगों की सेवा हेतु तत्पर है।वही नगर कोतवाल की बताई हुई बातों से छात्राएं संतुष्टि दिखी।

सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चलाया जा रहा चेकिंग अभियान

शुभ भास्कर, चंदौली। जनपद में स्थित बैंकों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार के निर्देशानुसार चन्दौली पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा बैंकों व उसके आसपास सघन चेकिंग हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है,अभियान के क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपनें सर्किल के थाना क्षेत्र व थाना/चौकी प्रभारियों सहित चेकिंग हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी बैंक/पोस्ट ऑफिस/ग्राहक सेवा केंद्र,एटीएम व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों/सर्राफा बाजार एवं उसके आसपास संदिग्ध व्यक्ति,वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। चेकिंग के दौरान बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों,अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरों को चेक किया जा रहा कि वे सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं या नही। शाखा प्रबंधक से सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में वार्ता कर आवश्यक निर्देश दिए जा रहे,थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंकों के आसपास व प्रमुख स्थलों पर संदिग्ध बाइक सवारों व वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है। दौरान चेकिंग वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर सम्बन्धित के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की जा रही,बिना नंबर और गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।बैंक डयूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक डयूटी करने हेतु निर्देश दिये जा रहे। बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने सहित अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों से पूछताछ करने के साथ ही हिदायत देते हुए बैंक परिसर से बाहर हटाया जा रहा है।

दो पशु तश्कर चापड़ के साथ गिरफ्तार

चहनियां।चंदौली। बलुआ थाना क्षेत्र के लक्ष्मणगढ़ में चेकिंग के दौरान बलुआ पुलिस ने दो पशु तश्कर को गिरफ्तार किया है । उसके पास से चापड़ भी बरामद हुआ है । पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया । पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देश पर चलाये जा रहे चेकिंग अभियान में बलुआ इंस्पेक्टर के निर्देशन में रविवार की रात्रि में लक्ष्मणगढ़ चौराहे पर से गोबध के लिए एक पिकअप पर ले जा रहे दो पशु को बरामद किया । पिकअप पर लाद कर ले जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है । उनके पास से चापड़ व चाकू भी बरामद हुआ है । इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि सूरज कुमार व गुड्डू कुमार दोनो ग्राम भिखारीपुर ,कोतवाली सैदपुर ,जनपद गाजीपुर के रहने वाले है । गिरफ्तार करने वाले टीम में एसआई मनीष कुमार सिंह,का0 प्रदीप कुमार सिंह,विजय नाथ यादव,होमगार्ड जितेंद्र मौर्य मौजूद थे ।

नौकरी के नाम पर फर्जीवाडा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 7 धराए

शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल। चन्दौली से है जहां जनपद पुलिस अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए अभियान चला रही है. इसी तरह क्रम में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं को फर्जीवाड़ा करके अपने जाल में फंसाने वाले अन्तर्प्रान्तीय गिरोह का जनपद चन्दौली पुलिस ने भण्डाफोड़ कर दिया है. साइबर सेल टीम व थाना अलीनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है. अभियुक्तों के पास से बड़ी संख्या में फर्जी नियुक्ति पत्र बरामद हुए हैं. विदित हो कि अन्तर्प्रान्तीय गिरोह द्वारा अब तक उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार, झारखण्ड के युवाओं को बड़ी संख्या में अपना शिकार बनाकर लाखों रुपये की ठगी की जा चुकी है. इस तरह मिल रहे लगातार इनपुट को ध्यान में रखते हुए क्षेत्राधिकारी क्राइम आशुतोष के नेतृत्व में साइबर सेल व थाना अलीनगर की पुलिस टीम द्वारा यह गिरफ्तारी व बरामदगी की. खुलासा व गिरफ्तारी करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा पुरुस्कार देने की घोषणा की गई है. बता दें कि 15 सितम्बर को चन्दौली जिले के अमित यादव, सुनील यादव, पंकज कुमार यादव, प्रमोद कुमार यादव, शिवा यादव, दीपू यादव, विपीन यादव, चन्द्रजीत यादव, आदित्य नरायन समेत अन्य युवकों द्वारा नौकरी के नाम फर्जीवाड़े की लिखित सूचना दी थी. जिसमें बताया कि 2021 दिसम्बर से ही SSC, N.T.P.C, एग्रीकल्चर विभाग झारखण्ड मे नौकरी दिलाने के नाम पर 22 लाख रुपये सैयदराजा निवासी अभिषेक पाण्डेय, मेढ़ी निवासी ऋषि यादव, कुरहना निवासी सौरभ पाण्डेय, नोएडा निवासी अमनदीप उर्फ रोहन द्वारा लिए गए. इसके बदले फर्जी N.T.P.C लिमिटेड का ज्वाइनिंग लेटर थमा दिया. इस बाबत अलीनगर समेत अन्य थानों में मुकदमा भी दर्ज था. मामले का खुलासा करते हुए एसपी डा अनिल कुमार ने बताया कि सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने छापेमारी करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया. पूछताछ में पता चला कि नौकरी के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले एक गिरोह है. जिसका मुख्य सरगना प्रमोद कुमार मण्डल है, तथा अभिषेक पाण्डेय उसका सहायक हैं. ये लोग उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में जरूरत मन्द लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर पैसे ऐंठ लेते हैं. इसके बदले बेरोजगार युवाओं को विभिन्न विभागों के विभिन्न पदों के फर्जी नियुक्ति पत्र प्रदान करते हैं. इनलोगों के द्वारा इस कार्य के लिये अलग अलग जगहों पर अलग अलग पदाधिकारी नियुक्त किये जाते हैं, जो जनता का विश्वास प्राप्त करते हैं. तथा युवाओं को भ्रम में रखकर सरकारी नौकरी दिलाने के लिये पैसा लेते हैं. ठगी से जो पैसा प्राप्त होता है. उसको प्रमोद कुमार मण्डल व अभिषेक पाण्डेय को भेजते हैं. गिरोह का मुख्य सरगना प्रमोद कुमार मण्डल ही हैं। उनके नीचे सहायक के रूप में अभिषेक पाण्डेय हैं तथा अमनदीप उर्फ रोहन, अनिकेत राघव , सौरभ पाण्डेय, ऋषि यादव तथा दीपक राणा स्थानीय पदाधिकारी हैं. ये लोग घूम-घूम कर नेटवर्किंग के माध्यम से अपने स्थानीय कर्मचारी नियुक्त करते हैं. जिनके माध्यम से लोगों से धोखाधड़ी करते हैं.इन लोगों को जो भी पैसा मिलता है उसमें प्रमोद कुमार मण्डल द्वारा हिस्सेदारी तय की जाती है. गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली टीम को एसपी ने 25 हजार रूपए इनाम देने की घोषणा की है।

चकिया में सपा का हल्लाबोल, गांधी पार्क चौराहे पर किया चक्काजाम

चंदौली। समाजवादी पार्टी चकिया विधानसभा इकाई की ओर से सोमवार को चकिया के गांधी पार्क में क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के विरोध में नारेबाजी की और जिलाधिकारी के नाम संबोधित 11 सूत्री मांग पत्र उप जिलाधिकारी कुंदन राज कपूर को सौंपा। चेतावनी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन अगर मांगों पर विचार नहीं करती है, तो आगे का आंदोलन उग्र होगा।इसके लिए शासन और प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि चकिया में स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में डॉक्टर कर्मचारी व दवा का अभाव है। समय पर कोई इलाज नहीं है। जहां उसकी समुचित व्यवस्था हो सके। पूर्व सांसद रामकिशुन ने कहा कि चकिया विकासखंड बहुत से ऐसे गांव हैं:जहा 40 प्रतिशत धान की रोपाई का कार्य पानी के अभाव में नहीं किया जा सका है। इसे साफ जाहिर होता है कि यह सरकार किसान विरोधी है किसानों को बिजली नहीं मिल रहा है।इससे किसानों को परेशानी हो रही है। बिजली 2 घंटे कभी 3 घंटे से ज्यादा मिल ही नहीं पा रही है। कहीं कहीं तो यह हालात है कि ट्रांसफार्मर महीनों से खराब पड़े हुए हैं।भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। विधायक प्रभु नारायण यादव ने कहा कि सरकार पूरी तरह से किसान विरोधी, नौजवान विरोधी, व्यापार विरोधी, आमजन विरोधी है। जहां यह सरकार किसानों के हितैषी बनती है, वही एक तरफ पूरे पूर्वांचल में 60 प्रतिशत पानी की वजह से धान की रोपाई अभी तक नहीं हो पाई है। वही सुबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने सदन में कहा था मैं इसकी जांच कराऊंगा। वही धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद एसडीम पहले से सुनिश्चित समय पर न पहुंचने पर विधायक प्रभु नारायण यादव आक्रोशित हो गए। सपा के बड़े नेताओं तथा कार्यकर्ताओं के साथ गांधी पार्क तिराहे पर सड़क जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही एसडीएम मौके पर पहुंच गए और समझा बूझकर धरना को समाप्त कराया। इस दौरान पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार एडवोकेट, पूर्व विधायक पूनम सोनकर, जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, विधानसभा अध्यक्ष प्रभु नारायण सिंह यादव, विधानसभा महासचिव मुस्ताक अहमद खान, जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव, बब्बन सिंह यादव, रामलाल यादव, दशरथ सोनकर, अरुण यादव ,गुड्डू पटेल, कमलेशपति कुशवाहा, अश्वनी सोनकर ,संतोष यादव, नफीस अहमद गुड्डू , चंद्रशेखर यादव, विजय यादव एडवोकेट, अजय शेखर मुन्ना भास्कर, रामकृत एडवोकेट उपस्थित रहे।

व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को पत्रक सौंपा

चन्दौली। जिलाधिकारी चन्दौली कार्यालय पर सोमवार को सैयदराजा व्यापार मंडल के युवा महामंत्री मोहित केसरी के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से मुलाकात कर सैयदराजा नगर रेलवे गेट नंबर 72 B पर बंद पड़े FOB का कार्य शुरु करने के लिए पत्रक सौंपा l व्यापार मण्डल के युवा अध्यक्ष अंकित जायसवाल ने बताया कि की सैयद राजा नगर पंचायत रेलवे गेट नंबर 72 B पर बिना फुट ओवर ब्रिज बनाए दीवाल खड़ा कर दिया गया है 1 अप्रैल 2023 को पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया की फुट ओवर ब्रिज के बिना आए दिन दुर्घटना हो रही है और 5 अप्रैल 2023 को सैयादाराज व्यापार मंडल के द्वारा अनशन रेलवे गेट नंबर 72 B पर किया गया l लगभग 8 घण्टे अनशन पर बैठने के बाद 8 घंटे आंसर बैठने के बाद मौके पर पहुंचे डीएफसीसी अधिकारी सन्तोष झा,उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह , क्षेत्रा अधिकारी चन्दौली रामवीर सिंह , सैयदराजा थाना अध्यक्ष शेषधर पांडे ने पहुंचकर तीन माह का आश्वासन देकर अनशन को समाप्त कराया कुछ दिनों तक फुट ओवर ब्रिज का काम चला उसके बाद कार्य धीमी गति से होने लगी लगभग एक माह से कार्य पुनः बंद हो गया है लेकिन लगभग 6 माह बीत जाने के बाद भी फुट ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं हो पाया l FOB के नहीं बनने से रेलवे क्रॉसिंग पार करने में कई लोगों की जान चली गई l दुर्गा पूजा आने को है और रेलवे क्रॉसिंग दो बाजारों को जोड़ने वाली है दुर्गा पूजा में 3 दिन का मेला लगता है लगभग प्रतिदिन 20000 लोगों को आना-जाना होता है।

मां दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर हुआ विचार-विमर्श

धानापुर। क़स्बा स्थित मिश्रान टोला शारदीय नवरात्र में होने वाले दुर्गा पूजनोत्सव को लेकर को लेकर धानापुर मिश्रान टोला में काली मंदिर के चबूतरे पर हिंद स्टारक्लब गोल्डन मार्केट द्वारा एक बैठक रविवार को सुशील मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा को सकुशल सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया. बैठक में मां दुर्गा की प्रतिमा व पूजा पाठ के साथ पूजा की तैयारियों व लाइटिंग आदि सहित अन्य बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श हुआ और कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने सभी मुद्दों पर क्रमशः अपनी अपनी राय रखी एवं सभी लोगों ने एक स्वर में दुर्गा पूजा को पिछली बार की तुलना में और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित तरीके से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में बड़ी संख्या में कमेटी के सदस्य मौजूद रहे इस दौरान कमेटी के संरक्षक और अध्यक्ष द्वारा सभी से शारीरिक और आर्थिक सहयोग के लिए गुजारिश की गई। इस दौरान मुख्य रूप से कमलाकांत मिश्रा,हरिहर सिह,जयप्रकाश सिंह, पप्पू यादव, जंगली बिन्द,नेहुली, निक्कू श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा,चंदन मिश्रा,दिनेश मिश्रा,सर्वेश मिश्रा, शुभम सिह,अभिषेक सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

स्वामी प्रसाद मौर्य का किया गया पुतला दहन

शुभ भास्कर, चंदौली। जनपद के धानापुर में राष्ट्रीय परशुराम सेवा संघ द्वारा स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन किया गया। संगठन के अध्यक्ष बम बम दुबे ने बताया कि स्वामी प्रसाद मौर्य के इन बेतुके बयानों की हम घोर निंदा करते हैं और इसका विरोध लगातार करते रहेंगे। गौरतलब है कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य रामचरित्र मानस और तमाम तरह के ब्राह्मण विरोधी बयानों को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं इसी को लेकर ब्राह्मण संगठनों में उनके खिलाफ काफी रोस है और ब्राह्मण संगठन लगातार अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं इसी क्रम में पीएसएस के कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला दहन किया और उनके प्रति नाराजगी जाहिर की। पुतला दाहन में बम बम दुबे, विजय उपाध्याय, मिंटू, आशु तिवारी, सत्यम उपाध्याय, आदित्य दुबे आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से शामिल रहे।

गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

चहनियां। चंदौली। बलुआ थाना क्षेत्र के टाण्डाकला बाजार में रविवार को गांजा बेच रहा अभियुक्त को मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से 550 ग्राम गांजा बरामद हुआ । पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया । पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के क्रम में बलुआ इंस्पेक्टर को मुखबीर से सूचना मिली की टाण्डाकला में एक ब्यक्ति गांजा बेच रहा है । इनके निर्देशन में उपनिरीक्षक अश्विनी कुमार राय,हेड कांस्टेबल संजय कुमार सिंह व पद्मदेव पाण्डेय ने टाण्डाकला रामजानकी मन्दिर कुटिया से गांजा बेच रहे ब्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से झोले में 550 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है । बलुआ इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मनीष सिंह उर्फ दारा नाथुपुर का रहने वाला है । इसके ऊपर बिधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है ।

विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर हुई संगोष्ठी

चन्दौली/डीडीयू नगर। ईस्ट सेंट्रल रेलवे डी डी यु मंडल के समस्त फार्मासिस्टो द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर एक सेमिनार मंडल अस्पताल के सभा कक्ष मे आयोजित किया गया,जिसका विसय_"फार्मासिस्ट स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत कर रहे है "कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. एल सांगा रहे। इन्होंने फार्मासिस्ट की उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके कार्यो की सराहना की।इसमे डॉ आर के मिश्र ने फार्मासिस्ट के कार्यो को सराहा और विगत आने वाले वर्षो मे फार्मासिस्ट के योगदान की चर्चा किये।डॉ.आर.पी.सिंह ने भी फार्मासिस्ट के कार्य शैली की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ सी एस झा ने रेलवे की अतिरिक्त ग्रमिण क्षेत्रों मे भी फार्मासिस्ट के योगदान को बताया कि कैसे वो यहाँ भी अपना योगदान देते है। एव फार्मासिस्ट मे एस सेठी ने फार्मासिस्ट के कार्यो की व्याख्या की और भविष्य मे कि तरह से योगदान दे सकते है उस पर भी विचार प्रस्तुत किया।

कार्यशाला दवा विक्रेताओं की मीटिंग और शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया गया

दवा विक्रेताओं का भारत निर्माण में अमूल्य योगदान हैः रमेश जायसवाल

अशोक कुमार जायसवाल, शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर। पीडीडीयू नगर क्षेत्र के नई बस्ती स्थित एक होटल में रविवार को संगठन की ओर से दवा विक्रेताओं की मीटिंग और शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले के अलावा भदोही ए जौनपुर, वाराणसी, नोयडा, गाजियाबाद से दवा विक्रेताओ ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर मुगलसराय विधानसभा के विधायक रमेश जायसवाल ने दवा विक्रेताओं को विक्रेता भारत के निर्माण में अमूल्य योगदान दे रहे हैं चाहे वह कर की दृष्टि से हो या समाज की दृष्टि से ये दवा विक्रेता भारत के निर्माण में एक बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं केंद्र में हमारी सरकार इनको हर सुख सुविधा देने के लिए तैयार है बशर्ते इनकी तरफको विशेष त्रुटि न हो । संबोधित करते हुए कहा कि दवा के कार्यकर्ता होने के कारण मैं भी की खरीद बिक्री पर चिंता जाहिर समाज के कार्यो में लगा रहता हूं ऐसे में दवा व्यवसायियों को जो भी जरूरत पड़ेगी हमारे प्रदेश की सरकार और केंद्र की सरकार मदद करेगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में चकिया विधायक कैलाश खरवार ने कहा कि दवा व्यवसाई अपना व्यवसाय के साथ साथ लोगों की सेवा करते हैं जो प्रशंसनीय है।इस अवसर पर मंचासीन वक्ताओं ने कहा कि ऑनलाइन सेवा में कंपनी हर दवा को बिना किसी प्रिस्क्रिप्शन के धड़ल्ले से बेच रही है जो गलत हैं। ये बन्द होना चाहिए। इस अवसर नवनीत सिंह, सूरज सिंह, राकेश सिंह, योगेंद्र नाथ दुबे, शैलेंद्र सिंह, दिवाकर, सुधीर अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विकास कुमार सिंह, संतोष उपाध्याय, आशीष जायसवाल, कार्यकारिणी सदस्य जनार्दन मौजूद रहे।

सांसद रमेश विधूड़ी का बयान अमर्यादित- सोहेल खान

सकलडीहा। चंदौली क्षेत्र के तारापुर सोहेल खान की आवाज पर ऑल इंडिया मजलिस्ट ए एतेहादुल मुस्लेमीन की बैठक सोमवार को हुई इसमें लोकसभा चुनाव मजबूती से लड़ने पर चर्चा किया गया एआईएमआईएम नेता सोहेल खान ने कहा कि 2 दिन पहले संसद में जो हुआ वह इतिहास के पन्नों में दर्ज होना चाहिए रमेश द्वारा लोकसभा में अमरोहा से सांसद कुंवर दानिश अली को उग्रवादी मूले आतंकवादी जैसे शब्दों से संबोधित करना यह दर्शाता है कि भाजपा के सांसद रमेश की भाषा अनपढ़ गवार गली के गुंडा की तरह है जिसका एआईएमआईएम पार्टी पूरे जोर के साथ बिरोध करता है लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से यह मांग किया जाता है कि रमेश को तत्काल निलंबित किया जाए आजीवन चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाया जाए ऐसी भाषा बोलकर भाजपा क्या संदेश हिंदुस्तान के आवाम को देना चाहती है जो कल तक जो चुनावी सभा में कपड़ों से पहचान की बात करते थे।

पंडित दीनदयाल जी ने अंत्योदय जैसा दर्शन समाज को दिया है, इसी सूत्र पर भाजपा कार्य करती है : काशीनाथ सिंह

शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल चंदौली/पीडीडीयू नगर। खबर जनपद चंदौली से है जहां सोमवार को पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भारतीय जनता पार्टी मंडल दीनदयाल उपाध्याय नगर के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने दीनदयाल जी की पुण्यस्थली सहित परमार कटरा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन करके भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह व स्थानीय विधायक रमेश जायसवाल की उपस्थिति में मनाया ।इस कार्यक्रम में उपस्थित चंदौली के भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि " दीनदयाल जी ने अंत्योदय जैसे दर्शन समाज को दिया है इसी सूत्र पर भाजपा कार्य करती है । अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को विकास व राष्ट्र की मुख्यधारा में जोड़ने से ही देश का सर्वांगीण विकास संभव है । " कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय विधायक रमेश जायसवाल जी ने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि " दीनदयाल जी कार्यकर्ताओं के प्रति जितने सरल और व्यवहारिक रहे, उतने ही अनुशासन प्रिय व्यक्तित्व भी रहे हैं। हम सभी को उनकी पुस्तके पढ़नी चाहिए एवं उनके सिद्धातों का अनुकरण करना चाहिए।" इस मौके पर उपस्थित किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा का " सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास " जैसा महामंत्र दीनदयाल जी की विचार धारा से ही प्रेरित है । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह, विधायक रमेश जायसवाल, राणा प्रताप सिंह, अनिल गुप्ता गुड्डू, सुधीर घोष, सतीश चौहान, आलोक सिंह, आशा, महेंद्र पटेल, भानू तिवारी, सुनील शर्मा, रमेश चौहान, प्रभु यादव, राशिद, रोशन, विकास, विकेश मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।